पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
बिलासपुर,गुरुवार, 16 नवंबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –197 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु






# वादा है फिर निभाएंगे



पहले की तरह इस बार भी किसानों का कर्ज माफ होगा

अब 20 क्विंटल धान खरीदी 3,200 रु की दर से

KG से PG तक मिलेगी नि:शुल्क शिक्षा

17.5 लाख परिवारों को मिलेगा आवास

तेंदूपत्ते का प्रति बोरा 6000 रु और 4000 रु सालाना बोनस

अब 10 लाख रु तक का मिलेगा मुफ्त इलाज

भूमिहीनों कृषि मजदूरों को मिलेंगे 10,000 रु प्रतिवर्ष

तिवरा भी समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा

जातिगत जनगणना कराएंगे

सड़क एवं अन्य आकस्मिक दुर्घटनाओं पर नि:शुल्क इलाज

गृहलक्ष्मी योजना में महिलाओं को मिलेंगे प्रतिवर्ष 15,000 रु

200 यूनिट मिलेगी बिजली फ्री

गैस सिलेंडरों पर 500 रु सब्सिडी महिलाओं के खातों में

अब सभी सरकारी स्कूल बनेंगे स्वामी आत्मानंद स्कूल

लघु वनोपजों की MSP पर मिलेंगे अतिरिक्त 10 रु प्रति किलो

स्व-सहायता समूहों का भी होगा कर्जा माफ

युवाओं को उद्योग, व्यवसाय हेतु ऋण में 50% सब्सिडी

700 नए RIPA का होगा निर्माण

परिवहन व्यावसायियों के होंगे कर व कर्ज माफ

अंत्येष्टि के लिए लकड़ी का प्रबंध

भरोसा बरकरार फिर से कांग्रेस सरकार

## भरोसा रखिए, पंजा का बटन दबाएं
## कांग्रेस को जिताएं

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी

# चुनाव प्रचार के आखिरी दिन राजनीतिक दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने अपनी ताकत झोंकी

## मुख्यमंत्री की सभा से कांग्रेस में उत्साह तो छजकां ने निकाली मोटरसाइकिल रैली, भाजपा भी पीछे नहीं, हिनासिंह जूदेव ने किया जनसम्पर्क

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 15 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में दूसरे चरण 17 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सभी प्रमुख दलों ने अपनी ताकत झोंक दी । चुनाव प्रचार के अंतिम दिन के ठीक 1 दिन पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कोटा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अटल श्रीवास्तव के पक्ष में पेंड्रा में आयोजित सभा ने जहां कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में उत्साह भर दिया वहीं दूसरी ओर भाजपा की हिना सिंह जूदेव ने अपने पति एवं भाजपा प्रत्याशी प्रबल प्रताप सिंह जूदेव के पक्ष में रैली के साथ घर-घर जाकर जनसंपर्क किया ।चुनाव प्रचार के आखिरी दिन जोगी कांग्रेस भी पीछे नहीं रही।उन्होंने भी गौरेला पेंड्रा में एक बड़ी मोटरसाइकिल रैली का आयोजन कर चुनावी माहौल को गर्मा दिया ।

आज शाम शाम 5.00 बजे के बाद चुनावी शोरगुल थम गया है। अपने-अपने दलों के प्रत्याशी के पक्ष में स्टार प्रचारक को की सभा एवं रैली के बाद





अब सिर्फ राजनीतिक नेता एवं कार्यकर्ता घर-घर जाकर ही जनसंपर्क कर सकेंगे ? इस बात का ध्यान रखते हुए चुनाव प्रचार के आखिरी दिन कोटा विधानसभा क्षेत्र एवं मरवाही विधानसभा क्षेत्र में राजनीति वातावरण दिनभर गरमाया रहा। मरवाही विधानसभा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जे के प्रत्याशी गुलाब राज एवं कोटा विधानसभा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जे की प्रत्याशी डॉ रेणु जोगी के पक्ष में गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के छजकां कार्यकर्ताओं ने विशाल मोटरसाइकिल रैली का आयोजन कर अपने प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश की। वही उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव के के मरवाही दौरे से कांग्रेस नेता उत्साहित रहे जबकि एक दिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कोटमी एवं पेंड्रा में कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सवाल लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह भरने का काम किया। मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री के गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में प्रवास से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साहित होकर घर-घर जाकर अब कार्यकर्ताओं से संपर्क करने में जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा दीपावली के दिन गृह लक्ष्मी योजना महिलाओं के लिए लॉन्च करने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह दिख रहा है और कार्यकर्ता इस योजना को लेकर घर-घर जाकर महिलाओं को बता रहे हैं कि कांग्रेस सरकार आने पर सीधे महिलाओं के खाते में साल में 15000 रुपए आएंगे।

इसी के तहतचुनाव प्रचार के अंतिम दिन कोटा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रबल प्रतापसिंह जूदेव के समर्थन में श्रीमती हिनासिंह जूदेव ने गौरेला नगर में जनसम्पर्क किया इस दौरान उन्होंने भाजपा के घोषणा पत्र के बारे में बताते हुये महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रत्येक विवाहित महिला को 12,000 रुपये वार्षिक सहायता, आयुष्मान योजना में दस लाख तक का मुफ्त इलाज,धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपये में 21 क्विंटल धान की खरीदी,प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ करने,गौरेला पेण्ड्रा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास सहित केंद्र की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भाजपा सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

उन्हीने बताया की प्रबल प्रताप सिंग जूदेव के प्रयासों से पेंड्रारोड़ से बिलासपुर खण्ड के विभिन्न स्टेशनों में कई ट्रेनों का स्टापेज शुरू हो गया है। श्रीमती हिनासिंह ने आशा व्यक्त की इस चुनाव में कोटा का रिकार्ड टूटेगा और भाजपा प्रत्याशी प्रबल प्रताप सिंह जूदेव भारी मतों से विजयी होंगे. इस जनसम्पर्क में भाजपा के जिला,मंडल ,बूथ इकाई के पदाधिकारी सहित अनेक कार्यकर्ता एवं आमजन शामिल थे।

## जिला पुलिस बल का फ्लैग मार्च



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 15 नवंबर (देशबन्धु)। 15.11.2023 को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी व पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा सिंह रावटे, रिर्टनिंग अधिकारी एवं एस.डी.एम अमित बेग, उप पुलिस अधीक्षक मीरा अग्रवाल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्याम सिदार, तथा आई.टी.बी.पी. के 601 व 602 बटालियन के कंपनियों एवं गौरेला, पेण्ड्रा, मरवाही, कोटमी समस्त नगर पुलिस अधीक्षक/उप पुलिस अधीक्षक सहित समस्त थाना प्रभारियों द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों में फ्लैग मार्च निकाला गया।

■ 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था रहेगी चाक चौबंद

फ्लैग मार्च के माध्यम से जीपीएम पुलिस द्वारा अपराधियों व अपराधिक व उपद्रवी तत्वों को विधानसभा चुनाव के दौरान किसी प्रकार के अपराधिक कृत्य में संलिप्त न होने एवं किसी प्रकार के अपराध को बढ़ावा न देने का स्पष्ट संदेश दिया गया है। जीपीएम पुलिस आम जनता के लिए मुस्तैद व सदैव तत्पर है।

## भाईदूज मनाया गया



तखतपुर 15 नवंबर (देशबन्धु)। भाई-बहन के स्नेह और प्रेम का प्रतीक भाई दूज का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। बहनों के घर भाई पहुँचे और उन्हें उपहार देकर बहनों के घर भोजन किये। पांच दिवसीय दीपोत्सव के अंतिम दिन कार्तिक शुक्ल द्वितीया तिथि को भाई दूज का पर्व मनाया जाता है। सुबह से ही भाई अपने बहनों के घर पहुचे ।बहनों ने घर में भाई की तिलक लगाकर आरती उतारी और भोजन कराए ।भोजन के बाद भाइयों ने अपने बहनों को उपहार दिए। कहा जाता है कि इस दिन यमुना ने अपने भाई यम को घर पर आमंत्रित किया था और स्वागत सत्कार के साथ टीका लगाया था, तभी से यह त्योहार मनाया जाता है। इस पर्व को यम द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन भाई को टीका लगाने का सबसे अधिक महत्व होता है। बहनों को भाइयों ने अपने सामर्थ्य के अनुसार उपहार दिए ।बाजार में भी आज भारी भीड़ रही अपने पसंद के अनुरुप उपहार खरीद कर भेंट दिए। देर रात तक भाई अपने बहनों के घर पहुचे और उनके हाथों भोजन किये।

## प्रत्येक नागरिक का पहला धर्म हैं मतदान

**रायगढ़** 15 नवंबर (देशबन्धु)। लोकतंत्र की नींव मताधिकार पर ही रखी जाती है। इस प्रणाली पर आधारित समाज व शासन की स्थापना के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक वयस्क नागरिक को बिना किसी भेदभाव के मत का अधिकार प्रदान किया जाता है। जिस देश में जितने ही अधिक नागरिकों को मताधिकार प्राप्त रहता है उस देश को उतना ही अधिक जनतांत्रिक समझा जाता है। पूर्व विधायक विजय अग्रवाल ने अपील करते हुए कहा कि 17 नवंबर को सभी रायगढ़ विधान सभा के भविष्य के लिए, विकसित व सशक्त रायगढ़ के लिए अपना मतदान अवशय करे।

## भारत निर्वाचन आयोग के विशेष प्रेक्षक पहुंचे रायगढ़, निर्वाचन तैयारियों की ली जानकारी

# पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने कार्ययोजना की ली जानकारी, निर्वाचन से संबंधित दिए विशेष दिशा-निर्देश





**रायगढ़,** 15 नवंबर (देशबन्धु)। विधान सभा आम निर्वाचन-2023 के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त विशेष प्रेक्षक धर्मेन्द्र एस गंगवार, विशेष पुलिस प्रेक्षक अनिल कुमार शर्मा, विशेष प्रेक्षक राजेश टूटेजा, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले एवं कमांडेट चतुर्थ बटालियन रायपुर एवं लाईजनिंग ऑफिसर श्री सूरज सिंह परिहार रायगढ़ पहुंचे। उन्होंने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विधान सभा निर्वाचन तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर जनरल ऑब्जर्वर आईएएस डॉ.रूपांजलि कार्तिक, आईएएस श्री सी.एन.लोंगफाई, आईएएस ससीम कुमार बरई, व्यय प्रेक्षक आईआरएस ओमप्रकाश, आईए एंड एएस पी.सुगेन्द्रन, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर संतन देवी जांगड़े एवं अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे।

विशेष प्रेक्षकों ने बैठक में निर्वाचन के तहत 72 घंटे पूर्व किए गए कार्यों के साथ मल्टी पोलिंग बूथ के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने बताया कि ऐसे स्थानों में क्राउड मैनेजमेंट अति आवश्यक है, जिससे संबंधित मतदाताओं को उनके बूथ के बारे में जानकारी मिल सके। इसके साथ ही तीव्र वोटिंग टर्न आउट के लिए प्लान बनाए। साथ ही ऐसे मतदान केन्द्रों में विजिट करते हुए मूलभुत सुविधाएं सुनिश्चित करें। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के लिए सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। विशेष प्रेक्षक धर्मेन्द्र एस गंगवार ने विधान सभावार लो वोटिंग प्रतिशत के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर गोयल ने बताया कि अधिकतर औद्योगिक क्षेत्रों में वोटिंग प्रतिशत कम है, जिसको बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा स्वीप गतिविधियों के साथ ही इंडस्ट्रियल कैप्टन बनाया गया था और मतदान के लिए उन्हें प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही बच्चों द्वारा अपने पालकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु पत्र लिखा गया है। इसके साथ ही स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। विशेष प्रेक्षक द्वारा सुरक्षा के संबंध में जानकारी ली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार ने बताया कि जिले में विधानसभा वार स्थैतिक निगरानी दल, फ्लाईंग स्क्वाड टीम कार्य कर रही है। जिनके साथ अर्ध-सैनिक बल के जवान भी तैनात है। इसके साथ ही चिन्हांकित शेडो एरिया में कम्युनिकेशन बनाए रखने के लिए कार्ययोजना बनायी गयी है। इस दौरान उन्होंने जिले में किए गए सीजर कार्यवाही की जानकारी लेते हुए आबकारी विभाग को चेक पोस्ट की सतत् निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही एफएसटी के साथ जिले के मदिरा दुकानों को फिजिकल वेरीफाई कर बंद करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त जनरल आब्जर्वर एवं व्यय प्रेक्षकों से कार्यो के संबंध में भी फीडबैक लिए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने कहा कि 17 नवम्बर को मतदान होना है। उन्होंने जिला प्रशासन को अलर्ट रहने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने वोटिंग प्रतिशत की जानकारी प्रदान करने में होने वाली समस्या से अवगत कराते हुए माईक्रो आब्जर्वर को इसके संबंध में ट्रायल देने को कहा।

### पालीटेक्निक में बने मतदान केन्द्र का किया निरीक्षण

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त विशेष प्रेक्षकों द्वारा रायगढ़ के पालीटेक्निक कालेज में बने मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने उपस्थित बीएलओ से चर्चा करते हुए मतदाता पर्ची वितरण एवं केन्द्र के वोटिंग प्रतिशत की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने संगवारी, आदर्श एवं सामान्य मतदान केन्द्र का निरीक्षण करते हुए सभी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली।

### स्वीप गतिविधियों का किया अवलोकन, मतदान के लिए किए अपील

मतदाता जागरूकता हेतु कलेक्टोरेट परिसर में स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया गया था। जिसके तहत अब तक जिले में किए गए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का कोलार्ज पोस्टर, बैनर तैयार किया गया था। इसी तरह परिसर में चुनई चिरई रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया गया। जिसका भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त विशेष सामान्य प्रेक्षकों ने अवलोकन करते हुए जिले में संपन्न हुए स्वीप गतिविधियों की सराहना की। मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने स्वीप कार्यक्रम के तहत बनाये गये मिलेट्स केक काटकर एवं हस्ताक्षर अभियान में शामिल होकर मतदाताओं से मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

प्रथम पृष्ठ का शेष

## जम्मू कश्मीर के डोडा में ...

कर रही थी। तीनों बसों में आगे निकलने की होड़ मची थी। इसी बीच यह बस बेकाबू होकर खाई में गिर गई और बड़ा हादसा हो गया। हादसे के बाद बचाव अभियान का एक वीडियो भी सामने आया है। दर्दनाक हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दुख जताया है। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने भी हादसे दुख प्रकट किया है।

## प्रदेश में नई सरकार बनते ही ...

लिए उच्च स्तरीय शिक्षा का प्रबंध किया। बीजेपी के लोगो को इंग्लिश मीडियम में पढ़ने का विरोध तो करते है पर उनके खुद के बच्चे अंग्रेजी माध्यम में पढ़कर लाखो रुपये प्रति माह अर्जित कर रहे है। उन्होंने कहा हम छग को आगे बढ़ाने में कोई कसर नही छोड़ेंगे। हमारी सरकार में धान का सर्वोच्च दाम 32 सौ रुपये प्रति क्विंटल दिया जाएगा। केजी से लेकर पीजी तक कि मुफ्त शिक्षा देंगे। छग में नई सरकार बनते ही सभी को गैस के सिलेंडर में 500 रुपये की छूट मिलेगी साथ ही उन्होंने 2024 में दिल्ली में सरकार बनने पर छग राज्य में 2से 3 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट खोलने की बात कही ताकि यहा के किसानों की पैदावार को उचित दाम और बड़ा बाजार मिले। नरेंद्र मोदी की सरकार जितना पैसा अडानी जैसो को देंगे हम उनसे ज्यादा पैसा अपने किसानो मजदूरों को देंगे। वो हमें गालियां देते है हम काम करते है। आज देश मे 50 प्रतिशत लोगो की आबादी ओबीसी वर्ग से आती है मैने जब जातिगत जनगणना की जब बात की तो उन्होंने मुझे गालियां देना शुरू कर दिया। नरेंद्र मोदी पहले कहते थे कि मैं ओबीसी हु अब कहते है देश मे कोई जाति नही है देश गरीबो का है। आज देश को 90 अफ्सर चलाते है इन अफ्सरों में मात्र 3 अफ्सर ओबीसी वर्ग से आते है। वही 90 लोग देश का बजट बनाते है मैंने जब पूछा कि कितने दलित कितने आदिवासी कितने ओबीसी है तो हिंदुस्तान की सरकार से कोई जवाब नही आया। आज देश के 50 प्रतिशत लोगो के पास 100 रुपये में सिर्फ5 रुपये का निर्णय लेने की स्थिति बनी है। इसलिए छत्तीसगढ़ में अगली सरकार बनते ही जातीय जनगणना होगी और ओबीसी के लोगो के साथ उनकी संख्या के हिसाब से अधिकार मिलेंगे। उन्होंने गृह लक्ष्मी योजना की बात करते हुए कहा हमारी सरकार बनते ही हम प्रदेश की सारी माताओ बहनो को 15 हजार रुपये सालाना देंगे। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही फिर से किसानों का कर्जा माफकरेंगे। आज की सभा मे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने संबोधित किया उन्होंने बलौदाबाजार के लोगो से जिले की तीनों सीट कांग्रेस पार्टी की जितवाने की अपील की। सभा को शैलेश नितिन त्रिवेदी, सुरेन्द्र शर्मा, सीमा वर्मा, सुशील शर्मा, इन्द्र साव, संदीप साहू, विद्याभूषण शुक्ल, राकेश वर्मा आदि ने भी सम्बोधित किया। आभार प्रदर्शन पूर्व विधायक जनकराम वर्मा ने किया। सभा का संचालन जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने किया। राहुल गांधी के साथ पीसीसी प्रभारी कुमारी शैलजा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, चंदन यादव, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के नेता एवम कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अगर झूठ बोलने की कोई यूनिवर्सिटी होती ...

कहा था कश्मीर से धारा 370 खत्म करेंगे और गृहमंत्री अमित शाह ने इसे खत्म करके दिखाया। देश में पंडित जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी प्रधानमंत्री रहे इन्होंने कभी भी राम मंदिर बनाने प्रयास नहीं किया क्योंकि उनको डर था कहीं अकबर, बाबर, औरंगजेब नाराज नहीं हो जाए। भूपेश बघेल बोले थे शराब बंदी करेंगे वो भी गंगाजल की कसम खाकर पर नही किया। महादेव एप में 508 करोड़ रूपए लूट लिया। छत्तीसगढ़ की जनता चुनाव में हिसाब लेगी उसके बाद महादेव हिसाब लेंगे। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत परिवार की प्रत्येक विवाहित महिला को 12,000 रूपया प्रति वर्ष उनके खाते में जमा कर दिए जाएंगे। किसानों के लिए 21 चिंटल प्रति एकड़ 3,100 रूपए में खरीदेंगे। 500 रूपये में गैस सिलेंडर मिलेगा और 25 दिसंबर को पूज्य अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्मदिन सुशासन दिवस के दिन किसानों को 2 वर्ष का बोनस दिया जाएगा। आप सभी को मैं और टंकराम वर्मा मां कामाख्या के दर्शन कराएंगे और मोदी जी और छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने पर भव्य रामलला के दर्शन हमारी भाजपा की सरकार कराएगी इसकी भी घोषणा हमारे संकल्प पत्र में हैं। बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी टंकराम वर्मा ने कहा कि 17 तारीख को कमल फूल छाप पर बटन दबाकर भारतीय जनता पार्टी को जिताना है। जनसभा में भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी, प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, पूर्व विधायक श्रीमती लक्ष्मी बघेल, प्रवासीय प्रभारी संजय सरावगी, पूर्व विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े, प्रभारी राजेश अवस्थी, महामंत्री कृष्णा अवस्थी, चुनाव संचालक विजय केशरवानी, भाजपा नेता टेसुलाल धुरंधर, सुरेंद्र टिकरिहा, कार्यक्रम प्रभारी रेवाराम साहू, राम पंजवानी, नपा अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जपं अध्यक्ष श्रीमती सुमन वर्मा, कुशल वर्मा, धनंजय साहू, श्रीमती अदिति बघमार, अशोक जैन, नंदकुमार साहू, श्रीमती नीलम सोनी, नरेश केशरवानी, श्रीमती सुनीता वर्मा, रितेश श्रीवास्तव, आलोक अग्रवाल, पुरुषोत्तम सोनी सहित आमजन एवं पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बडी संख्या में उपस्थित थें।

## जब रावण का अहंकार नहीं रहा ...

सामने हमारी हैसियत क्या है। लेकिन जिन शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं, उससे उनका अहंकार झलक रहा है ।यह बता रहा हैं कि अब उनकी लोकप्रियता ढलान पर है, इस कारण से लगातार सभी विधानसभा में पिछड़ते जा रहे हैं। इसकी बौखलाहट है, जिसके कारण ही वे इस तरह के शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं।

## मतदान दिवस पर संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में सामान्य अवकाश घोषित

**रायगढ़,** 15 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 के लिए द्वितीय चरण में मतदान के लिए मतदान दिवस 17 नवंबर को संबंधित क्षेत्रों में सामान्य अवकाश की घोषणा की गई है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत द्वितीय चरण के लिए 17 नवंबर 2023 को संबंधित 70 विधानसभा क्षेत्रों में सभी शासकीय कार्यालयों एवं संस्थानों में सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। इसके अतिरिक्त निजी संस्थानों/औद्योगिक तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अधिकारी तथा कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश दिए जाने का निर्देश जारी किया गया है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार श्रम विभाग ने विधानसभा निर्वाचन के लिए औद्योगिक, व्यावसायिक तथा अन्य प्रतिष्ठानों में काम करने वाले कर्मचारियों को मतदान दिवस को सवैतनिक अवकाश दिए जाने संबंधी आदेश जारी किया है। आदेश में उल्लेखित है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 151 की धारा 135 (ख) के तहत प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में संचालित औद्योगिक, व्यावसायिक तथा अन्य प्रतिष्ठान इस बात को सुनिश्चित करें कि मतदान दिवस पर कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश दिया जाए। आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश तथा तेलंगाना जहां विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 हेतु मतदान तिथि क्रमशः 17 नवंबर तथा 30 नवंबर को नियत है, उक्त पड़ोसी राज्य के बहुत से मतदाता जो छत्तीसगढ़ में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों/दुकानों, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार/व्यवसाय में नियोजित हैं, ऐसे नियोजित/कार्यरत संबंधितों को भी उनके गृह राज्य के मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन दो-दो घंटे का अवकाश घोषित किया जाए तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना
ई-निविदा सूचना क्रमांकः डब्ल्यूआरएस आर23-24-03-wagonpaintRT, दिनांकः 10.11.2023.
**कार्य का नामः** पूरे वैगन की बॉडी, अंडर फ्रेम और वैगन के संबद्ध घटक की स्क्रबिंग, सफाई और पेंटिंग के साथ-साथ लेटरिंग और स्टेंसिलिंग। **अनुमानित निविदा मूल्यः** ₹ 74,75,220.00. (₹ चौहत्तर लाख पचहत्तर हजार दो सौ बीस मात्र) @ 18% जीएसटी सहित। **मात्रा और संविदात्मक अवधिः** संलग्नक के अनुसार 24 (चौबीस) माह की अवधि के लिए। **बयाना राशिः** ₹ 1,49,500/- (₹ एक लाख उनचास हजार पांच सौ मात्र)। **निविदा प्रपत्रों की लागत** (₹): शुन्य।
**निविदा बंद होने की तिथि व समयः 04.12.2023 को 15.00 बजे। बिड प्रारंभ की तिथिः 20.11.2023. पात्रता मापदंड :** वेबसाइट पर देखा जा सकता है। इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे। निविदा का पूर्ण विवरण हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
उप मुख्य यांत्रिक अभि./डब्ल्यूआरएस
पीआर/आर/डब्ल्यूआरएस/आईपी/181/रायपुर
South East Central Railway @secrail

## कलेक्टर ने की 17 नवम्बर को मतदान करने की अपील

**बलरामपुर** 15 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए 17 नवम्बर 2023 दिन शुक्रवार को प्रातः 08 बजे से मतदान शुरू होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का ने मजबूत लोकतंत्र के लिए जिले के सभी मतदाताओं से निर्भीक एवं निष्पक्ष होकर मतदान करने की अपील की है। इसके लिए 17 नवम्बर 2023 को जिले में शासकीय अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने बताया है कि जिले में शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने आम जनता से अपने मताधिकार का उपयोग कर जागरूक मतदाता होने का परिचय देने को कहा है। कलेक्टर ने कहा कि स्वीप कार्यक्रम के तहत आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान के दौरान आपका सक्रिय सहयोग और अहम भागीदारी से जिला प्रशासन पूर्णतः आश्वस्त है कि आप सभी अपने मतों का उपयोग अवश्य ही करेंगे। आपकी सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सभी मतदाताओं को ब्रोशर और मतदाता पर्ची का व्यापक स्तर पर वितरण किया जा रहा है। साथ ही वरिष्ठ नागरिक व दिव्यांगजनों तथा महिलाओं के सुविधा के लिए कतिपय मतदान केन्द्रों पर 'संगवारी मतदान केन्द्र' स्थापित किये गये हैं।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपना पुराना नाम रूबीना खातून मेवाती पति मोहम्मद आजाद खान मेवाती को बदल कर नया नाम **रूबीना खान मेवाती पति मोहम्मद आजाद खान मेवाती** निवासी मकान नं. एल-6, सफा मस्जिद के पास, यदुनंदन नगर, तिफरा, बिलासपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.) रख ली हूं।

अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अशासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेजों में नया नाम **रूबीना खान मेवाती पति मोहम्मद आजाद खान मेवाती** से जाना एवं पहचाना जावे।

**रूबीना खान मेवाती**
**पति मोहम्मद आजाद खान मेवाती**
**मकान नं. एल-6,**
**सफा मस्जिद के पास,**
**यदुनंदन नगर, तिफरा,**
**बिलासपुर जिला-बिलासपुर**
**(छ.ग.) पिन- 495223**

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपना पुराना नाम जमील खान मेवाती पिता इमाम खान को बदल कर नया नाम **जमील खान पिता इमाम खान** निवासी मकान नं. एल-6, सफा मस्जिद के पास, यदुनंदन नगर, तिफरा, बिलासपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.) रख लिया हूं।

अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अशासकीय/अर्द्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेजों में नया नाम **जमील खान पिता इमाम खान** से जाना एवं पहचाना जावे।

**जमील खान**
**पिता इमाम खान**
**मकान नं. एल-6,**
**सफा मस्जिद के पास,**
**यदुनंदन नगर, तिफरा,**
**बिलासपुर जिला-बिलासपुर**
**(छ.ग.) पिन- 495223**



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
बिलासपुर, गुरुवार, 16 नवम्बर 2023 | वर्ष – 33 | अंक –197 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु




कार्यकर्ता स्वयं को प्रत्याशी मानकर बूथ जीतने के संकल्प को लेकर कार्य करें: तोमर — पृष्ठ 3
■ प्रधानमंत्री का (अ) लोकतांत्रिक चरित्र
■ अमेरिकी और पश्चिमी राजनयिक बांग्लादेश में खुलकर कर ... — पृष्ठ 4
■ इजरायली बलों ने अल-शिफा अस्पताल पर छापा मारा
■ इजरायल ने सीजफायर की पेशकश को खारिज किया — पृष्ठ 9
हमें अपनी भारतीय टीम के कौशल और दृढ़ संकल्प पर पूरा भरोसा है : हरमनप्रीत — पृष्ठ 10

# जम्मू कश्मीर के डोडा में सड़क हादसा, 36 की मौत

- बस में 55 यात्री थे सवार, 19 गंभीर रूप से घायल
- 3 फीट गहरी खाई में गिरी



**जम्मू**, 15 नवम्बर (देशबन्धु)। डोडा में बुधवार को एक यात्री बस के खाई में गिर जाने से 36 लोगों की मौत हो गई। इस घटना में कम से कम 19 अन्य लोग घायल हो गए। जिनमें कुछ की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। चार घायलों को एयरलिफ्ट किया गया है। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। साथ ही पुलिस को भी सूचना दी। घायलों को इलाज के लिए जीएमसी डोडा ले जाया गया है। इनमें से भी कुछ की हालत गंभीर है। ऐसे में मरने वालों का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है।

अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बस संख्या जेके02सीएन-6555 की दुर्घटना में अब तक 36 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और 19 अन्य घायल हुए हैं। यह बटोटे-किश्तवाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर त्रुंगल-अस्सार के पास सड़क से फिसल गई और 300 फीट नीचे गिर गई। उन्होंने आगे कहा कि फिलहाल बचाव अभियान जारी है। शवों को बरामद किया गया है।

**ओवरटेक करते समय हुआ हादसा**

शुरुआती जानकारी में पता चला है कि यह बस 42 सीटर थी, लेकिन इसमें 55 यात्रियों को बिठाया गया था। बस रास्ते पर दौड़ते हुए दो अन्य बसों को ओवरटेक ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## इटावा में चलती ट्रेन में आग लगी

- नई दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस का एक कोच पूरी तरह जला
- यात्रियों ने कूदकर बचाई अपनी जान

**इटावा**, 15 नवम्बर (एजेंसियां)। इटावा में बुधवार को नई दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस (02570) में आग लग गई। ट्रेन का एस-1 कोच पूरी तरह जल गया। चलती ट्रेन में धुआं उठता देख यात्रियों में भगदड़ मच गई। उन्होंने कूदकर अपनी जान बचाई। हादसे में 8 यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा सराय भूपत रेलवे स्टेशन के पास शाम 6 बजे हुआ। छठ पर्व के कारण बोगी में क्षमता से दोगुने यात्री सवार थे। कानपुर-दिल्ली रेल मार्ग पर ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन बंद कर दी गई है। 16 ट्रेनें जहां थीं, वहीं रोक दी गई हैं। इस ट्रेन से बड़ी संख्या में लोग छठ पूजा के लिए बिहार जा रहे थे। ट्रेन के स्-1 कोच में धुआं उठता देख यात्रियों में अफरातफरी मच गई। ट्रेन के धीमा होते ही यात्रियों ने कूदकर अपनी जान बचाई। कुछ ही मिनटों में पूरी ट्रेन खाली हो गई। मौके पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां पहुंची गई हैं। ट्रेन सराय भूपत रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी, तो एस-1 कोच में धुआं देखकर स्टेशन मास्टर ने ट्रेन तुरंत रोक दी। यह स्पेशल ट्रेन है जिसे त्योहार को देखते हुए चलाया गया है।

# छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार थमा

## 17 नवंबर को दोनों राज्यों में होगा मतदान

**भोपाल/रायपुर**, 15 नवम्बर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों और छत्तीसगढ़ की 70 सीटों के लिए 17 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए बुधवार की शाम को चुनाव प्रचार थम गया। दोनों ही राज्यों में सियासी दलों ने मतदाताओं को लुभाने के लिए प्रचार के जरिए पूरा जोर लगाया, प्रचार के अंतिम दिन सभाओं का सिलसिला जारी रहा। मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कुल 2,533 उम्मीदवार भाग्य आजमा रहे है, इनमें 2,280 पुरुष, 252 महिला और एक थर्ड जेंडर उम्मीदवार शामिल हैं। राज्य में एक चरण में 17 नवंबर को सभी 230 विधानसभा क्षेत्र में मतदान होना है। मतदान सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा। मतदाताओं की कुल संख्या 5,61,36,229 है, जिसमें 75,304 सर्विस वोटर शामिल हैं। राज्य में सामान्य मतदाताओं की संख्या 5,60,60,925 है, जिनमें से 2,88,25,607 पुरुष और 2,72,33,945 महिला के अलावा 1,373 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।



- छत्तीसगढ़ में 7 व मध्य प्रदेश की 23 सीटों पर पड़ेंगे वोट

**छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण का मतदान**

वहीं, छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के अंतर्गत दूसरे चरण में 70 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले मतदान के लिए प्रचार का शोर थम गया। राज्य की 90 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में मतदान हो रहा है, पहले चरण में 20 सीटों पर मतदान हुआ तो दूसरे चरण में 70 सीटों पर मतदान होने वाला है। यह मतदान 17 नवंबर को होगा। नियमों के मुताबिक मतदान की समाप्ति समय के 48 घंटे पूर्व से सार्वजनिक मंचों से प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान प्रत्याशी घर-घर जाकर जनसंपर्क कर सकेंगे। द्वितीय चरण के 70 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 958 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं, जिनमें 827 पुरूष, 130 महिला और एक तृतीय लिंग हैं। द्वितीय चरण के मतदान के दौरान प्रदेश के 1 करोड़ 63 लाख 14 हजार 479 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, इनमें 81 लाख 41 हजार 624 पुरुष, 81 लाख 72 हजार 171 महिला तथा 684 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं।

**18 हजार 833 मतदान केंद्र बनाए गए**

सुगम मतदान सुनिश्चित करने के लिए कुल 18 हजार 833 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 700 संगवारी मतदान केंद्र हैं, जहां सिर्फ महिला मतदान कर्मी ही पदस्थ रहेंगी। छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण में सुबह 8 से शाम 5 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। केवल बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के नौ मतदान केंद्रों पर सवेरे 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। इनके अलावा बिन्द्रानवागढ़ के शेष मतदान केंद्रों में अन्य 69 विधानसभा क्षेत्रों की तरह सवेरे 8 से शाम 5 बजे तक वोट डाले जाएंगे। चुनाव में मतदाताओं को लुभाने के लिए तमाम राजनीतिक दलों ने पूरा जोर लगाया, रैलियां हुई, सभाएं हुई और रोड शो भी हुए। सभी ने मतदाताओं की जिंदगी में बदलाव लाने के वादे किए और भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार बनती है तो प्रदेश के हालात उनकी जिंदगी को सुगम बनाने वाले होंगे।

## सार संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मू ने बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को यहां संसद भवन परिसर में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती, जनजातीय गौरव दिवस, पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धांजलि दी। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी संसद परिसर जाकर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### तोमर पुत्र मामले में ईडी की चुप्पी पर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के पुत्र देवेंद्र सिंह तोमर के धन के लेन-देन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चुप्पी पर हैरानी व्यक्त करते हुए बुधवार को ईडी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर केंद्रीय मंत्री के इस्तीफे की मांग की। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी ने इस मौके पर कहा कि श्री तोमर के पुत्र के मामले में खुलासा होने के बाद आखिर ईडी अब चुप क्यों हैं जबकि केंद्रीय मंत्री के पुत्र का करोड़ों रुपए की हेराफेरी की बात करते समय का वीडियो सबके सामने है।

### साहित्य अकादमी के वृत्तचित्र को मणिपुरी राज्य फिल्म पुरस्कार

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादमी के वृत्तचित्र खुमन प्रकाश सिंह को वर्ष 223 के लिए सर्वश्रेष्ठ जीवनी , कला और संस्कृति फिल्म श्रेणी के अंतर्गत 15 वें मणिपुर राज्य फिल्म पुरस्कार से नवाजा गया है। साहित्य अकादमी ने बुधवार को यहां बताया कि यह वृत्तचित्र लेखक खुमन प्रकाश सिंह पर केंद्रित है। यह वृत्तचित्र साहित्य अकादमी की भारतीय साहित्य अभिलेखागार परियोजना के अंतर्गत निर्मित 164 वां वृत्तचित्र है। इसे अरिबम स्याम सरमा ने निर्देशित किया है।

### प्रदूषण पर लगाम लगाने 13 हॉटस्पॉट पर पानी के छिड़काव के उपकरण लगाए

**नई दिल्ली।** बढ़ते वायु प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली अग्निशमन सेवा ने राष्ट्रीय राजधानी में 13 हॉटस्पॉट पर पानी के छिड़काव के उपकरण तैनात किए हैं, अधिकारियों ने बुधवार को जानकारी दी।

# प्रदेश में नई सरकार बनते ही होगी किसानों की कर्ज माफी : राहुल



- प्रदेश में नई सरकार बनते ही होगी जातीय जनगणना
- देश की 50 फीसदी आबादी ओबीसी वर्ग की है उनके साथ न्याय करेंगे

**बलौदाबाजार**, 15 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य के विधानसभा के दूसरे और अंतिम चरण के लिए 17 नवम्बर को होने वाले मतदान के प्रचार प्रसार के अंतिम दिन आज राहुल गांधी बलौदाबाजार भाटापारा जिले के तीनों विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए प्रचार करने आज बलौदाबाजार के स्टेडियम ग्राउंड में लगभग 10 हजार लोगो की उपस्थिति वाली विशाल जनसभा को संबोधित किया। राहुल गांधी ने अपने सम्बोधन में छत्तीसगढ़ की वर्तमान सरकार के कार्यो की प्रसंशा करते हुए प्रदेश सरकार की जमकर तारीफकी। उन्होंने कहा बलौदाबाजार शहीद वीरनारायण सिंह की, गुरु घांसीदास एवम कबीर साहेब की इस भूमि पर आकर उन्हें बहुत ज्यादा प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा के 15 वर्षों के शासन के दौरान केवल अरबपतियों अडानी जैसे उद्योगपतियों के लिए केवल कार्य किया था। भाजपा की सरकार में किसान मजदूर और आमलोगों से पैसा लूटकर अडानी जैसो की जेब मे डालते थे। मैंने भूपेश बघेल से तब कहा था कि इनलोगो ने जितना पैसा आम आदमी से लुटा है उसे वापस उन्हें देना है और उन्होंने बीते पांच वर्षों में वो पैसा वापस किसानों मजदूरो और आमलोगों को वापस किया है। राहूल गांधी ने कहा कि हमारी सरकार ने किसानों के ऊपर जो कर्ज का बोझ था उसे उतारने का काम किया। आज छग में देश का सबसे ज्यादा धान का मूल्य दिया जा रहा है। छग की सरकार ने सबसे पहले न्याय योजना को लागू कर 23 हजार करोड़ रुपये किसानों की जेब में डालने का कार्य किया। स्वामी आत्मानंद स्कूल खोल कर प्रदेश में लोगो के ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## ईश्वर साहू को न्याय दिलाने भाजपा को जीताए : अमित शाह



**साजा।** चुनाव प्रचार के आज आखिरी दिन केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने साजा में एक विशाल चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री शाह ने कहा कि ईश्वर साहू को न्याय दिलाने के लिए आज मैं साजा में आया हुआ हूं। ईश्वर के पुत्र भूनेश्वर साहू का एक सांप्रदायिक घटना में हत्या हो गई। ईश्वर साहू को न्याय दिलाने के लिए ही भाजपा ने उसे साजा विधानसभा से टिकट दिया। भारतीय जनता पार्टी हमेशा गरीब, पिछड़ों, आदिवासी, दलित लोगों के लिए संघर्ष करती रही है। उनके साथ हो रहे अन्याय को बर्दाश्त करना मुमकीन नहीं है, लेकिन छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने इस घटना को नजरअंदाज किया और भ्रष्टाचार घोटाले में लिप्त रही। उन्होंने महादेव एप का जिक्र करते हुए कहा कि कक्का ने महादेव को भी नहीं छोड़ा। यहां के बच्चे-नौजवान शिक्षा से हटकर उनका ध्यान सट्टे में भटकाया गया, आज इसका बदला लेने का समय आ गया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाकर ईश्वर साहू के प्रति न्याय करे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने मतदाताओं से कहा विकसित भारत के लिए भाजपा को चुनें

**नई दिल्ली**, 15 नवम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के मतदाताओं से विकसित मध्य प्रदेश और विकसित भारत के लिए भाजपा को चुनने और कमल के चुनाव चिन्ह पर वोट करने का अनुरोध किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मध्य प्रदेश विधान सभा चुनाव के लिए इस बार का प्रचार अभियान बल्कि जनता-जनार्दन से आशीर्वाद लेने का अभियान बहुत ही खास रहा। मैं राज्य के कोने-कोने में गया, अनेकों लोगों से मिला, संवाद किया। लोगों में भाजपा के प्रति जो स्नेह है, भाजपा पर जो आस्था है, वो हमारी बहुत बड़ी पूंजी है। राज्य की महिला शक्ति और युवाओं का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, मध्य प्रदेश की नारीशक्ति, इस चुनाव में आगे बढ़कर भाजपा का झंडा बुलंद कर रही है। जिस तरह महिला सशक्तिकरण भाजपा की प्राथमिकता है, उसी तरह महिलाओं ने भाजपा सरकार की वापसी को अपनी प्राथमिकता बना लिया है।

# अगर झूठ बोलने की कोई यूनिवर्सिटी होती तो भूपेश वहां के वाइस चांसलर होते : डॉ. हिमंता बिस्वा

## बलौदाबाजार में विजय संकल्प जनसभा में कांग्रेस पर जमकर बरसे असम के मुख्यमंत्री

**बलौदाबाजार**, 15 नवम्बर (देशबन्धु)। असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंता बिस्वा शरमा ने बलौदाबाजार में आयोजित विजय संकल्प जनसभा में शामिल हुए जहां उन्होंने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि अगर झूठ बोलने की कोई यूनिवर्सिटी होती तो छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उसके वाइस चांसलर होते। भूपेश बघेल सबसे बड़े झूठे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झूठा कहते है मैं उनसे कहना चाहूंगा कि जैसे



चांद और सूरज सच्चे है वैसे ही मोदी जी की गारंटी सच्ची है। मोदी जी जो कहते है वो करते है आज उनकी बात पूरी दुनिया मानती है। छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी ने अपना जो संकल्प पत्र घोषित किया है, वे सभी संकल्प पूरे होंगे और इसकी गारंटी खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ली है।

श्री सरमा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी भारत के ही नहीं, अपितु पूरी दुनिया के नेता बनकर उभरे हैं। पूरी दुनिया जानती है, मोदी जो बोलते है वह करते हैं। तभी तो हम सब कहते हैं- मोदी है तो मुमकिन है। उन्होंने कहा था देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी तो अयोध्या में भव्य प्रभु श्रीराम का मंदिर बनेगा और ये तैयार हो चुका है 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। मोदीजी ने ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## वनडे में विराट ने जड़ा 50वां शतक, सचिन का रिकॉर्ड तोड़ा




**मुंबई**, 15 नवम्बर (एजेंसियां)। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने रिकॉर्ड तोड़ पारी खेलते हुए बुधवार को 117 रन बनाए जो उनका 50वां वनडे शतक था। जिसकी बदौलत उन्होंने लीजेंड सचिन तेंदुलकर 49 वनडे शतकों का विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। इसी मुकाबले में श्रेयस अय्यर ने भी शतक (105 रन) जड़ा। इन दो शतकों की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में 50 ओवर में 4 विकेट पर 397 रन का विशाल स्कोर बना लिया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का सही फैसला किया। विराट ने 113 गेंदों पर 117 रन की रिकॉर्डतोड़ पारी खेली, जिसमें 9 चौके और 2 छक्के शामिल थे। उन्होंने दो रन लेकर अपना 50वां शतक पूरा किया और हवा में खुशी से उछलते हुए इसका इजहार किया। विराट ने दोनों हाथ झुकाकर सचिन का अभिवादन किया

# सिंधिया ने चुनी हुई सरकार को गिराकर जनता को धोखा दिया : प्रियंका गांधी

**दतिया**, 15 नवम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने बुधवार को दतिया की चुनावी कहा, ज्योतिरादित्य सिंधिया पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा सिंधिया ने अपने परिवार की परंपरा अच्छे से निभाई है। इन्होंने ग्वालियर – चंबल के लोगों से विश्वासघात किया। आपकी चुनी हुई सरकार को गिराकर आपको धोखा दिया है। आपकी पीठ में छुरा घोंपा। प्रधानमंत्री मोदी ने दुनियाभर के कायरों और गद्दारों को इकट्ठा कर अपनी पार्टी में ले लिया।

हमारे सिंधिया जी कद में थोड़े छोटे पड़ गए, लेकिन अहंकार में वाह भई वाह...। हम उत्तर प्रदेश में काम कर रहे थे। कार्यकर्ताओं को



- मोदी ने दुनियाभर के कायरों व गद्दारों को इकट्ठा कर अपनी पार्टी में लिया

उन्हें महाराज-महाराज कहना पड़ता था। सिंधिया ने अपने परिवार की परंपरा अच्छे से निभाई है। आपकी चुनी हुई सरकार गिरा दी। प्रियंका ने कहा कि वोट धर्म के नहीं, काम के आधार पर दो। नहीं तो नेता अहंकारी हो जाता है। कल अगर मैंने विकास नहीं कराया, मैं वादे भूल गई तो मुझे भी सबक सिखाना। सबक सिखाना आपका दायित्व है।' उन्होंने खाद समस्या का मुद्दा उठाते हुए कहा, मध्यप्रदेश में किसानों को यूरिया देने से चुनाव आयोग ने मना कर दिया है, क्योंकि मोदी जी ने उसमें अपना फोटो चिपका दिया।

**प्रधानमंत्री अपनी पीड़ा में ही परेशान**–प्रियंका ने प्रधानमंत्री को भी घेरते हुए कहा कि मोदी जी का पूछिए ही मत। उनका क्या कहना। देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो परमानेंट अपनी ही पीड़ा में परेशान रहते हैं। कहते हैं कि मुझे इतनी गालियां दीं। रोते रहते हैं। जैसे 'तेरे नाम' में सलमान खान रोए।

## जब रावण का अहंकार नहीं रहा तो मोदी का कहां टिकेगा : भूपेश

**रायपुर**, 15 नवंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राहुल गांधी को 'मूर्खों का सरदार' कहने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जनता को गाली दी है, हमारे नेता को गाली दी है। मोदी को इतना अहंकार हो गया है कि अपने सामने किसी को कुछ समझते नहीं हैं। रावण का अहंकार नहीं रहा तो मोदी का अहंकार कहां से टिकेगा।



पत्रकारों से चर्चा करते हुए भूपेश बघेल ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के जीत के दावे पर कहा कि वे खुद हार रहे हैं। वह जीत का दावा क्या करेंगे। इसके अलावा द्वितीय चरण के मतदान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दूसरे चरण का प्रचार थमने के बाद डोर टू डोर, और फिर परसों मतदान होगा। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में बस्तर संभाग हो गया। राजनांदगांव लोकसभा हो गया, उसके बाद अब रायपुर संभाग, दुर्ग संभाग, बिलासपुर संभाग, सरगुजा संभाग की बारी है। मैंने सभी जगह का दौरा किया। जबरदस्त माहौल है, एक तरफा माहौल है। वहीं प्रधानमंत्री मोदी के अपने पर की गई टिप्पणी पर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि वे प्रधानमंत्री हैं, वह कुछ भी बोल सकते हैं। हम बहुत छोटे-मोटे व्यक्ति हैं। उनके ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

कड़ाई — संसदीय समिति ने की सिफारिश

# मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों को छह महीने की जेल!

**नई दिल्ली, 15 नवम्बर (देशबन्धु)। मिलावटी खाद्य पदार्थ व पेय बेचने वालों वालों को लेकर कानून और कडा हो सकता है। संसदीय समिति ने ऐसे लोगों पर न्यूनतम 6 माह की सजा और 25000 रुपए जुर्माने की सिफारिश की है।**

*भाजपा सांसद बृजलाल की अध्यक्षता वाली गृह मामलों की संसद की स्थायी समिति ने कहा कि मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को देखते हुए अभी तक जो दंड के प्रावधान हैं, वे अपर्याप्त हैं। समिति ने सिफारिश की है कि इस तरह की सिफारिश के लिए न्यूनतम 6 माह की कैद के साथ ही न्यूनतम 25,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाना चाहिए। हानिकारक खाद्य पदार्थ या पेय की बिक्री का जिक्र करते हुए समिति ने अपनी सिफारिश में कहा कि*

- न्यूनतम 25, रुपए का जुर्माना भी लगाया जाना चाहिए

*अपराध में बडे पैमाने पर जनता को प्रभावित करने की क्षमता है और इस अपराध के निए जो दंड का प्रावधान है, वह पर्याप्त नहीं है। अभी तक इस मामले में जो सजा का प्रावधान है उसमें 6 महीने की सजा या 1000 रुपए का जुर्माना अथवा दोनों है। समिति ने भारतीय न्याय संहिता के तहत दंडो में से एक के रूप में सामुदायिक सेवा की शुरुवात को भी स्वागत योग्य कदम बताया है। समिति ने कहाकि यह अपराधियों से निपटने के लिए बहुत ही सराहनीय प्रयास और सुधारात्मक दृष्टिकोण है।*

उत्तरकाशी टनल हादसा

## बचाव कार्य में एयरफोर्स की ली जा रही मदद

**उत्तरकाशी**, 15 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तरकाशी के सिलक्यारा में चारधाम रोड परियोजना की टनल के अंदर मलबे में फंसे 40 मजदूरों को निकालने के लिए चौथे दिन बुधवार को भी रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। ऑगर मशीन से ड्रिलिंग का काम चल रहा है। हेवी ऑगर मशीन ड्रिलिंग के लिए एयरफोर्स की मदद से लाई जा रही है। इन सब के बीच सिलक्यारा टनल के मलबे में फंसे श्रमिकों के साथियों ने प्रोटेस्ट शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि सुरंग के मलबे में फंसे उनके साथियों को जल्द निकाला जाए। मजदूरों का कहना है कि उनके साथियों की जान खतरे में है।

बिलासपुर, गुरूवार 16 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## कैसे बरकरार रहे लोकतंत्र की शोभा

हमसे लड़ने की हिम्मत तो जुटा लोगे लेकिन कमीनापन कहां से लाओगे? फ़ौजियों का गोश्त कौवों को खिलायेंगे। फिल्म चाइना गेट के ये संवाद है। जिन्हें फिल्म में जगीरा का किरदार निभाने वाले अभिनेता मुकेश तिवारी ने भाजपा प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय की चुनावी सभा में सुनाया। इस पर सभा में उपस्थित लोगों ने तो तालियां बजाई ही, खुद भाजपा प्रत्याशी भी इस पर ताली बजाते दिखे। फिल्म में जिस पृष्ठभूमि में ये संवाद बोले गए, वो अलग बात है, मगर चुनाव प्रचार में इन संवादों के बोले जाने पर सियासी बखेड़ा खड़ा हो गया है। कांग्रेस ने इन संवादों पर सवाल उठाए और कहा कि इन गुणों की हमें जरूरत नहीं, ये भाजपा को ही मुबारक। तो भाजपा ने पलटवार कर दिया कि अब कांग्रेस फिल्मी संवाद में भी राजनीति तलाश रही है। भाजपा और कांग्रेस के तर्कों में कौन सही है और कौन गलत, ये तय करने का काम चुनाव आयोग का है, बशर्ते ये मामला आयोग तक पहुंचे। इतना जरूर है कि अगर किसी और मंच या मौके पर इन संवादों पर कोई आपत्ति नहीं करता। मगर चुनाव के दौरान खास तौर पर ये कहना कि हमसे लड़ने की हिम्मत तो जुटा लोगे, लेकिन कमीनापन कहां से लाओगे, निश्चित ही अशोभनीय लग रहा है।

चुनाव प्रचार में लोकतंत्र की शोभा बनी रहे, यह जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है। कड़वी सच्चाई है कि सत्ता हासिल करने के लिए शातिर चालें चली जाएंगी, हथकंडे अपनाए जाएंगे, वोट हासिल करने के लिए साम-दाम-दंड-भेद सभी तरीकों का इस्तेमाल भी होगा। अगर ये मान लिया जाए कि सभी उम्मीदवार नैतिकता की मिसालें कायम करते हुए पूरी ईमानदारी से चुनाव लड़ेंगे तो यह खुद को धोखा देने वाली बात है। हकीकत यही है कि चुनाव में जहां मौका मिलेगा, वहां बेईमानी होगी, चाहे वो किसी भी तरह की हो। इसलिए देश में निर्वाचन आयोग की व्यवस्था की गई है, उसे हर तरह के राजनैतिक दबाव से मुक्त रखा गया है, ताकि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव हो सकें। चुनाव में होने वाली बेईमानियों पर अंकुश लग सके। अफसोस है कि निर्वाचन आयोग से लोकतांत्रिक देश के नागरिकों को जो उम्मीदें थीं, वो उन पर खरा नहीं उतर पा रहा है। देश की जांच एजेंसियों से भी ऐसी ही निराशा हाथ लगी है। ऐसा लग रहा है मानो इन सबकी डोर एक ही जगह बंधी है और वहीं से सारे खेल खेले जा रहे हैं। इन डोरियों से बंधी संस्थाओं में कब किसको किस मौके पर उठाना है, कितना आगे बढ़ाना है, कितना पीछे खींचना है, ये सब कोई और ही तय कर रहा है। जनता को केवल मंच पर होने वाली हलचल दिख रही है, उसके पीछे क्या चल रहा है, इसका अहसास ही नहीं हो रहा।

जिस मध्यप्रदेश में कमीनापन जैसे निम्नस्तरीय शब्द को चुनावी मंच से कहा गया, उसी मध्यप्रदेश में भाजपा प्रत्याशी और केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द सिंह तोमर के सुपुत्र देवेंद्र सिंह तोमर से जुड़े कुछ वीडियो पिछले दिनों वायरल हुए। सत्ता के खेल में सीडी, वायरल वीडियो, फोन टैपिंग जैसे हथियारों का इस्तेमाल अब नयी बात नहीं रह गई है। राजनैतिक दल अक्सर चुनाव के वक्त इन्हें एक-दूसरे के खिलाफ इस्तेमाल करते हैं। श्री तोमर के बेटे के जो वीडियो सामने आए हैं, उनमें शुरुआती दो वीडियो में पहले सौ और फिर पांच सौ करोड़ के लेन-देन की बात की गई है और इसके बाद एक तीसरा वीडियो भी आया, जिसमें एक शख्स ने दावा किया कि पहले दो वीडियो में उसी से देवेंद्र तोमर की बातचीत हो रही थी। उसने बताया कि मामला सौ-पांच सौ नहीं, दस हजार करोड़ का है। इसके अलावा विदेश में गांजे की खेती की बात भी इस शख्स ने की। तोमर परिवार के सदस्यों के साथ व्हाट्स ऐप संदेशों के आदान-प्रदान से लेकर उनके आवास पर पार्सल भिजवाने जैसे कई खुलासे इस शख्स ने किए और साफ-साफ कहा कि कोई मीडिया संस्थान उनसे संपर्क करेगा तो वो सारे सबूत दे देंगे।

न खाऊंगा, न खाने दूंगा। सारे भ्रष्टाचारियों का हिसाब लूंगा। ऐसे दावे करने वाले नरेन्द्र मोदी के लिए ये एक प्रकरण काफी था कि वे तुरंत हरकत में आते और अपनी केबिनेट के एक वरिष्ठ मंत्री का नाम इस मामले में सामने आने पर उनसे इस्तीफा लेकर नैतिकता के उच्च मापदंड का परिचय देते। देश की ईडी और सीबीआई जैसी जांच एजेंसियां जो जरा सी भनक के आधार पर विपक्षी नेताओं के ठिकाने पर बड़े पैमाने पर छापेमारी कर उनसे घंटों पूछताछ के उदाहरण पेश कर चुकी है, वो जांच एजेंसियां न जाने क्यों अब तक मध्यप्रदेश नहीं जा पाई हैं। जबकि उससे लगे छत्तीसगढ़ और राजस्थान में ईडी, सीबीआई का आना-जाना लगा रहता है। चुनाव आयोग के कान भी इस वीडियो को देखकर खड़े हो जाने चाहिए थे, क्योंकि स्वतंत्र चुनाव तभी संभव है, जब उसमें बेनामी पैसे या काले धन का इस्तेमाल नहीं हो। अगर बात दस हजार करोड़ की है, तो क्या आयोग ये सोचकर निश्चिंत बैठा रह सकता है कि इस रकम से एक धेला भी चुनाव में इस्तेमाल नहीं हो रहा होगा। और फिल्म दुनिया के लोगों के जूतों में ड्रग्स को सूंघ कर कार्रवाई करने वाले नारकोटिक्स विभाग को क्या इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ रहा कि देश में बैठा कोई शख्स विदेश में जमीन लेकर गांजे की खेती की योजना बना रहा है। आखिर ये गांजा उगाकर किस बाजार में बेचने की तैयारी हो रही है।

इन वीडियो के सामने आने के बाद देश में ऊपर से नीचे तक हड़कंप मच जाना चाहिए था। असल में ये वीडियो लोकतंत्र की नींव पर रखे टाइम बम के समान हैं, जो फटेंगे तो सब कुछ चिथड़ा-चिथड़ा हो जाएगा। मगर सरकार और जिम्मेदार एजेंसिया जिस तरह इससे बेपरवाह नजर आ रही हैं, उनसे और अधिक चिंता हो रही है। नरेन्द्र सिंह तोमर इन वीडियो को झूठा बताकर जांच की मांग कर रहे हैं। जबकि केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा की ही सरकारें हैं, तो उनके लिए और आसान है कि वे जांच के आदेश दें। देश भी तो यही चाह रहा है कि इन वीडियो का सच सामने आए। लड़ने के लिए कमीनापन नहीं. सही मायनों में हिम्मत की जरूरी होती है। क्या मोदी सरकार ये हिम्मत दिखाएगी।

# प्रधानमंत्री का ( अ ) लोकतांत्रिक चरित्र

**दुनियादारी**

■ **सर्वमित्रा सुरजन**

दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मूल चरित्र कितना लोकतांत्रिक है, या लोकतंत्र के लिए उनके मन में कितना सम्मान है, ये सवाल पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बीच फिर उठ खड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी अनेक मौकों पर भारत को लोकतंत्र की जननी बता चुके हैं। इस तरह के रूपक सुनने में बहुत अच्छे लगते हैं, इनसे गर्व का बोध होता है कि हम कितने महान देश में रहते हैं, कि भारत ने दुनिया को लोकतंत्र का पाठ पढ़ाया, कि यहां की गंगा-जमुनी संस्कृति इंसानियत के लिए मिसाल है। इकबाल ने लिखा भी है- कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी। जब उन्होंने हिंदुस्तान की इस खासियत का जिक्र किया था, तब बेशक भारत आजाद और लोकतांत्रिक देश नहीं बना था, लेकिन फिर भी उसकी बुनियाद में लोकतंत्र के गुण शामिल थे, जैसे विरोधियों का आदर करना, विचारों में मतभेद के बावजूद स्वस्थ मानसिकता के साथ तर्क करना और सबको साथ लेकर चलना। इन्हीं गुणों के कारण तरह-तरह के झंझावात सहने के बावजूद भारत विश्व के मानचित्र में डटा रहा, बना रहा, जबकि कई महान सभ्यताएं समय के थपेड़ों को सह नहीं पाईं और मिट गईं। लोकतंत्र की जिस जननी का वास्ता मोदीजी दिया करते हैं, वह तो एक अमूर्त कल्पना है। असल में यहां के लोग ही हैं, जो लोकतंत्र को बनाए रखने का काम करते हैं। इन्हीं लोगों में से निकले थे हमारे स्वाधीनता सेनानी और आजाद भारत के निर्मातागण, जिन्होंने भारत को वो लोकतांत्रिक रूप दिया, जिसका गुणगान आज श्री मोदी पूरी दुनिया में करते हैं और जिसकी वजह से भारत को इज्जत मिलती है। भारत के लिए जो सम्मान हमारे पुरखों ने कमाया, क्या उसे मौजूदा नेतृत्व संभाल कर रख पा रहा है। क्या अपने विरोधियों के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल, उनका अपमान लोकतांत्रिक कहला सकता है। इन सवालों का जवाब भारत की जनता को खुद ही तलाश करना होगा, क्योंकि सवाल उसकी अपनी हस्ती, अपनी पहचान का है।

कुछेक घटनाओं, प्रसंगों का विश्लेषण कर इन सवालों के जवाब तलाशने में मदद मिल सकती है। 14 नवंबर को देश के पहले प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू की जयंती थी। नेहरूजी महज आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री नहीं थे, वे औपनिवेशिक दासता की चंगुल की छूट रही दुनिया में उम्मीद की एक किरण भी थे। गांधीजी ने उन्हें हिंद का जवाहर कहा, जो दुनिया के किसी भी सम्मान या उपाधि ये बड़ी उपलब्धि है। स्वतंत्र भारत को आत्मनिर्भर बना कर विकास की राह पर कदम-कदम बढ़ाने का काम नेहरूजी ने किया, और उनकी दूरदर्शिता के लिए भारत हमेशा उनका आभारी रहेगा। लेकिन यह देखकर अफसोस हुआ कि नेहरूजी की जयंती पर उन्हें याद करने का काम मुख्य तौर पर कांग्रेस ने ही किया, गोया नेहरूजी केवल कांग्रेस नेता और कांग्रेस के ही प्रधानमंत्री थे। कुछेक बुद्धजीवियों, लेखकों ने भी पं.नेहरू को याद किया। और हमारे प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर औपचारिकता निभाते हुए लिखा- 'हमारे प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि।' यानी मोदीजी की निगाह में पं. नेहरू पहले प्रधानमंत्री से अधिक कुछ नहीं थे। वैसे श्री मोदी से उम्मीद भी नहीं थी कि वे नेहरूजी की शान में कसीदे गढ़ेंगे, मगर जिस इंसान की नेतृत्व क्षमता और राजनैतिक विचारों की दुनिया कायल थी, उसके लिए केवल एक पंक्ति में औपचारिक श्रद्धांजलि देकर प्रधानमंत्री मोदी ने खुद साबित कर दिया कि वैचारिक मतभेद को वे राजनैतिक शिष्टाचार से ज्यादा तरजीह देते हैं। 14 नवंबर को ही नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश की चुनावी सभा में इशारों-इशारों में राहुल गांधी के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। जिससे फिर उनके अलोकतांत्रिक व्यवहार की झलक देखने मिली।

बैतूल में 14 नवंबर को एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कल कांग्रेस के एक 'महाज्ञानी' कह रहे थे कि भारत में सब लोगों के पास मेड इन चाइना मोबाइल फोन होता है। अरे मूर्खों के सरदार, किस दुनिया में रहते हो। कांग्रेस के नेताओं को अपने देश की उपलब्धियां न देखने की मानसिक बीमारी हो गई है। जबकि, सच्चाई ये है कि आज भारत दुनिया में मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता है। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने मध्यप्रदेश में कहा था कि आपके मोबाइल के पीछे मेड इन चाइना लिखा होता है, हम उसे मेक इन मध्यप्रदेश बनाना चाहते हैं। श्री गांधी युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी को दूर करने के बारे में बात कर रहे थे। जिसका मोदीजी ने इतना बुरा माना कि राहुल गांधी को मूर्खों का सरदार कह दिया। उनके बाद असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वासरमा ने भी उनके सुर में सुर मिलाया। मोदीजी ने भारत की उपलब्धियां न देख पाने का संबंध मानसिक बीमारी से जोड़ दिया। जिस देश में हर सातवां इंसान किसी न किसी मानसिक बीमारी से ग्रसित है, जहां हर रोज औसतन 7 सौ लोग मानसिक बीमारी के कारण आत्महत्या करते हैं, जहां सरकारी नीतियों से उपजी रोजमर्रा की दिक्कतों के कारण मानसिक रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है, उस देश में चुनावी फायदे के लिए मानसिक बीमारी का इतने हल्के स्तर पर जिक्र करना क्या प्रधानमंत्री पद पर बैठे इंसान को शोभा देता है, ये सोचने वाली बात है। श्री मोदी चाहते तो इस बात का सीधा जवाब देते कि राहुल गांधी गलत कह रहे हैं और आंकड़े बता देते कि देश में कितने फोन मेड इन चाइना हैं, और कितने मेड इन इंडिया हैं। तर्कों के साथ वाद-विवाद इसी को कहते हैं। मगर प्रधानमंत्री मोदी का इरादा राहुल गांधी का अपमान कर, उनकी छवि खराब करने का था, जिससे उन्हें चुनावी लाभ मिल सके। अब क्या इस व्यवहार को लोकतांत्रिक कहा जा सकता है। चुनावों में तो अक्सर सत्तारुढ़ दल पर विपक्षी हमला करते हैं, और बताते हैं कि मौजूदा सरकार की कमियां क्या रहीं। जनता अगर स्वीकार करती है कि सरकार में कमी है, तो अगली बार वो किसी और को मौका देती है, अगर मानती है कि कमी नहीं है, तो फिर उसी सरकार को मौका मिलता है। नरेन्द्र मोदी खुद गुजरात में तीन बार और केंद सरकार में दो बार ये मौका प्राप्त कर चुके हैं। फिर भी वे लोकतंत्र का अपमान कर रहे हैं। श्री मोदी की ये शिकायत बेमानी है कि कांग्रेस के लोगों को देश की उपलब्धियां नहीं दिखतीं।

दरअसल वे चाहते ही नहीं है कि विपक्ष उनके शासन में किसी तरह की कमियां निकाले। बल्कि वे तो विपक्ष मुक्त और कांग्रेस मुक्त भारत ही चाहते थे। अभी कुछ समय से कांग्रेस मुक्त वाला नारा शांत किया गया है, क्योंकि भाजपा को समझ आ गया कि ऐसे नारे देश की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी, देश की जनता का भी मूल चरित्र लोकतांत्रिक ही है। इसलिए उसने 10 सालों के कांग्रेस के शासन के बाद 10 साल का मौका भाजपा को दिया है। अगर इस दौरान देश में उपलब्धियां हासिल हुई हैं, तो वे जनता को अपने आप नजर आ जाएंगी। और अगर नहीं हुई हैं, तो वह भी जनता को दिख जाएगा। अगर जनता ये कहेगी कि देश में महंगाई है, नौकरियां नहीं हैं, लड़कियां सुरक्षित नहीं हैं, हाशिए के वर्गों का अपमान हो रहा है, तो क्या प्रधानमंत्री मोदी जनता को भी मानसिक बीमार कह देंगे।

सवाल ये भी है कि क्या हकीकत से मुंह चुरा कर लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है। मणिपुर पर प्रधानमंत्री की चुप्पी, नरेन्द्र सिंह तोमर के बेटे के वीडियो प्रकरण पर खामोशी, रमेश बिधूड़ी मामले में कुछ न बोलना, ऐसे कई उदाहरण हैं, जिनसे पता चलता है कि प्रधानमंत्री मोदी उन मसलों पर बिल्कुल चुप हो जाते हैं, जिनकी वजह से उन्हें राजनैतिक या चुनावी असुविधा हो सकती है। इसे ही मुंह चुराना कहते हैं। लोकतंत्र की जननी का सम्मान क्या ऐसी मौकापरस्त चुप्पी या फिर बड़बोलेपन से हो सकता है, ये भी विचारणीय है।

**लोकतंत्र की जिस जननी का वास्ता मोदीजी दिया करते हैं, वह तो एक अमूर्त कल्पना है। असल में यहां के लोग ही हैं, जो लोकतंत्र को बनाए रखने का काम करते हैं। इन्हीं लोगों में से निकले थे हमारे स्वाधीनता सेनानी और आजाद भारत के निर्मातागण, जिन्होंने भारत को वो लोकतांत्रिक रूप दिया, जिसका गुणगान आज श्री मोदी पूरी दुनिया में करते हैं और जिसकी वजह से भारत को इज्जत मिलती है।**

# अमेरिकी और पश्चिमी राजनयिक बांग्लादेश में खुलकर कर रहे हैं विपक्ष का समर्थन

■ **आशीष विश्वास**

पिछले कुछ वर्षों के दौरान बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था में लगातार गिरावट ने अमेरिका के साथ उसके असहज संबंधों में वर्तमान तनाव को बढ़ा दिया है। इसने सत्तारूढ़ अवामीलीग (एएल) की स्थिति को राजनीतिक रूप से और अधिक कमजोर कर दिया है ऐसे समय जब यह 2024 के संसदीय चुनावों के लिए अपना चुनाव पूर्व अभियान चला रही है।

बांग्लादेशी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर उत्साही बहसों की वर्तमान बयानबाजी और विशेषज्ञों द्वारा लिखे गये लेखों के स्वर से यह आम तौर पर स्वीकार किया जाता है कि अमेरिका के नेतृत्व वाले पश्चिमी देशों का गुट निःसंकोच अवामीलीग विरोधी विपक्षी अभियान का समर्थन कर रहा है। हाल के महीनों में पश्चिमी राजनयिकों/नेताओं की बांग्लादेश की बार-बार यात्राएं, आमतौर पर एएल सरकार से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अधिक 'पारदर्शी' उपाय अपनाने का आग्रह करना, एएल-संचालित प्रशासन के बारे में उनके बमुश्किल छिपे हुए अविश्वास का एक संकेत है।

गौरतलब है कि बांग्लादेश में हाल ही में लिए गए प्रशासनिक निर्णयों की तथाकथित 'उदारवादी' पश्चिमी आलोचना का जोर उन मुद्दों पर भी केंद्रित है जो स्पष्ट रूप से राजनीतिक नहीं हैं। उदाहरण के लिए कपड़ा उद्योग के श्रमिकों द्वारा उठाई गई वेतनवृद्धि की मांगों से जिस तरह से आधिकारिक तौर पर निपटा जा रहा है और बांग्लादेश की सरकार नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री डॉ मोहम्मद यूनुस की आर्थिक परियोजनाओं और नीतियों के खिलाफ जिस ढंग से मुखालफत कर रही है।

इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि सत्ताधारी एएल नेताओं/मंत्रियों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्हें लगता है कि ऐसे कदम बांग्लादेश की घरेलू राजनीति/शासन में सीधे हस्तक्षेप से कम नहीं हैं। बांग्लादेश सरकार ने सेवारत राजनयिकों को चेतावनी देना आवश्यक समझा है कि ऐसी गतिविधियों को प्रायोजित करना/भाग लेना आवश्यक रूप से समय-सम्मानित राजनयिक व्यवहार का हिस्सा नहीं है।

कोई आश्चर्य नहीं कि कुछ पर्यवेक्षकों को लगता है कि वर्तमान में, जब मुट्ठी भर बांग्लादेशी अधिकारियों को पहले से ही अमेरिका द्वारा लगाये गये प्रतिबंधों के तहत रखा गया है, तो ऐसा लगता है कि सत्तारूढ़ एएल जो कुछ भी करता है उसे मुख्यधारा के पश्चिमी उदारवादी प्रेस द्वारा सकारात्मक दृष्टि से नहीं देखा जायेगा। पश्चिम में आम सहमति यह है कि आगामी चुनावों के बारे में ढाका में दी गई आधिकारिक घोषणाओं और आश्वासनों के बावजूद, विपक्षी कथा को पूरी तरह से स्वीकार किया जाना चाहिए।

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेतृत्व वाले विपक्ष द्वारा भेजा गया व्यापक राजनीतिक संदेश यह है कि एएल ने अपनी अच्छी तरह से प्रचारित चुनाव 'जीत' सुनिश्चित करने के लिए अपने अभियान में व्यापक धमकी/हिंसा का सहारा लेकर हमेशा चुनावों में धांधली की है। विडंबना यह है कि ठीक इसी तरह के आरोप बीएनपी के खिलाफ उसकी पिछली चुनावी जीत के दौरान भी लगाये गये थे।

मोटे तौर पर, 'भ्रष्ट' एएल पर चुनावों में धांधली करने और हिंसा द्वारा अपने विरोधियों को हाशिए पर रखने का आरोप है। जहां तक बीएनपी का सवाल है, उस पर भ्रष्टाचार और अवसरवाद की उच्च खुराक के साथ-साथ उसके पाकिस्तान समर्थक आक्रामक इस्लामवादी दृष्टिकोण के लिए हमला किया जाता है।

ढाका में राजनयिक प्रतिष्ठान इस स्थिति में तेजी से विभाजित है: लगभग अनुमान के मुताबिक, जबकि अमेरिका और यूरोपीय संघ के देश एएल के आलोचक बन गए हैं, बांग्लादेश के प्रमुख क्षेत्रीय/निकटवर्ती पड़ोसी जैसे चीन, रूस और भारत सत्तारूढ़ एएल सरकार के कहीं अधिक समर्थक हैं। रूस और चीन ने बांग्लादेश के आंतरिक मामलों में अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा अपनाये गये खुले हस्तक्षेप और दबाव की रणनीति की कड़ी निंदा की है।

इसके ठीक विपरीत, बांग्लादेश के घरेलू राजनीतिक विकास में अपनी भागीदारी के अलावा, रूस, चीन और भारत ने पिछले कुछ वर्षों में देश को एक मजबूत अर्थव्यवस्था बनने में मदद की है। पश्चिम के विपरीत इन देशों ने छोटी और लंबी अवधि की परियोजनाओं के माध्यम से बांग्लादेश को वित्तीय और तकनीकी रूप से मदद की है- लेकिन बिना शर्त के!

फिर भी, बांग्लादेशी विदेशी मुद्रा भंडार वर्तमान में केवल .19अरब रह गया है - अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुमान के अनुसार .16.5अरब। सत्तारूढ़ एएल को सफलता का सबसे मजबूत दावा का लाभ मिल रहा था, जो महत्वपूर्ण चुनाव पूर्व महीनों में धीरे-धीरे ढह रहा है। एएल के कार्यकाल के दौरान बांग्लादेश में हाल ही में देखी गई आर्थिक प्रगति, जिसमें प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि के मामले में बांग्लादेश ने भारत को पीछे छोड़ दिया, को स्वाभाविक रूप से इसके नेताओं द्वारा उपलब्धि के एक उच्च बिंदु के रूप में उजागर किया गया।

अब अचानक ऐसे दावों को लेकर परेशान करने वाले सवाल उठने लगे हैं। यह सामान्य ज्ञान है कि कोविड महामारी और यूक्रेन युद्ध के बाद बांग्लादेश में आर्थिक गिरावट के अचानक संकेत आ रहे हैं जो बांग्लादेश के नियंत्रण से परे हैं। मजबूत अमेरिकी डॉलर की तुलना में राष्ट्रीय मुद्रा टका में गिरावट आई है (आधिकारिक तौर पर 1 डॉलर 110.5 टका के बराबर है लेकिन अनौपचारिक रूप से यह दर 120 से अधिक है, जो प्रेषण आय क्षेत्र में अवैध हुंडी लेनदेन को प्रोत्साहित करती है, जिससे आधिकारिक राजस्व संग्रह प्रभावित होता है)।

ढाका स्थित नीति-निर्माता भी वर्तमान निर्यात प्रवृत्तियों को लेकर चिंतित हैं। हाल के महीनों में अमेरिका को परिधान निर्यात में भारी गिरावट आई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निर्यात के अपने आधार का विस्तार करने के अपने सभी प्रयासों के बावजूद बांग्लादेश सरकार उतनी सफल नहीं हो पाई है। 90 प्रतिशत से अधिक निर्यात आय अभी भी कपड़ा क्षेत्र से आती है। ऐसी कमाई का लगभग 95 प्रतिशत अमेरिका और यूरोपीय संघ के देशों से आता है। जब भी अमेरिका में बांग्लादेश की कपड़ा उत्पादक इकाइयों में महिलाओं के शोषण और बाल श्रम के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है, तो इसका प्रभाव पूरे देश की अर्थव्यवस्था पर गंभीर रूप से महसूस किया गया है।

स्पष्ट रूप से, जबकि कोई भी आम चुनाव से पहले बांग्लादेश में व्याप्त स्थिति में कई अंतर्निहित राजनीतिक/आर्थिक मजबूरियों पर सार्वजनिक रूप से टिप्पणी नहीं करता है, सत्ता के भीतर और बाहर नीति नियोजकों को पश्चिम के मुकाबले कूटनीति के अभ्यास में सावधानी से चलना होगा।

**बांग्लादेशी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर उत्साही बहसों की वर्तमान बयानबाजी और विशेषज्ञों द्वारा लिखे गये लेखों के स्वर से यह आम तौर पर स्वीकार किया जाता है कि अमेरिका के नेतृत्व वाले पश्चिमी देशों का गुट निःसंकोच अवामीलीग विरोधी विपक्षी अभियान का समर्थन कर रहा है।**

**पावन प्रसंग**

## संस्कारों का महत्व

संस्कार का अभिप्राय उन धार्मिक कृत्यों से है, जो किसी व्यक्ति को अपने समुदाय का पूर्ण रूप से योग्य सदस्य बनाने के उद्देश्य से उसके शरीर, मन और मस्तिष्क को पवित्र करने के लिए किए जाते थे, किंतु हिन्दू संस्कारों का उद्देश्य व्यक्ति में अभीष्ट गुणों को जन्म देना भी था।

संस्कार शब्द का अर्थ है परिशोधन अथवा शुद्धिकरण। जीवात्मा जब एक शरीर को त्यागकर दूसरे शरीर में जन्म लेती है तो उसके पूर्वजन्म के प्रभाव उसके साथ जाते हैं। इन प्रभावों का वाहक सूक्ष्मशरीर से दूसरे स्थूलशरीर में जाता है। इन प्रभावों में कुछ बुरे होते हैं और कुछ भले। बच्चा भले और बुरे प्रभावों को लेकर नए जीवन में प्रवेश करता है। संस्कारों का उद्देश्य है कि पूर्वजन्म के बुरे प्रभावों की उन्नति हो। संस्कारों के दो रूप होते हैं। एक आंतरिक रूप और दूसरा बाह्य रूप। बाह्य रूप का नाम रीति-रिवाज है। यह आंतरिक रूप की रक्षा करता है।

हमारे जीवन में प्रवेश करने का मुख्य प्रयोजन यह है कि पूर्वजन्म में जिस अवस्था तक हम आत्मिक उन्नति कर चुके हैं, इस जन्म में उससे अधिक उन्नति करें। आंतरिक रूप हमारी जीवनचर्या है। यह कुछ नियमों पर आधारित हो, तभी मनुष्य आत्मिक उन्नति कर सकता है। ऋग्वेद में संस्कारों का उल्लेख नहीं है, किंतु इस ग्रंथ के कुछ सूक्तों में विवाह, गर्भाधान और अंत्येष्टि से संबंधित कुछ धार्मिक कृत्यों का वर्णन मिलता है।

यजुर्वेद में केवल श्रोत यज्ञों का उल्लेख है, इसलिए इस ग्रंथ के संस्कारों की विशेष जानकारी नहीं मिलती। अथर्ववेद में विवाह, अंत्येष्टि और गर्भाधान संस्कारों का पहले से अधिक विस्तृत वर्णन मिलता है। इस प्रकार गृह्यसूज्ञों से पूर्व हमें संस्कारों के पूरे नियम नहीं मिलते। ऐसा प्रतीत होता है कि गृह्यसूज्ञों से पूर्व पारंपरिक प्रथाओं के आधार पर ही संस्कार होते थे। संयम पहले गृह्यसूज्ञों में ही संस्कारों की पूरी पद्धति का मिलता है। गृह्यसूत्रों में संस्कारों के वर्णन में सबसे पहले विवाह संस्कार का उल्लेख है। इसके बाद पुंसवन, सीमंतोन्नयन, जातकर्म, नामकरण, निष्क्रमण, अन्न-प्राशन, जूड़ाकर्म, उपनयन और समावर्तन संस्कारों का वर्णन किया गया है। अधिकतर गृह्यसूत्रों में अंत्येष्टि संस्कार का वर्णन नहीं मिलता, क्योंकि ऐसा करना अशुभ समझा जाता था। स्मृतियों के आचार-प्रकरणों में संस्कारों का उल्लेख है और तत्संबंधी नियम दिए गए हैं। इनमें उपनयन और विवाह संस्कारों का वर्णन विस्तार के साथ दिया गया है, क्योंकि उपनयन संस्कार द्वारा व्यक्ति ब्रह्माचर्य आश्रम में और विवाह संस्कार द्वारा गृहस्थ आश्रम में प्रवेश करता था।

संस्कार का अभिप्राय उन धार्मिक कृत्यों से था, जो किसी व्यक्ति को अपने समुदाय का पूर्ण रूप से योग्य सदस्य बनाने के उद्देश्य से उसके शरीर, मन और मस्तिष्क को पवित्र करने के लिए किए जाते थे, किंतु हिंदू संस्कारों का उद्देश्य व्यक्ति में अभीष्ट गुणों की प्रवृत्ति को डन्म देना था।

**युग निर्माण योजना**

**आपके पत्र**

## रीति रिवाज के नाम पर किशोरियों के अधिकारों का हनन

दुनिया की प्राचीन सभ्यताओं में एक भारत की सभ्यता भी है। हड़प्पा और मोहनजोदड़ो की सभ्यता से पता चलता है कि भारतीय उप महाद्वीप हज़ारों साल पहले न केवल आर्थिक और वैज्ञानिक रूप से विकसित था बल्कि सामाजिक और वैचारिक रूप से भी बहुत समृद्ध था। जाहिर है ऐसे विकसित समाज में सभी को बराबरी का अधिकार रहा होगा। जहां पुरुषों की तरह महिलाओं को भी समान अधिकार प्राप्त रहे होंगे। जहां महिलाओं को पैरों की जूती नहीं समझा जाता होगा बल्कि उन्हें भी सम्मान प्राप्त रहा होगा। उन्हें सभ्यता और संस्कृति के नाम पर घर की चारदीवारियों में कैद करके नहीं रखा जाता रहा होगा।

अब लौटते हैं वर्तमान दौर में। यह वह दौर है जो आर्थिक और वैज्ञानिक रूप से उस सभ्यता से कहीं अधिक विकसित है। आज भारत दुनिया की न केवल विकसित अर्थव्यवस्था वाला देश बन रहा है बल्कि इसके वैज्ञानिकों ने पहले ही प्रयास में चांद के उस हिस्से पर कदम रख कर इतिहास रच दिया है जहां अमेरिका और रूस के वैज्ञानिक भी कई बार प्रयास करके असफल हो चुके थे। आसमान में अगर इसने मंगल और सूरज तक अपने झंडे गाड़ दिए हैं तो धरती पर यह इतनी तेज़ी से मज़बूत अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है कि आज दुनिया के सभी बड़े निवेशक भारत में निवेश करने के लिए सपने बुनने लगे हैं। यह भारत की मज़बूत छवि का असर है कि अब उसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य बनाने की मांग ज़ोर पकड़ने लगी है। ज़ाहिर है दुनिया भर में भारत की इस मज़बूत छवि को बनाने में महिलाओं का भी बराबर का योगदान है। राष्ट्रपति और वैज्ञानिक क्षेत्र से लेकर शिक्षिका तथा स्वयं सहायता समूह की सदस्य के रूप में महिलाओं ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया है और आज तक देती आ रही हैं।

लेकिन इसी भारत की एक दूसरी छवि भी है जो उसके ग्रामीण क्षेत्रों में नज़र आता है। जो न केवल आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है बल्कि सामाजिक और वैचारिक रूप से भी संकुचित नज़र आता है। जहां महिलाओं के आगे बढ़ने से समाज को ताना बाना टूटने का खतरा नज़र आने लगता है। जहां महिलाओं का माहवारी के दिनों में घर में रहना और किचन में जाना तक बुरा समझा जाता है। जहां उसे अपनी ज़िंदगी का फैसला लेने और उसके उच्च शिक्षा ग्रहण करने से समाज के बिगड़ जाने का खतरा उत्पन्न होने लगता है। जी हां, मैं यह हड़प्पा या मोहनजोदड़ो सभ्यता की नहीं बल्कि 21वीं सदी के ग्रामीण भारत की बात कर रही हूं। जहां घर से लेकर बाहर तक किशोरियों और महिलाओं को परंपरा, संस्कृति और रीति रिवाजों की बेड़ियों में जकड़ कर रखा जाता है। जिसे अपनी मर्ज़ी से कपड़े पहनने और घूमने तक की आज़ादी नहीं मिलती है।

ऐसा ही एक ग्रामीण क्षेत्र पहाड़ी राज्य उत्तराखंड का गनीगांव है। वहीं ग्राम प्रधान हेमा देवी कहती हैं कि भले ही पहले की तुलना में अब गनीगांव के लोग अधिक शिक्षित हो गए हैं लेकिन उनकी सोच अभी भी वही पुरानी वाली है। दरअसल समाज शिक्षित ज़रूर हुआ है लेकिन जागरूक नहीं हुआ है। नई पीढ़ी की किशोरियां पढ़ने लगी हैं लेकिन वह भी इस प्रकार की मानसिकता के विरुद्ध ज़ोरदार आवाज़ नहीं उठा पाती हैं। हालांकि समाज इसे मान्यता और परंपरा की दलील देता है। लेकिन उसकी यह दलील किसी भी प्रकार से ठोस और प्रामाणिक नहीं होती है।

याद रहे कि गनीगांव में 85 प्रतिशत साक्षरता दर रिकॉर्ड की गई है। बालिका शिक्षा के मामले में भी इस गांव में पहले की अपेक्षा काफी सुधार आया है। अब लड़कियों की शादी 12वीं पास करने के बाद ही की जाती है। इसका अर्थ यह है कि इस गांव की नई पीढ़ी विशेषकर किशोरियां शिक्षित हो रही हैं। लेकिन इसके बावजूद माहवारी के समय उनके साथ अत्याचार होना, इस बात को दर्शाता है कि पढ़े लिखे समाज पर संकीर्ण सोच वाले आज भी हावी हैं। यहां आज भी रस्मों के नाम पर किशोरियों के अधिकारों का हनन होता है। ऐसे में ज़रूरत है कि यहां शिक्षा के साथ साथ जागरूकता की मुहिम भी चलाई जाए।

**हेमा रावल, गनीगांव उत्तराखंड**

CMYK

# देशबन्धु संस्कारधानी

5 बिलासपुर

गुरुवार 16 नवंबर 2023

उल्टा पुल्टा

पत्नी (पति से)- तुम तो कहते थे कि शादी के बाद भी मुझे खूब प्यार करोगे?

पति- सॉरी यार! मुझे क्या पता था कि तुम्हारी शादी मेरे साथ हो जाएगी!

## संपादकीय

### भरोसे और गारंटियों की मुठभेड़

*छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिये बची हुई 7 सीटों के लिये चुनाव प्रचार का शोर बुधवार की शाम को थम गया। अब शुक्रवार को मतदान होगा जिसमें पता चलेगा कि जनता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भरोसों पर विश्वास करती है या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटियों पर। 2 सीटों पर पहले ही 7 नवम्बर को मतदान हो चुका है। इनमें 1` सीटें बस्तर और इतनी ही दुर्ग सम्भाग की हैं। कांग्रेस सरकार के वादों को तो भूपेश का ही भरोसा माना जा रहा है जबकि मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी की गारंटियां मोदी की मानी जा रही हैं क्योंकि यहां पार्टी ने सीएम का कोई चेहरा घोषित नहीं किया है।*

*इस समय छत्तीसगढ़ वादों की एक जबर्दस्त स्पर्धा देख रहा है। किसी मामले में कोई आगे है तो कोई पीछे। भाजपा ने धान का समर्थन मूल्य 31` रुपये प्रति क्विंटल देने का वायदा किया है तो कांग्रेस पहले ही 32` क्विंटल कह चुकी है। कांग्रेस ने जहां प्रति एकड़ धान की खरीदी बढ़ाकर 2` क्विंटल की बात कही है तो भाजपा ने इसमें एक क्विंटल और जोड़कर 21 क्विंटल का ऐलान कर दिया है। भाजपा ने राज्य की हर विवाहित महिला को प्रति वर्ष 12 हजार रुपए देने की घोषणा की तो कांग्रेस ने उसमें इज़ाफ़ा करते हुए 15 हजार रुपए कर दिया है। भाजपा जीती तो गरीब परिवारों की महिलाओं को गैस सिलिंडर 5` में मिलेगा जबकि कांग्रेस का वादा 45` रुपए का पहले से ही है। कांग्रेस ने तेंदूपत्ता खरीदी का न्यूनतम समर्थन मूल्य 45` प्रति मानक बोरा व 4` रुपए के बोनस का आश्वासन दिया है तो अब भाजपा की घोषित ये ही राशियां क्रमशः 55` एवं 45` रुपए है। न्याय योजना के अंतर्गत खेतिहर मजदूरों को कांग्रेस साल में 6` रुपए देती है तो भाजपा 1` हजार रुपए देना चाहती है। भाजपा ने छत्तीसगढ़िया लोगों को अयोध्या में रामलला दर्शन करने का भी आश्वासन दिया है। दोनों दलों के बीच कुछ अन्य घोषणाओं की भी प्रतिस्पर्धा जारी है।*

*जो भी हो, जो भी जीते, हितग्राहियों का तो फायदा ही होना है। अब यह मतदाताओं पर निर्भर करेगा कि वह किस भरोसे और किस गारंटी पर विश्वास करता है। यह तो सच है कि एक आम व्यक्ति के लिये ये राशि एवं योजनाएं बहुत ही हितकारी हैं। उसे अपने बारे में खुद ही तय करना होगा कि वह किस गारंटी को चुने। इसके बावजूद उसे यह ज़रूर ख्याल में रखना होगा कि वह जिन वादों पर भरोसा कर जिस भी दल को अपना वोट व समर्थन देता है, उससे आश्वासन पूरा कराने का भी उसे प्रयास करना होगा। एक दूसरे की काट में अगर बड़े वादे करते हुए कोई उसे पूरा नहीं करता तो जनता उन्हें मजबूर करे।*

# मतदान दलों को चुनाव कराने मतदान केन्द्र आवंटित







## प्रेक्षकों की मौजूदगी में हुआ रेंडमाइजेशन

**बिलासपुर,** 15 नवंबर ( देशबन्धु)। मतदान दल के गठन एवं प्रशिक्षण के बाद उन्हें चुनाव कराने के लिए मतदान केंद्र भी आवंटित किया गया। एनआईसी कक्ष में रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के तहत सॉफ्टवेयर द्वारा उनकी ड्यूटी लगाई गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण, सामान्य प्रेक्षक उदयन मिश्रा, नायली इते, जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल, डिप्टी डीईओ शिवकुमार बनर्जी सहित सभी रिटर्निंग ऑफिसर उपस्थित थे। इसी प्रकार संवेदनशील मतदान केन्द्रों में माइक्रो ऑब्जर्वर की ड्यूटी भी रेंडमाइजेशन प्रक्रिया से की गई। निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर में रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया स्थानीय एनआईसी के उप निदेशक मनोज कुमार सिंह द्वारा पूर्ण की गई। उन्हें 16 नवंबर को कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज से सवेरे सामग्री वितरण कर अपने गंतव्य मतदान केंद्र के लिए रवाना किया जाएगा। मतदान 17 तारीख को सवेरे 8 बजे से शुरू होगा।

## 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी मतदाता कर सकेंगे मतदान

छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने बताया कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए हैं। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, वे अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे।

प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत हैं, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

### निर्भीक होकर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें - कलेक्टर



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवनीश शरण ने जिले में 17 नवम्बर शुक्रवार को होने वाले निर्वाचन में निर्भीक होकर अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील जिले के सभी नागरिकों से की है। मतदान के लिए सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक का समय निर्धारित है। कलेक्टर ने कहा है कि लोकतंत्र के महापर्व पर प्रत्येक मतदाता को सहभागी बनना चाहिए। मतदान करना मतदाता का अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है। मतदाता को अपने इस अधिकार का प्रयोग करना चाहिए और अपनी महती जिम्मेदारी का अनिवार्य रूप से निर्वहन करना चाहिए। लोकतंत्र में प्रत्येक मत का महत्व होता है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवनीश शरण ने इस पुनीत कार्य में सभी की सहभागिता की अपील की है।

### वोटर टर्नआउट एप से मिलेगी मतदान प्रतिशत की जानकारी

भारत निर्वाचन आयोग के मोबाइल एप्लीकेशन 'वोटर टर्नआउट एप' के माध्यम से छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 17 नवंबर को मतदान प्रतिशत की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। वोटर टर्नआउट एप के माध्यम से अनुमानित वोटर टर्नआउट को रियल टाइम में देखना बहुत आसान हो गया है। वोटर टर्नआउट एप में मतदान के दिन प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में वोटर टर्नआउट की जानकारी प्रदर्शित की जाती है।

वोटर टर्नआउट एप नागरिकों को संचयी वोटर टर्नआउट के साथ ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग अनुमानित संचयी मतदाता प्रतिशत की जानकारी प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करता है। निर्वाचन में नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने और मतदान के दिन वोटर टर्नआउट की त्वरित जानकारी उपलब्ध कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस एप्लीकेशन को लॉन्च किया गया है। यह एप गूगल प्ले स्टोर और ऐप्पल स्टोर दोनों प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है।

वोटर टर्नआउट एप को प्रत्येक राज्य के लिए अनुमानित वोटर टर्नआउट दिखाने के लिए डिज़ाइन किया गया है और इसका प्रयोग जिला और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर तक किया जा सकता है। मतदान के दिन इस पर राज्यवार, जिलेवार और विधानसभाक्षेत्रवार वोटर टर्नआउट का अपडेट देखा जा सकता है।

## सार-संक्षेप



### ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेंमन ने जिला निर्वाचन अधिकारी से की शिकायत

**बिलासपुर,** 15 नवंबर ( देशबन्धु)। जहां एक और पूरे प्रदेश में भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रयास किया जा रहे हैं कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रहे । इसके लिए पिछले दो महीने से अभियान चलाया जा रहा है ।लेकिन जिला निर्वाचन के इस प्रयास पर भाजपा के कार्यकर्ता बाधा बन रहे हैं। 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए मतदाताओं को प्रलोभन देकर पहले से ही उंगलियों में स्याही लगाने की शिकायत ब्लाक कांग्रेस कमेटी 1 ने की है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जावेद मेमन ने आज जिला निर्वाचन अधिकारी को एक शिकायत पत्र दिया है। जिसमें बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 30 में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मतदाताओं से मतदाता परिचय पत्र लेकर उनके हाथ उंगलियां में स्याही लगाकर प्रलोभन के तहत नगद राशि एवं अन्य सामग्री सामग्री देकर मतदान करने से रोका जा रहा है । जिसकी शिकायत ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन ने आज जिला निर्वाचन अधिकारी से की है । जावेद मेमन ने रिटर्निंग ऑफिसर को बताया है कि निचले इलाकों में तालापारा, मगरपारा , खपरगंज ,मसानगंज, ठेठा डबरी, मिनी बस्ती मंडावा बस्ती ,समेत अनेक इलाकों में भाजपा के कार्यकर्ता विभिन्न वार्डों में पहुंचकर स्याही गैंग के माध्यम से मतदाताओं को प्रलोभन देकर उनकी उंगलियों में मतदान के पहले से ही स्याही लगा रहे हैं । और मतदान से रोक रहे हैं। इस मामले में ब्लॉक अध्यक्ष ने पुलिस पेट्रोलिग कराने तथा उच्च स्तरीय जांच की मांग रिटर्निंग ऑफिसर से की है। आज जिला निर्वाचन कार्यालय में शिकायत करने वालों में प्रमुख रूप से जावेद मेमन ,फिरोज कुरैशी, शेखर मुदलियार, शैलेंद्र जायसवाल ,रमजान गौरी तथा सुभाष ठाकुर ने रिटर्निंग ऑफिसर को बताया कि 2018 के चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा मतदाताओं को मतदान से रोकने की कोशिश की गई थी और स्याही गैंग का उपयोग किया गया था और मतदाताओं को प्रलोभन दिया गया था । 13 नवंबर को भी इस बार तालापारा मगरपारा, खपरगंज, मसानगंज ,ठेठा डबरी, मिनी बस्ती मंडावा बस्ती, बापूनगर, जूना बिलासपुर यादव मोहल्ला तोरबा ,ईरानी मोहल्ला चाटीडीह,तथा विस्थापित किए गए परिवार जैसे अटल आवास ,कोनी,बहतरराई, राजकिशोर नगर ,इमली भाटा ,अशोक नगर भू,कंप आवास के मतदाताओं को प्रलोभन दिया जा रहा है । एक और जहां जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा शत प्रतिशत मतदान के लिए के लिए काम किया जा रहा है । वही भाजपा, राजनीतिक दल सत प्रतिशत मतदान में आडे आ रहे हैं । जिसपर कार्रवाई की मांग ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन ने की है । भारत निर्वाचन आयोग से भी शिकायत कांग्रेस कमेटी करेगी।

### खरसिया समपार मरम्मत के लिए बंद रहेगी

**बिलासपुर,** 15 नवंबर ( देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत खरसिया-झाराडीह स्टेशनों के मध्य किमी 620/22-24 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या 313 (खरसिया फाटक) को दिनांक 01 दिसम्बर रात 10 बजे से 02 दिसम्बर सुबह 10 बजे तक आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु सड़क यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है। उक्त समपार पर मरम्मत कार्य के दौरान यातायात के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पास में ही स्थित बानीपाथर फ्लाईओवर ब्रिज एवं झाराडीह फाटक से उपलब्ध है ।

# पिंक बूथ में महिलाओं की लगेगी ड्यूटी

## पीठासीन अधिकारी से लेकर मतदान कर्मी भी महिलाएं ही रहेंगी

**बिलासपुर,** 15 नवंबर ( देशबन्धु)। एक विधानसभा में 250 महिलाओं की लगेगी ड्यूटी, नारी सशक्तीकरण की दिखेगी झलक17 नवंबर को विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए मतदान होना है। मतदान केंद्रों में शत-प्रतिशत मतदान को लेकर इस बार भारत निर्वाचन आयोग ने पुख्ता प्रबंध किया है। यह पहली बार होगा जब प्रदेश के जिन 70 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा वहां प्रत्येक विधानसभा में 10 पोलिंग बूथों में पिंक बूथ का गठन किया जाएगा। एक पिंक पोलिंग बूथ में चार महिला कर्मचारियों की ड्यूटी लगेगी।




बिलासपुर जिले के अंतर्गत छह विधानसभा सीट को शामिल किया गया है। जिले में 250 महिला कर्मचारी इस बार चुनाव ड्यूटी करती नजर आएंगी। पीठासीन अधिकारी से लेकर मतदान कर्मी भी महिलाएं ही रहेंगी। आयोग की योजना पर गौर करें तो जिले के जिन 10 सीटों में पिंक पोलिंग बूथ का गठन किया जाएगा वहां महिला मतदाताओं की संख्या अधिक होगी।

महिला मतदाताओं की अधिकता वाले पोलिंग बूथों को चिन्हांकित करने का काम पूरा कर लिया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से जुड़े अधिकारी व कर्मचारियों के अलावा प्रशासनिक अमले द्वारा बीते दो दिनों से इन बूथों में शत-प्रतिशत मतदान को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। यहां महिलाओं को सबसे पहले मतदान केंद्र पहुंचने और मताधिकार का प्रयोग करने प्रेरित किया जा रहा है। महिलाओं से इस बात का आग्रह भी कर रहे हैं कि खुद वोट डालें और परिवार के सदस्यों के अलावा आसपास के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें।

# 27 स्टेशनों पर 31 स्टालों में मेक इन इंडिया के तहत स्थानीय उत्पादों की बिक्री

## स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहित करने का सार्थक व प्रयास

**बिलासपुर,** 15 नवंबर ( देशबन्धु)। रेलवे की व्यापक पहुंच और महत्व को ध्यान में रखते हुये स्थानीय उत्पादों को देशभर में लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर स्थानीय कपड़ों, हस्तशिल्प, मिटटी से निर्मित वस्तुएं, हथकरघा, बांस के उत्पाद, वनोपज आदि को बढ़ावा देने की योजना बनायीं गई है । स्थानीय उत्पादों को बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नाम मात्र शुल्क के साथ स्थानीय उत्पादों को 15-15 दिनों के लिए यह व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है।

इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना के 27 स्टेशनों में लगभग 31 स्टाल लगाए गए है, जिसमें स्थानीय स्तर पर निर्मित एवं प्रसिद्ध वस्तुओं की बिक्री प्रारंभ की गई है । इन स्टेशनों में बिलासपुर रेल मण्डल के अंतर्गत 10 स्टेशन - बिलासपुर, अनुपपुर, चांपा, कोरबा, पेंड्रारोड, रायगढ़, शहडोल, सक्ती, नैला, उसलापुर, रायपुर रेल मण्डल के अंतर्गत 6 स्टेशन ङ्क रायपुर, दुर्ग, भिलाई पावर हाउस, मरौदा, दल्लीराजहरा, भाटापारा, नागपुर रेल मण्डल के अंतर्गत 11 स्टेशन ङ्क इतवारी, गोंदिया, नैनपुर, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, तुमसर रोड, भंडारा रोड, बालाघाट, कांप्टी, घंसौर एवं छिंदवाड़ा स्टेशन शामिल है ।

इन स्टालों में उपलब्ध कलाकृतियों एवं सामानों के माध्यम से स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाए गए इन विलक्षण कलाकारी से यात्री परिचित हो रहे हैं साथ ही आवश्यकतानुसार इसकी खरीददारी भी कर रहे हैं तथा इनकी कारीगरी की तारीफ भी कर रहे हैं ।

इस योजना के तहत रेलवे छोटे किसानों और उद्यमों के लिए कुशल लॉजिस्टिक्स विकसित करेगा। प्रत्येक रेलवे स्टेशन को एक स्थानीय उत्पाद के लिए प्रचार केंद्र की तरह देखा जा सकता है। यह किसानों और कृषि एवं उसके सहयोगी उद्यमों के लिए अधिक कुशल विकसित करने में मदद करेगा और स्टेशनों से गुजरने वाले व्यापक दर्शकों, यानी रेलवे यात्रियों के लिए अद्वितीय क्षेत्रीय उत्पाद पेश करेगा । इसका उद्देश्य रेलवे का उपयोग करके स्थानीय उत्पाद की आपूर्ति श्रृंखला को बेहतर बनाना है । इसके लिए कियोस्क स्टॉल का निर्माण नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन अहमदाबाद द्वारा किया गया है । स्टेशन पर कियोस्क रेलवे अपने खर्च पर लगाकर देगा । उत्पादकर्ता को पंद्रह दिनों के लिए कियोस्क दिया जाएगा । रेलवे के इतिहास में पहली बार होगा कि कियोस्क लगाने के लिए लोगों द्वारा आवेदन किए जा रहे हैं । कियोस्क का ढांचा रेलवे देगा, जबकि जिसे यह अलाट होंगे, वे सामान रखकर बेच सकेंगे । इसकी सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस योजना में प्रत्यक्ष रूप से प्राथमिक उत्पादकों के लिए है । एक स्टेशन-एक उत्पाद के तहत स्थानीय कलाकार को स्टेशन पर सिर्फ 15 दिन में ही अपने उत्पाद प्रदर्शित करने दिया जाएगा । इसके बाद दूसरे कलाकारों को मौका मिलेगा । एक माह में दो उत्पाद और एक साल में 24 उत्पाद एक स्टेशन के लिए रेलवे को चाहिए हैं । ऐसे में एक स्टेशन पर एक या दो नहीं बल्कि कई स्थानीय उत्पादों को यह स्टॉल उपलब्ध कराया जा रहा है । वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना की इस अभिनव पहल से जहां मेक इन इंडिया का सपना साकार हो रहा है वहीं स्थानीय लघुकार, कारीगरों, हस्तशिल्पों की आय में वृद्धि भी हो रही है तथा स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने में भी मदद मिल रही है तथा यात्रीगण इन स्थानीय स्वदेशी सामान की खरीदी कर इस कार्य में लगे कामगारों को रोजगार उपलब्ध कराने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान कर रहे हैं ।

# अपोलो बिलासपुर में अब बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा

## जाने माने विशेषज्ञ डॉ राकेश रेड्डी बोया देंगे सेवा

**बिलासपुर,** 15 नवंबर ( देशबन्धु)। अपोलो कैंसर सेंटर बिलासपुर में बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा शुरू हो गई है। जानेमाने विशेषज्ञ डॉ राकेश रेड्डी बोया यहां अपनी सेवा देंगे। इसमें प्रत्यारोपण में मरीज क्षतिग्रस्त स्टेम सेल्स को स्वस्थ सेल्स से बदल दिया जाता है। ट्रांसप्लांट सीरीज की समस्या दूर हो जाती है।

आज आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान डॉ रेड्डी ने बताया सामान्य तौर पर, बच्चों में कैंसर असामान्य है। कैंसर से पीड़ित बच्चों और उनके परिवारों की विशेष ज़रूरतें होती हैं जिन्हें बच्चों के कैंसर सेंटर में सबसे अच्छी तरह से पूरा किया जा सकता है। इन सेंटर में बच्चों के कैंसर का उपचार विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा किया जाता है, जो वयस्क और बचपन के कैंसर के बीच के अंतर को जानते हैं, साथ ही साथ कैंसर से पीड़ित बच्चों और उनके परिवारों की अनूठी जरूरतों को भी जानते हैं। इस टीम में आमतौर पर शामिल हैं पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजिस्ट डॉक्टर जो कैंसर वाले बच्चों के इलाज के लिए दवाओं का उपयोग करने में विशेषज्ञ हैं। ष्ठह्म्. राकेश रेड्डी ने बताया हेमेटोलॉजी ऑन्कोलॉजी रक्त से संबंधित कैंसर जैसे कि ल्यूकेमिया, लिम्फोमा और मल्टीपल मायलोमा से संबंधित है। हेमेटोलॉजिस्ट और ऑन्कोलॉजिस्ट इस प्रकार के कैंसर के निदान और उपचार के लिए मिलकर काम करते हैं। अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अरनब स्मृति रहा एवम मेडिकल सुप्रीटेंडेंट डॉक्टर अनिल कुमार गुप्ता ने बताया छत्तीसगढ़ राज्य में सिकल सेल एनीमिया एवम थेलेसीमिया के मरीज बहुत अधिक संख्या में हैं। एवम समुदाय विशेष मैं इसे बहुतायत में देखा गया हैं। अंचल के मरीजों को होने वाली असुविधा को देखते हुए अपोलो प्रबंधन द्वारा लिया गया यह निर्णय एक मील का पत्थर साबित होगा। अपोलो के एम एस डॉक्टर अनिल कुमार गुप्ता ने डॉ राकेश रेड्डी बोया का रूप से अपोलो परिवार में स्वागत किया।



### बोन मैरो प्रत्यारोपण क्या है?

डा. रेड्डी ने बताया बोन मैरो प्रत्यारोपण एक ऐसी प्रक्रिया है जहाँ रोगी की डैमेज स्टेम सेल्स को स्वस्थ सेल्स से बदल दिया जाता है। यह प्रतिस्थापन संक्रमण और विकारों को रोकने के लिए शरीर को पर्याप्त रेड ब्लड सेल्स, डब्ल्यूबीसी और प्लेटलेट्स का उत्पादन करने में मदद करता है।

बोन मैरो प्रत्यारोपण के अलग-अलग नाम हैं, जैसे हेमेटोपोएटिक स्टेम सेल ट्रांसप्लांट या स्टेम सेल ट्रांसप्लांट। हालांकि यह एक प्रभावी इलाज हो सकता है, इस प्रक्रिया के संभावित दुष्प्रभाव हो सकते हैं जैसे थकान, मतली, उल्टी और संक्रमण जिन्हें सावधानीपूर्वक प्रबंधन की आवश्यकता होती है। इसलिए, रोगी को बोन मैरो प्रत्यारोपण के लिए जाने से पहले संभावित दुष्प्रभावों के बारे में पता होना चाहिए। बोन मैरो प्रत्यारोपण ब्लड कैंसर और रक्त संबंधी विकारों वाले व्यक्तियों के लिए जीवन रक्षक समाधान प्रदान करता है। हालांकि किसी भी चिकित्सा प्रक्रिया से जुड़ी जटिलताएं और दुष्प्रभाव हो सकते हैं, लेकिन यह याद रखना आवश्यक है कि इसके कई लाभ और सकारात्मक परिणाम हो सकते हैं।

### बच्चों में कैंसर ट्रीटमेंट प्लान

निदान के बाद, बच्चों के कैंसर में स्पेशलिस्ट डॉक्टर जिसे पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजिस्ट कहा जाता है, परिवार और अन्य कैंसर उप-विशेषज्ञों के साथ मिलकर एक ट्रीटमेंट प्लान या प्रोटोकॉल तैयार करेगा। ट्रीटमेंट प्लान में क्या शामिल है यह कैंसर के प्रकार, कैंसर के आनुवंशिकी और शरीर में कैंसर के स्थान पर निर्भर करता है।

### ट्रांसप्लांट से ठीक होने में कितना समय लगता है

बोन मैरो प्रत्यारोपण एक आवश्यक प्रक्रिया है जिसके लिए एक स्वस्थ इम्यून सिस्टम की आवश्यकता होती है। बोन मैरो प्रत्यारोपण से ठीक होने में आमतौर पर 06 महीने से एक साल तक का समय लगता है। इस उपचार प्रक्रिया के दौरान, किसी भी परेशानी को रोकने के लिए आपको अपनी स्वास्थ्य सेवा टीम के संपर्क में रहना चाहिए।

### क्या बोन मैरो ट्रांसप्लांट से सब ठीक हो सकता है?

तीव्र लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया (आल) वाले किसी भी उम्र के लोगों के लिए बोन मैरो प्रत्यारोपण एक प्रभावी उपचार है। यह नए, स्वस्थ लोगों के लिए डैमेज ब्लड बनाने वाले सेल (स्टेम सेल) का आदान-प्रदान करके करता है। नतीजतन, प्रत्यारोपण कुछ रोगियों में स्वास्थ्य बहाल कर सकता है।

CMYK

## सार-संक्षेप

### गेवरा प्रबंधन ने आत्मानंद स्कूलों के लिए दिए 3.24 करोड़




**कोरबा,** 15 नवंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल की गेवरा क्षेत्र परियोजना ने कोरबा जिले के खदान प्रभावित क्षेत्रों के 5 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में रूपांतरित करने हेतु सीएसआर मद अंतर्गत 8.91 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। प्रथम किश्त के तौर पर 3 करोड़ 24 लाख 74 हजार रुपए डिपोजिट बेसिस पर कलेक्टर, कोरबा को जारी किया गया। एसईसीएल, गेवरा क्षेत्र के महाप्रबंधक एसके मोहंती ने कलेक्टर सौरभ कुमार को 3 करोड़ 24 लाख 74 हजार रुपए का चेक सौंपा। उक्त राशि का उपयोग विद्यालय भवन के रेनोवेशन, अतिरिक्त कक्षा कक्ष, साइंस लैब, कंप्यूटर सेट, डेस्क-बेंच, ग्रीन बोर्ड, खेल-कूद की सामग्री इत्यादि सुविधा प्रदान करने में किया जाएगा।

### मतदान अधिकारियों-कर्मचारियों का हुआ रेण्डमाइजेशन

**कोरबा**, 15 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत कोरबा जिले के मतदान केंद्रों में मतदान अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी रेण्डमाइजेशन प्रक्रिया से की गई। कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कोरबा जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षक प्रियतु मण्डल और सी. के. जमातिया, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार की उपस्थिति में मतदान दल के अधिकारियों-कर्मचारियों का रेण्डमाइजेशन किया गया। रेण्डमाइजेशन पश्चात् अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी मतदान केंद्रों में लगाई गई है। 16 नवंबर को मतदान सामग्रियों के साथ उक्त मतदान कर्मी निर्धारित मतदान केंद्रों में प्रस्थान करेंगे। इस दौरान स्वीप नोडल अधिकारी विश्वदीप, नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, रिटर्निंग अधिकारी प्रदीप साहू, श्रीकांत वर्मा, हरिशंकर पैंकरा, सुश्री रिचा सिंह और एनआईसी अधिकारी हेमंत जायसवाल उपस्थित थे।

### उत्पादन व डिस्पैच बढ़ाने खदान में उतरे निदेशक

कोरबा, 15 नवंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल की कोयला खदानों के दम पर एसईसीएल का सालाना टारगेट पूरा होना है। 197 मिलियन टन कोयला उत्पादन और डिस्पैच टारगेट में से 80 फीसदी से अधिक कोयला जिले की खदानों से निकाला जाना है। जिसे लेकर अधिकारी लगातार खदानों का जायजा ले रहे हैं। इस कड़ी में निदेशक तकनीकी संचालन सह योजना परियोजना एसएन कापरी ने गेवरा मेगा प्रोजेक्ट व सरईपाली ओपनकास्ट का निरीक्षण किया।

एसईसीएल गेवरा खदान वित्तीय वर्ष के आठ महीनों में बेहतर प्रदर्शन के साथ कंपनी की सर्वाधिक उत्पादन और डिस्पैच करने वाली माइंस है। गत वित्तीय वर्ष में भी गेवरा ने दमदार प्रदर्शन किया था। आगे भी इस प्रदर्शन को जारी रखने की चुनौती है। खदान से कोयला उत्पादन और डिस्पैच में गति लाने सीएमडी डॉ. प्रेमसागर मिश्रा दौरा कर चुके हैं। अब उसके बाद निदेशक तकनीकी एसएन कापरी ने भी मेगा परियोजना का जायजा लिया है। इसके अलावा उन्होंने सरईपाली ओपन कास्ट का निरीक्षण किया। कोरबा एरिया अंतर्गत आने वाली सरईपाली ओपन कास्ट कंपनी की नई खदान है। जिसने शुरुआत से ही बेहतर कोयला उत्पादन और डिस्पैच किया है। कोरबा एरिया की मानिकपुर और सरईपाली ओपनकास्ट के बूते अब तक की स्थिति में एरिया लक्ष्य से आगे है। उत्पादन और डिस्पैच की गति बनाए रखने निदेशक तकनीकी ने अधिकारियों से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एरिया के अधिकारी भी मौजूद रहे। उनके द्वारा श्री कापरी को जानकारी भी दी गई।

### मां काली की प्रतिमा का विसर्जन

**कोरबा-छुरीकला,** 15 नवंबर (देशबन्धु)। छुरीकला नगर के वार्ड क्रमांक 12 के वार्डवासियों के सहयोग से इस बार भी गणेशा तालाब में काली महोत्सव राजपुरोहित अनिल तिवारी के नेतृत्व में मनाया गया। यहां मां काली की मूर्ति स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। हर्षोल्लास एवं जस गीतों के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया गया। तीन वर्षों से लगातार वार्ड 12 गणेशा तालाब के समीप मां काली महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। गणेशा तालाब में भव्य पंडाल बनाकर मां काली मूर्ति की स्थापना धनतेरस को राजपुरोहित अनिल तिवारी के द्वारा विधिवत पूजा कर मूर्ति स्थापित की गई। तीन दिन चले मां काली महोत्सव के अंतिम दिवस मंगलवार 14 नवम्बर को हवन पूजन के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान प्रतिदिन मां काली की सुबह शाम पूजा आरती की गई। पूजा आरती में नगर सहित आसपास क्षेत्र के भक्तगण शामिल हुए। यहां अनेक प्रकार की झांकी युवाओं द्वारा लगाए गए थे जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। देवी पंडाल में महिला पुरुषों के टोली द्वारा जसगीत जागरण का आयोजन किया गया।

### सार्वजनिक स्थान पर शराब पीना पड़ेगा महंगा, समिति लगाएगी जुर्माना

**कोरबा,** 15 नवंबर (देशबन्धु)। सर्वमंगला ग्राम समिति के द्वारा वार्ड 54 सर्वमंगला नगर में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसे लेकर पिछले कुछ दिनों से समिति के सदस्य सक्रिय हैं। वार्ड के सार्वजनिक स्थलों पर शराबखोरी की जाती है इससे लोगों को परेशानी होती है। समिति ने इसे गंभीर समस्या माना है। इस समस्या को लेकर समिति द्वारा बैठक कर सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है, कि सार्वजनिक स्थान जैसे स्कूल के निकट, मंदिर के आसपास, अस्पताल तालाब के पास या खुले स्थान पर यदि कोई शराब पीते पाया जाता तो उस पर 2000 रुपए का अर्थदंड लगाया जाएगा। साथ ही उसके विरुद्ध पुलिस में भी शिकायत की जाएगी। इसके लिए निगरानी समिति भी तैयार की गई है जो ऐसे स्थान पर नजर बनाकर रखेंगे। समिति ने वार्ड के सभी लोगों से यह अपील की है कि नशा मुक्ति अभियान में साथ दें ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था निर्मित की जा सके।

### बाइक की चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा,** 15 नवंबर (देशबन्धु)। कोतवाली थाना क्षेत्र के सीतामणी से घर के सामने से बाइक की चोरी हो गई। बाइक रमेश गली में रहने वाले संतोष कुमार साहू की है। पटाखा फोड़ने के बाद घर के सामने बाइक खड़ी कर परिवार के सभी सदस्य सोने चले गए थे। सुबह उठे तो बाइक मौके पर नहीं थी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले में चोरी का केस दर्ज किया है।

### माडर्न कॉलेज में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

**कोरबा,** 15 नवंबर (देशबन्धु)। स्वीप कार्यक्रम के तहत् माडर्न कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एण्ड इन्फॉरमेंशन टेक्नोलॉजी महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने निष्पक्ष मतदान बिना प्रलोभन से प्रभावित हुए करन की शपथ ली।

# आठ हजार अधिकारी-कर्मचारी करायेंगे मतदान

### सामग्रियों का वितरण आज

**कोरबा**, 15 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अन्तर्गत कोरबा जिले में मतदान हेतु सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। जिले में 1081 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। सभी मतदान केन्द्रों में एक पीठासीन अधिकारी, मतदान दल अधिकारी-1, मतदान दल अधिकारी-2 एवं मतदान दल अधिकारी-3 तथा एक पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। संवेदनशील तथा अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों में अतिरिक्त बल लगाया गया है। इसके अलावा 115 सेक्टर अधिकारी, 52 माइक्रो आब्जर्वर की ड्यूटी लगी है। आपातकालीन स्थितियों के लिए लगभग एक हजार मतदान कर्मियों को रिजर्व में रखा गया है।

जिले में आठ हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारी मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने अपनी भूमिका निभायेंगे। मतदान 17 नवंबर को सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक संपन्न होगा। मतदान कर्मियों को सामग्री का वितरण 16 नवंबर को आईटी कालेज झगरहा से किया जायेगा।

### महिलाएं निभाएंगी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

विधानसभा निर्वाचन में पुरूष एवं महिला अधिकारी सहभागी बनेंगे। विधानसभा कोरबा अंतर्गत मतदान अधिकारी क्रमांक 3 में महिलाएं ही होंगी। कटघोरा विधानसभा अंतर्गत 28 मतदान केंद्रों में भी महिलाएं मतदान अधिकारी क्रमांक 3 के रूप में कार्य करेंगी।

### सहयोग के लिए रहेंगे मतदाता मित्र

सभी मतदान केंद्रों में सहयोग के लिए मतदाता सहायक (वोटर असिस्टेंट) उपलब्ध होंगे। मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम ढूंढने और मतदान केंद्र के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा एनसीसी व एनएसएस के कैडेट्स भी मतदान केंद्रों में उपलब्ध होंगे।

### उपलब्ध कराया जाएगा मेडिकल किट

मतदान दल में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को उपचार से संबंधित मेडिकल किट स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। आपातकालीन परिस्थितियों में मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारी नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार हेतु सम्पर्क कर सकते हैं। महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्रों में एंबुलेंस भी तैनात होंगी।



### जिले में कुल 9 लाख 20 हजार 85 मतदाता

कोरबा जिले के विधानसभा वार मतदाताओं की संख्या रामपुर विधानसभा पुरूष मतदाता एक लाख आठ हजार 98, महिला मतदाता एकलाख 12 हजार 216 कुल दो लाख 21 हजार 124, कोरबा विधानसभा अन्तर्गत पुरूष मतदाता एक लाख 29 हजार 42, महिला मतदाता एकलाख 26 हजार 777, थर्ड जेंडर 21, कुल मतदाता दो लाख 55 हजार 84, कटघोरा विधानसभा अन्तर्गत पुरूष मतदाता एक लाख आठ हजार 462, महिला मतदाता एक लाख छ-हजार 299, थर्ड जेंडर नौ, कुल मतदाता दो लाख 14 हजार 77, पाली-तानाखार विधानसभा अन्तर्गत पुरुष मतदाता एक लाख 13 हजार 428, महिला मतदाता एक लाख 14 हजार नौ सौ पंद्रह, थर्ड जेंडर -8, कुल मतदाता दो लाख 28 हजार 351 हैं।

### 40 संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए

जिले में अलग-अलग विधानसभा अंतर्गत कुल 4 संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए हैं। विधानसभा 2 रामपुर अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 63 रजगामार, 64 रजगामार, 65 रजगामार, मतदान केंद्र क्रमांक 127 भैंसमा, 128 भैंसमा, 133 उरगा, 134 उरगा, 84 गोढ़ी, 169 जुनवानी और 94 कोरकोमा को संगवारी मतदान केंद्र बनाया गया है। विधानसभा कोरबा 21 अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 11 अयोध्यापुरी (गोपालपुर), 21 जैलगांव, 72 रूमगरा, 76 कोहड़ियां, 18 पाड़ीमार, 121 बुधवारी, 127 कोरबा (रामपुर), 135 कोरबा-पोड़ीबहार, 147 कोरबा-इंदिरा चौक और मतदान केंद्र क्रमांक 16 कोरबा को संगवारी मतदान केंद्र बनाया गया है। विधानसभा 22 कटघोरा अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 21 अमरपुर, 23 धवईंपुर, 24 ढेलवाडीह, 25 ढेलवाडीह, 33 कटघोरा, 36 कटघोरा, 4 कटघोरा, 44 नवागांव, 53 छुरीकला, 56 छुरीकला तथा विधानसभा पाली तानाखार अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 15 गुरसिया, 127, पोड़ी-उपरोड़ा, 129 कोनकोना, 161 तानाखार, 183 सुतर्रा, 191 इरफ, 27 रंगोले, 26, केराझरिया, 285 पाली, 286 पाली को संगवारी मतदान केंद्र बनाया गया है। संगवारी मतदान केंद्र में सभी मतदान दल अधिकारी-कर्मचारी महिलाएं होंगी।

### 20 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए

विधानसभा निर्वाचन 223 अंतर्गत जिले में 2 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। विधानसभा रामपुर अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 127 भैंसमा, 128 भैंसमा, 133 उरगा, 159 सरगबुंदिया, 16 सरगबुंदिया, विधानसभा कोरबा अंतर्गत 11 अयोध्यापुरी (गोपालपुर), 135 पोड़ीबहार, 147 कोरबा इंदिरा चौक, 92 पाड़ीमार, 22 जैलगांव, विधानसभा कटघोरा अंतर्गत 24 ढेलवाडीह, 25 ढेलवाडीह, 4 कटघोरा, 53 छुरीकला, 56 छुरीकला तथा पाली-तानाखार विधानसभा अंतर्गत 15 गुरसिया, 127 पोड़ी-उपरोड़ा, 129 कोनकोना, 26 केराझरिया, 285 पाली को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है।

### युवा और दिव्यांग मतदान बूथ बनाए गए

जिले में सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक युवा और दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र बनाए गए हैं। विधानसभा रामपुर अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 16 सरगबुंदिया, विधानसभा कोरबा 92 पाड़ीमार, विधानसभा कटघोरा 8 बांकी और पाली-तानाखार अंतर्गत 258 सैला, विधानसभा रामपुर के 159 सरगबुंदिया, कोरबा के 22 जैलगांव, कटघोरा 19 हरदीबाजार और पालीतानाखार के 277 करतला को युवा प्रबंधित मतदान केंद्र बनाया गया है।

### प्रेक्षकों के मोबाइल नंबर पर निर्वाचन संबंधी कर सकते हैं शिकायत

**कोरबा**, 15 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत रामपुर और कोरबा विधानसभा हेतु प्रेक्षक प्रियतु मंडल (आईएएस), मो.नं. 7587016645 से आम नागरिक प्रातः 9.30 बजे से 10.30 बजे तक कावेरी भवन गेस्ट हाउस, कटघोरा और पाली-तानाखार हेतु प्रेक्षक सी. के. जमातिया.(आईएएस), मो.नं. 7587016646 से आम नागरिकगण प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस में मिलकर निर्वाचन संबंधी शिकायत कर सकते हैं।. इसी तरह व्यय आब्जर्वर ओ.एन.हरिप्रसाद राव (आईआरएस) मो.नं. 7587016535 और पुलिस आब्जर्वर सी.वेंकटा सुब्बा रेड्डी (आईपीएस) मो.नं. 7587016647 से सुबह 9.30 बजे से 10.30 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस में निर्वाचन संबंधी शिकायत की जा सकती है।

### शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध

**कोरबा**, 15 नवंबर (देशबन्धु)। निर्वाचन संबंधित शिकायतों हेतु आम नागरिकों के लिए कोरबा जिले में हेल्पलाइन नंबर 07759-224608 जारी की गई है। इसके अलावा हेल्पलाइन नंबर 1950 में भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सी-विजील ऐप में आम नागरिक शिकायत दर्ज करा सकते हैं। निर्वाचन संबंधित शिकायतों हेतु आम नागरिकों के लिए कोरबा जिले में हेल्पलाइन नंबर 07759-224608 जारी की गई है। इसके अलावा हेल्पलाइन नंबर 1950 में भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सी-विजील ऐप में आम नागरिक शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक दस्तावेज होंगे मान्य

### मनरेगा जॉबकार्ड, पेनकार्ड, स्मार्ट कार्ड सहित अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र निर्धारित

**कोरबा,** 15 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।

यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए हैं। इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे। प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत हैं, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

## जागरूक मतदाता अच्छे जनप्रतिनिधि चुन सकते हैं-सौरभ कुमार

### प्रजातंत्र की मजबूती के लिए मतदान अवश्य करें मतदाता

**कोरबा,** 15 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने प्रजातंत्र की मजबूती के लिये मतदान को आवश्यक बताते हुए कहा कि जागरूक मतदाता अच्छे जनप्रतिनिधि चुन सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को निष्पक्ष होकर और प्रलोभन से दूर रहकर मतदान करने जागरूक बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को उनके वोट का महत्व को समझना होगा। मतदाता जागरूक होकर एवं मतदान में हिस्सा लेंगे तो एक बेहतर जनप्रतिनिधि चुन सकते हैं और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अपने क्षेत्र का बेहतर विकास भी करा सकते हैं।



कलेक्टर सौरभ कुमार ने जिले जिले के मतदाताओं को जागरूक होकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने जिले में स्वीप द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को अनेक जानकारी मिलने की बात कहते हुए कहा कि स्वीप की टीम का योगदान निर्वाचन के दौरान महत्वपूर्ण हो जाता है। इसलिए वे जिम्मेदारी के साथ मतदाताओं को जागरूक करें। कलेक्टर ने प्रजातंत्र की रक्षा और मजबूती के लिए मतदान को आवश्यक बताते हुए कहा कि मतदान करके हम अपनी पसंद का उम्मीदवार, जनप्रतिनिधि के रूप में चुन सकते हैं। जहां के मतदाता जागरूक होंगे वहां के जनप्रतिनिधि भी विकास कार्यों में रूचि लेंगे। विकास कार्यों से जुड़ी योजनाओं, नीति में जनप्रतिनिधियों का योगदान होता है। इसलिए जागरूक मतदाता बिना किसी प्रलोभन के निष्पक्ष होकर अच्छे जनप्रतिनिधि चुनेंगे तो निर्वाचित जनप्रतिनिधि अधिकारियों के माध्यम से विकास से जुड़ी योजनाओं को और भी प्रभावी बनाकर अपने क्षेत्र का विकास करा सकता है। उन्होंने कहा कि जहां मतदान का प्रतिशत अधिक होता है उस क्षेत्र में विकास तेजी से होता है। इसकी सबसे बड़ी वजह वहां के लोगों की जागरूकता है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को चाहिए कि वे अपना कीमती वोट अवश्य डालें और अच्छे जनप्रतिनिधि का चयन करें।

## ठेका मजदूरों को हाई पावर कमेटी के अनुरूप मजदूरी दिलाने कमेटी का गठन

**कोरबा,** 15 नवंबर (देशबन्धु)। जेबीसीसीआई-11 मानकीकरण समिति की बैठक में मजदूरों से जुड़ें अनेक बिंदुओं पर चर्चा हुई। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बकाया एरियर्स और सालाना बोनस का भुगतान शीघ्र किए जाने का निर्णय लिया गया।

हिंद खदान मजदूर फेडरेशन अध्यक्ष व जेबीसीसीआई सदस्य नाथूलाल पांडेय ने बताया कि कोल इंडिया के अनुषंगी कंपनियों में आश्रितों के रोजगार के अनेक मामले लंबित हैं। मामले को यूनियन नेता कंपनियों में उठाते रहे हैं। बैठक में इस मुद्दे पर प्रमुखता से चर्चा की गई। जिस पर सकारात्मक निर्णय लिया गया है। निर्णय से नियोजन के लंबित मामलों के निपटारे के आसार हैं। बैठक में चर्चा हुई कि आश्रित रोजगार के लिए ज्वाइंट कमेटी का गठन किया जाएगा। जिसमें श्रमिक संगठन प्रतिनिधि को भी शामिल किया जाएगा।



बैठक में ठेका मजदूरों को एचपीसी, मिनिमम वेजेस, पीएलआर, बोनस देने संबंधी मांग उठाने पर 17 अक्टूबर को सीएमडी बैठक में चर्चा कर कमेटी बनाई गई। उसकी रिपोर्ट दिसंबर में आएगी जिस पर उचित पहल की जाएगी। टेक्निकल सब कमेटी का गठन किया गया है जिसमें केडर स्कीम संबंधी आवश्यक प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा कर मानकीकरण समिति बैठक में मजदूर हित में निर्णय लिए जाएंगे। ठेका मजदूरों के एचपीसी वेजेस मानिटरिंग करने हेतु सब कमेटी बनाई गई। जेबीसीसीआई 11 समझौते के अनुसार सभी एलाउंस, पितृत्व अवकाश, सामाजिक सुरक्षा, भारत भ्रमण, स्टडी लिव, दिव्यांग कर्मचारी वाहन भत्ता, आवास भत्ता, लिव, पेड हालिडे आदि लागू करने के लिए एक सप्ताह के भीतर आईआई जारी करने पर सहमति बनी। ओटी सिलिंग 58हजार 775 रुपए किया गया। सीपीआरएमएस एनई बीमारी इलाज के लिए पूर्व की भांति पति पत्नी के लिए प्रति वर्ष 25-25 हजार भुगतान हेतु जल्द ही कार्यालय आदेश जारी किया जाएगा। सरप्लस आवास, सेवानिवृत्त कामगार, ठेका मजदूरों को आबंटित करने ज्वाइंट कमेटी का गठन कर जांच उपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली में हुई बैठक में अगली बैठक में अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रबंधन और यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पेड न्यूज के प्रकरण तैयार, प्रत्याशियों के खाते में शामिल करने की अनुशंसा

### एमसीएमसी की बैठक आयोजित

**कोरबा**, 15 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत पेड न्यूज को लेकर दिए गए निर्देशों के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में मीडिया अनुप्रमाणन एवं मीडिया अनुवीक्षण समिति गठित की गई है। समिति द्वारा आचार संहिता प्रभावशील होने और नामांकन के पश्चात् प्रतिदिन के समाचार पत्रों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सहित सोशल मीडिया में संबंधित प्रत्याशियों द्वारा अपने पक्ष में माहौल तैयार कर मतदाताओं को प्रभावित करने वाले समाचारों पर नजर रखने के साथ ही पेड न्यूज का प्रकरण तैयार किए जा रहे हैं।




इसी कड़ी में विधानसभा कोरबा अंतर्गत इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी जयसिंह अग्रवाल और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी लखनलाल देवांगन को संबंधित रिटर्निंग अधिकारी द्वारा नोटिस जारी कर पेड न्यूज के संबंध में जवाब प्रस्तुत करने निर्देश दिए थे। इसी तरह विधानसभा कटघोरा अंतर्गत इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी पुरूषोत्तम कंवर को संबंधित रिटर्निंग अधिकारी द्वारा नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा मीडिया अनुप्रमाणन एवं मीडिया मॉनिटरिंग कमिटी के अध्यक्ष सौरभ कुमार की अध्यक्षता में सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित प्रत्याशियों द्वारा प्रस्तुत की गई जवाब पर चर्चा की गई। एमसीएमसी के सदस्यों द्वारा संबंधित प्रत्याशी के जवाब से संतुष्ट नहीं होने पर चिन्हित समाचारों को पेड न्यूज मानते हुए संबंधित प्रत्याशी के व्यक्तिगत निर्वाचन व्यय में शामिल करने की अनुशंसा की गई। समिति द्वारा तीन प्रत्याशियों के कुल चार पेडन्यूज प्रकरण तैयार किए गए हैं। इसके साथ ही 7 नए प्रकरण तैयार कर संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों को प्रेषित किया गया है, जिसकी कार्यवाही अभी प्रक्रियाधीन है। बैठक में अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी सेवा राम दीवान सहित सदस्यगण शामिल थे।

### प्रेक्षकों के मोबाइल नंबर पर निर्वाचन संबंधी कर सकते हैं शिकायत

**कोरबा,** 15 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत रामपुर और कोरबा विधानसभा हेतु प्रेक्षक प्रियतु मंडल (आईएएस), मो.नं. 7587016645 से आम नागरिक प्रातः 9.30 बजे से 10.30 बजे तक कावेरी भवन गेस्ट हाउस, कटघोरा और पाली-तानाखार हेतु प्रेक्षक सी. के. जमातिया.(आईएएस), मो.नं. 7587016646 से आम नागरिकगण प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस में मिलकर निर्वाचन संबंधी शिकायत कर सकते हैं।. इसी तरह व्यय आब्जर्वर ओ.एन.हरिप्रसाद राव (आईआरएस) मो.नं. 7587016535 और पुलिस आब्जर्वर सी.वेंकटा सुब्बा रेड्डी (आईपीएस) मो.नं. 7587016647 से सुबह 9.30 बजे से 10.30 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस में निर्वाचन संबंधी शिकायत की जा सकती है।

# सार-संक्षेप

## प्रेक्षकों की उपस्थिति में मतदान दलों का तृतीय रेण्डमाइजेशन सम्पन्न

**अम्बिकापुर,** 15 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों की उपस्थिति में बुधवार को जिला कलेक्टर सभाकक्ष में मतदान दलों का तृतीय रेंडमाइजेशन सम्पन्न हुआ। विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु जिले के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु 17 नवम्बर को मतदान किया जाएगा। मतदान दिवस पर नियुक्त मतदान अधिकारियों का तृतीय रेंडोमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए विशेष सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया गया। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र अम्बिकापुर के सामान्य प्रेक्षक श्री रूपवंत सिंह, विधानसभा सीतापुर के सामान्य प्रेक्षक श्री पी कोटेश्वर राव एवं विधानसभा लुण्ड्रा के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री बीसी सतीशा, पुलिस प्रेक्षक श्री अमित बरदार, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक कुमार, उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक, सीईओ जिला पंचायत श्री नूतन कुंवर, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा के रिटर्निंग ऑफिसर अपर कलेक्टर श्री टेकचंद अग्रवाल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर के रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम अम्बिकापुर श्रीमती पूजा बंसल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर के रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम सीतापुर श्री रवि राही सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 786 मतदान केंद्र हैं जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा हेतु 254, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर हेतु के 282, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर हेतु कुल 245 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 05 भटगांव के अंतर्गत जिले के कुल 06 मतदान केंद्र शामिल है। इन मतदान केंद्रों के लिए नियुक्त पीठासीन अधिकारी, मतदान दल क्रमांक 1, मतदान दल क्रमांक 2 एवं मतदान दल क्रमांक 3 के द्वारा 17 नवंबर को मतदान कार्य संपन्न कराया जाएगा। इसके लिए मतदान दलों का तृतीय रेंडोमाइजेशन किया गया, जिसमें मतदान दलों को मतदान केंद्र अलॉट किया गया। 16 नवम्बर को मतदान दलों को पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम से मतदान सामग्री वितरित की जाएगी, जिसके साथ ही मतदान दलों को मतदान केंद्र की जानकारी देकर उन्हें मतदान कार्य हेतु रवाना किया जाएगा।

## सवा लाख की कफ सिरप जब्त

**सूरजपुर** 15 नवंबर (देशबन्धु)। चुनाव को लेकर जिले की पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला के निर्देश पर अवैध कार्यो के विरूद्ध पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी तारतम्य में दिनांक मंगलवार को थाना प्रतापपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि राजपुर की ओर से प्रतापपुर होते हुए वाड्रफनगर की ओर पल्सर मोटर सायकल में 2 व्यक्ति नशीली कफ सिरप लेकर बिक्री करने जा रहे है।सूचना पर थाना प्रतापपुर पुलिस ने ग्राम चांचीडांड में घेराबंदी लगाया जो पुलिस को देखकर मोटर सायकल चालक व पीछे बैठा व्यक्ति मोटर सायकल छोड़कर भाग निकले। मोटर सायकल की तलाशी लेने पर बैग से 260 नग ऑनरेक्स कफ सिरप बरामद किया गया जिसकी कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रूपये है। मामले में नशीली कफ सिरप व परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है और फरार दोनों आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर किशोर केरकेट्टा व उनकी टीम सक्रिय रही।

## राजनीतिक पार्टियों के वाहनों एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग की अनुमति समाप्त

**सूरजपुर** 15 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों को पार्टी संबंधित गतिविधियों एवं चुनाव प्रचार प्रसार हेतु विभिन्न प्रकार के अनुमति संबंधित आदेश कार्यालय द्वारा जारी किया गया है। कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट के आदेश अनुसार विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत राजनीतिक पार्टियों को जारी वाहनों एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग की अनुमति संबंधित आदेश को चुनाव समाप्ति के 48 घंटे पूर्व दिनांक 15 नवंबर समय सायं 05:00 बजे से निरस्त किया जाता है।

## आज आईटीआई भवन से मतदान सामग्री का होगा वितरण

**सूरजपुर** 15 नवंबर (देशबन्धु)। 16 नवंबर को आईटीआई भवन पर्री (स्ट्रॉन्ग रूम) से सुबह 6 बजे मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा। जिसके लिए ड्यूटी में लगाए गए मतदान दल के लोग सुबह 5 बजे ही अपनी उपस्थिति वहां दर्ज करेंगे। इसके पश्चात मतदान अधिकारी 1, 2, 3 अपने पीठासीन अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करेंगें और अपने सेक्टर अधिकारी और जोनल अधिकारी को रिपोर्टिंग करेंगे। इसके उपरांत वो मतदान सामग्री लेकर मतदान केंद्र की ओर रवानगी करेंगे। मतदान दल और मतदान सामग्री सुरक्षित रूप से मतदान केंद्र में पहुंच जाए इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देश पर सभी तैयारियां पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली गई हैं। पार्किंग व्यवस्था भी सुनिश्चित कर ली गई है ताकि मतदान दल समय पर निकल सके। जिसके तहत सामग्री वितरण केंद्र के पीछे स्थित मैदान पर पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिसको चार हिस्सों में बांटा गया है। जिसमें तीन हिस्से में तीनों विधानसभा क्षेत्र प्रेमनगर (04), भटगांव (05) व प्रतापपुर (06) के लिए विधानसभा वार मतदान केंद्र के लिए लगभग 150 बसें खड़ी होगीं। जो कि निर्धारित किए गए रूट के आधार पर मतदान दल को लेकर रवाना होगीं।

## पुलिस व बीएसए फोर्स ने चुनाव को मद्देनजर रखते हुए निकाला फ्लैग मार्च

**मनेद्रगढ़** 15 नवंबर (देशबन्धु)। भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र क्र. 01 एवं मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र 02 में चुनाव के मद्देनजर होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर पुलिस पर बड़ी जिम्मेदारी है। विगत दिनों मनेंद्रगढ़ सिटी कोतवाली प्रभारी कुमारी चंद्राकर ने पुलिस बल एवं बीएसएफ फोर्स के साथ क्षेत्र में 2023 विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस दिन रात मेहनत कर अवैध कार्य में लिप्त लोगों की धरपकड़ करने के साथ ही शहर की शांति व्यवस्था को कायम रखने के प्रयास में जुटी हुई है। वही लोगों को संदेश दिया कि वे भयमुक्त होकर मतदान करे।फ्लैग मार्च के बाद थाना कोतवाली ने बीएसएफ के समस्त फोर्स को चुनाव निर्देशिका को पढ़कर सुनाया गया तथा निर्देशों का पालन करने के लिए निर्देशित किया गया ।

## मतदान दिवस 17 नवंबर को संवैतनिक अवकाश घोषित

**अम्बिकापुर** 15 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के द्वितीय चरण में मतदान किये जाने वाले जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सम्मिलित मतदान केंद्रों में मतदान दिवस 17 नवम्बर 2023 शुक्रवार को मतदान दिवस के दिन संवैतनिक अवकाश एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 09 अक्टूबर 2023 को किये गए घोषणा के अनुसार जिले में द्वितीय चरण में 17 नवंबर 2023 को मतदान किया जाना है। मतदान दिवस को मतदान करने के लिए संवैतनिक अवकाश एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

# कलेक्टर-एसपी ने संयुक्त रूप से शत प्रतिशत मतदान में अपनी महती भूमिका निभाने की अपील की

- **पहली बार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के आह्वान पर जिले के विभिन्न संघों, संगठनों, संस्थानों के प्रतिनिधि आए साथ, मतदान प्रतिशत बढ़ाने लोगों को मतदान हेतु जागरूक करने की ली शपथ**



अम्बिकापुर,15 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में प्रथम बार ऐसा हुआ जब मतदान से पूर्व जिले के समस्त संघों, संगठनों एवं विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि तथा सदस्य एक साथ इकट्ठे हुए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार तथा पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा के आह्वान पर जिला पंचायत के सभाकक्ष में सभी की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री नूतन कुमार कंवर ने जिले में मतदाताओं की संख्या, मतदान केन्द्रों में प्रमुख व्यवस्था, शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत कम होने के प्रमुख कारण, मतदाताओं हेतु केंद्रों में व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं से सभी को अवगत कराया।

कलेक्टर श्री कुंदन ने सभी प्रतिनिधियों को बताया कि जिले में मतदाताओं को प्रेरित करने पूरा प्रशासनिक अमला लगभग तीन महीनों से शांतिपूर्ण एवं सफल निर्वाचन कराने मेहनत कर रहा है, स्वीप अंतर्गत भी मतदाता जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से लोगों को मतदान हेतु प्रेरित किया गया। प्रशासन की ये मेहनत तभी सफल होगी जब मतदान प्रतिशत शत-प्रतिशत होगा और इसमें आप सभी प्रमुखों की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए यह बैठक आयोजित की गई है। आप जागरूक होंगे, अपने साथियों परिवार के सदस्यों को जागरूक करेंगे तो मतदान प्रतिशत स्वत: ही बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत कम है, इसलिए आप सभी से अपील है कि मतदान दिवस पर अपने अधीनस्थ कर्मचारियों, श्रमिकों सभी को वोट देने हेतु भेजें और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने यह भी बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान दिवस को सवैतनिक अवकाश घोषित किया है।

उपस्थित प्रतिनिधियों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की और जिले में विशेषकर शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए शपथ भी ली।

एसपी श्री शर्मा ने कहा कि हर एक वोट अत्यंत आवश्यक है इसलिए आप सभी अपने-अपने स्तर पर यह प्रयास करें कि हर मतदाता वोट करने जाए, इस हेतु सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोगों को जागरूक करें। उन्होंने इस दौरान उन्होंने मतदान के दिन जिले में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था आदि के सम्बंध में भी जानकारी दी।

बैठक में उपस्थित नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक कुमार मतदाताओं की मदद के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विभिन्न एप के बारे में जानकारी दी, उन्होंने बताया कि वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र सहित किसी भी अन्य क्षेत्र के प्रत्याशियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि दिव्यांग, बुजुर्ग मतदाताओं हेतु मतदाताओं की सहायता के लिए एनसीसी, एनएसएस की भी ड्यूटी लगाई गई है, वहीं नि:शक्त मतदाता के लिए सहयोगी डिक्लेयरेशन फॉर्म भरकर मतदान कर सकते हैं। वहीं यदि मतदाता के पास उनका मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो उसके बदले फोटोयुक्त 12 प्रकार के पहचान पत्र के द्वारा भी वोट डाल सकते हैं।

## मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पहले सभा, जुलूस व प्रचार बंद

विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु जिले तीनों विधानसभाओं में 17 नवम्बर को मतदान होना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किसी भी मतदान क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान सार्वजनिक सभाओं का प्रतिषेध किया गया है।

कोई भी व्यक्ति, किसी मतदान क्षेत्र में, उस मतदान क्षेत्र में किसी निर्वाचन के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटों की कालावधि के दौरान निर्वाचन के संबंध में कोई सार्वजनिक सभा या जुलूस न बुलाएगा, न आयोजित करेगा, न उसमें उपस्थित होगा, न उसमें सम्मिलित होगा और न उसे संबोधित करेगा। चलचित्र, टेलीविजन या वैसे की अन्य सचित्रों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं करेगा।

## मतदान समाप्ति तक नहीं होगी शराब की बिक्री

**अम्बिकापुर.** जिले में विधानसभा चुनाव निष्पक्षतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से 15 नवम्बर से 17 नवम्बर मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दौरान जिले की सभी मदिरा दुकानें बंद रखने के आदेश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार ने दिए हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में स्थित समस्त देशी एवं विदेशी एवं मदिरा दुकानों, 62वीं बटालियन एफएल - 8 एवं देशी मदिरा भंडारण भंडारगार अंबिकापुर को मतदान समाप्ति के 48 घंटे के पूर्व अर्थात 15 नवम्बर 2023 की शाम 5:00 बजे से 17 नवम्बर 2023 को मतदान समाप्ति तक शुष्क अवधि घोषित किया है। उक्त अवधि में समस्त मदिरा दुकानों को पूर्णत: बंद रखे जाने का आदेश दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपरोक्त आदेश का पालन कड़ाई से किये जाने के निर्देश दिए हैं। शुष्क अवधि में मदिरा का किसी भी प्रकार का संव्यवहार पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

# 50 प्रतिशत से अधिक केन्द्रों में महिला मतदाता की संख्या अधिक

- **सेराडांड मतदान केंद्र में सिर्फ 5 मतदाता अपने मताधिकार का करेंगे उपयोग**

**कोरिया** 15 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत बैकुंठपुर विधानसभा निर्वाचन क्रमांक 03 में 228 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। दिलचस्प बात यह है कि इनमें से 116 मतदान केंद्रों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक है। वैसे भी जेंडर रेसियो की बात करें तो यहाँ 1000 है।

बता दें बैकुंठपुर विधानसभा में पुरूष मतदाताओं की संख्या 84,040 है तो महिला मतदाताओं की संख्या 84,023 है। इस तरह 1,68,068 मतदाता हैं। 228 मतदान केंद्रों में से 116 मतदान केंद्रों में महिला मतदाताओं की संख्या करीब 46, 056 है जबकि पुरुष मतदाताओं की संख्या 43,801 है यानी महिला मतदाताओं की संख्या 2,255 अधिक है। जबकि दो मतदान केंद्र पिपरडांड और नंदभान में महिला-पुरूष मतदाताओं की संख्या बराबर है। वहीं तृतीय लिंग के मतदाताओं की संख्या मात्र 05 है। इसी तरह सोनहत में 78 मतदान केन्द्र बनाये गए हैं, जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 18,159 है, महिला मतदाताओं की संख्या 18,215 और थर्ड जेण्डर की मतदाता महज एक हैं। कोरिया जिले के सेराडांड मतदान केंद्र में 5 मतदाता हैं जो सम्भवत: प्रदेश में सबसे कम मतदाता



वाला मतदान केंद्र है।

कोरिया कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि 17 नवम्बर को प्रत्येक मतदाता अवश्य मतदान करें और जिले को जागरूक व शतप्रतिशत मतदान करने वाले जिले की सूची में शामिल करें। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारी से अपील करते हुए कहा है कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश, प्रशिक्षण में बताए गए जानकारी के अनुरूप ही हुए कार्य करने की बात कही है।

# निर्भीक होकर निष्पक्ष रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की कलेक्टर ने की अपील

**अम्बिकापुर** 15 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार ने जिले के समस्त मतदाताओं से विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु 17 नवम्बर 2023 शुक्रवार को अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों में निर्भीक होकर निष्पक्ष रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मतदान न केवल आपका अधिकार है अपितु लोकतंत्र की मजबूती के लिए आपका कर्त्तव्य भी है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का हिस्सा होने पर हम सभी को गर्व है। लोकतंत्र की शक्ति आम नागरिक का वोट है, इसलिए अपने कर्तव्य का पालन जरूर करें। लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

सभी सरगुजा वासियों से अपील है कि निर्भीक होकर निष्पक्ष रूप से मतदान करें। लोकतंत्र को मजबूत बनानें के लिए आपका एक-एक वोट महत्वपूर्ण है, इस अवसर का सदुपयोग करते हुए अपने आस-पास के लोगों को भी मतदान करने प्रेरित करें और




अधिक से अधिक संख्या में बिना किसी भय एवं प्रलोभन के मतदान करें।

एक विशेष अपील जिले की माताओं और बहनों से भी है। सरगुजा जिले में महिला मतदाताओं की संख्या इस बार ज्यादा है। प्रतिदिन के कामों के साथ माताओं और बहनों पर घर परिवार को संभालने की जिम्मेदारी होती है, इसी तरह जिले और प्रदेश के बेहतर भविष्य की जिम्मेदारी भी आप पर है। उम्मीद है कि 17 नवंबर को शत प्रतिशत माताएं एवं बहनें अपने मताधिकार का उपयोग कर इस महापर्व में हिस्सा लेंगी।

ऐसे युवा मतदाता जो पहली बार वोट करने जा रहें हैं, उन्हें भी शुभकामनाएं। युवाशक्ति देश और प्रदेश की शक्ति है। आप सभी से अपील है कि आप सभी अवश्य मतदान करने जाएं और शत प्रतिशत मतदान कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# अवैध शराब भट्टियों पर पुलिस ने मारा छापा

**रायगढ़** 15 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को लेकर जिला पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। मतदान तिथि को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना, चैकी प्रभारीगण को अवैध शराब और चुनाव प्रलोभन सामग्रियां पर सतत निगाह रखकर कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

इस संबंध में सभी प्रभारी क्षेत्र में स्टाफ और मुखबिर लगाकर सूचनाएं ली जा रही है। इसी कड़ी में कल दोपहर थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक राकेश मिश्रा को मुखबिर से सूचना मिली कि क्षेत्र के भदरापाली और कुकरी झरिया में कुछ ग्रामीण अवैध रूप से महुआ शराब



बनाया जाता है। तत्काल थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर अपनी टीम के साथ दोनों स्थानों पर शराब रेड कार्रवाई किया गया। जहां मौके पर शराब बनाने वाले नदारद मिले पुलिस ने शराब बनाने के पात्र और तैयार कर रखी हुई शराब की विधिवत गवाहों के समक्ष जप्ती कर थाना लाया गया है।

ग्राम भदरी पाली डबरी के पास से पुलिस ने 80 लीटर महुआ शराब तथा ग्राम कुकरी झरिया में 70 लीटर अवैध महुआ शराब की जप्ती की गई है। दोनों ही कार्रवाई में पुलिस ने कुल 150 लीटर महुआ शराब की लावारिस अवस्था में धारा 102 सीआरपीसी के तहत जप्त कर अवैध शराब के बनाने वालों की पतासाजी कर रही है। वहीं एक अन्य शराब रेड कार्रवाई में खरसिया पुलिस ने आरोपी बोट लाल चैहान पिता कार्तिक राम उम्र 44 वर्ष निवासी बसनाझर से 4 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त कर आबकारी अधिनियम की पृथक से किया गया है। इस प्रकार खरसिया पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई में कुल 154 लीटर अवैध महुआ शराब की जप्ती की गई है।

## महिलाओं के खाते में 1500 मानदेय का झूठा वादा कर रही है कांग्रेस- रमन

**एमसीबी** 15 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने एमसीबी जिले में मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के देवादाढ़ ग्राम सलका




में जनसभा ली उन्होंने भाजपा प्रत्याशी श्याम बिहारी जायसवाल के पक्ष में चुनाव प्रचार किया और उन्हें जिताने को लेकर आम जनता से अपील की। उन्होंने कहा कि आप लोग आज भी चाउर वाले बाबा डा रमन सिंह को जानते हैं भुपेश बघेल को काका गोबर घोटाला को जानते हैं प्रदेश का सबसे बड़ा लाबरा दारू घोटाला भुपेश बघेल 300 का दारू घोटाला मामले का जांच जारी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खाते में 1500 रुपए प्रतिमाह मानदेय भुगतान होगा, लेकिन वह भी पूरी तरह झूठा साबित है, अगर भाजपा की सरकार बनती है तो प्रदेश की महिलाओं को उनके खाते में 1000, हजार रुपए प्रतिमाह उनके खाते में आयेगा,यह बात प्रधानमंत्री मोदी ने बिलासपुर में कहा है, मोदी जो कहते है यह करते हैं, अगर प्रदेश में भाजपा सरकार बनाएगी तो नए सिरे से विकास किया जाएगा।

# कलेक्टर व एसएसपी ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ किया शहर में फ्लैग मार्च

**रायगढ़** 15 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में प्रशासन व पुलिस के ऊपर विधानसभा चुनाव में कानून व्यवस्था बनाए रखने की बड़ी जिम्मेदारी है। मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार की गड़बड़ी ना हो इसे लेकर प्रशासन और पुलिस की चैक चैबंद व्यवस्था है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर रायगढ़ कर्तिकेया गोयल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सदानंद कुमार के निर्देशन पर लगातार निर्वाचन व्यय, अवैध शराब और चुनाव प्रलोभन सामग्रियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिलेवासियों को सुरक्षा का बोध करने और आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ फ्लैग मार्च निकाला जिसमें प्रशासन और पुलिस के शीर्ष अधिकारीगण मौजूद रहे।

रायगढ़ मुख्यालय में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार पैरामिलिट्री



फोर्स के साथ फ्लैग मार्च में शामिल हुए। फ्लैग मार्च दौरान अधिकारियों ने मतदाताओं से रूबरू होकर निर्भीक और निडर होकर मतदान करने की अपील की गई है। कलेक्टर और एसपी के साथ फ्लैग मार्च में उप निर्वाचन अधिकारी अपर कलेक्टर राजीव पांडेय, जिला पंचायत सीईओ जितेंद्र यादव, एडिशनल एसपी संजय महादेवा, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, सीएसपी अभिनव उपाध्याय तथा सभी थाना प्रभारीगण साथ थे। चुनाव आयोग के पालना में संवेदनशील मतदान केन्द्रों को पूर्व ही चिन्हित कर लिया गया है।

जिले की सीमाओं पर सघन नाकेबंदी अभियान चलाया जा रहा है, बाहरी व्यक्तियों के आमद रफत पर पुलिस पैनी नजर रखे हुए है। अवैध शराब, अवैध राशि, मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस विशेष अभियान चला रही है किसी भी स्थिति में मतदान प्रक्रिया में गड़बड़ी फैलाने वालों को कतई बक्सा नहीं जाएगा। विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए प्रशासन व पुलिस पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। विधानसभा क्षेत्र खरसिया, धरमजयगढ़ और लैलूंगा में भी पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस अधिकारियों ने मतदाताओं से अपील कर कहा गया कि स्वतंत्र लोकतंत्र के लिए मतदाता निष्पक्ष, निर्भीक, निडर एवं भय मुक्त होकर मतदान करें।

## सार-संक्षेप

### भारी मात्रा में कच्ची शराब व महुआ जब्त



**खरसिया** 15 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर कार्तिकेय गोयल द्वारा अवैध कच्ची शराब के विक्रय, परिवहन धारण, पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत सहायक आबकारी आयुक्त रामकृष्ण मिश्रा रायगढ़ के मार्गदर्शन पर अवैध शराब के खिलाफ जारी अभियान में आज 15 नवंबर 2023 को आबकारी वृत्त खरसिया प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक संतोष कुमार नारंग द्वारा मय स्टाफ मूखबीर से सूचना प्राप्त होने पर ग्राम ग्रस्त के दौरान ग्राम कर्रानारा बरगढ़ में गांव के बाहर शासकीय जमीन पर झाड़ी की आड़ में रखें भारी मात्रा में 94 नग प्लास्टिक बोरी में भरी शराब बनाने योग्य महुआ पास प्रत्येक बोरी में बीस बीस किलोग्राम कल 1880 किलोग्राम एवं दो पांच लीटर धारक क्षमता वाली प्लास्टिक जरकिन में भरी 10 लीटर एवं दो प्लास्टिक पॉलिथीन में भारी 20 लीटर कुल 30 लीटर अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब बरामद की गई। कुल जप्त की गई सामग्री का बाजार मूल्य 94 हजार रुपए महुआ लहान 6000 शराब का बाजार मूल्य कुल 1 लाख रुपए होता है प्राप्त सामग्री के संबंध में गांव वालों से पूछताछ करने पर स्वामित्व की जानकारी प्राप्त नहीं होने पर लावारिस प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया।

आबकारी वृत्त खरसिया प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक संतोष कुमार नारंग ने बताया कि इससे एक दिन पूर्व 14 नवंबर 2023 को ग्राम तुरेकेला झारीड़ीह में हमारे द्वारा कार्यवाही की गई थी जिसमें गांव के बाहर तालाब किनारे 30 नग प्लास्टिक बोरी में अवैध शराब बनाने योग्य महुआ लहान महुआ पास प्रत्येक बोरी में बीस बीस किलो कुल 600 किलो एवं एक प्लास्टिक जरिकेन में 16 लीटर तीन प्लास्टिक बोतल में भरी 6 लीटर कुल 22 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त कर लावारिस प्रकरण कायम किया गया है जिसका बाजार मूल्य 34400 है प्रकरण कायम कर आगे की विवेचना की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे द्वारा अवैध शराब भट्टी संचालकों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

### प्रेक्षकों की उपस्थिति में मतदान दलों के तृतीय रेण्डमाइजेशन एवं माइक्रो आब्जर्वर का अंतिम रेण्डमाइजेशन

**जांजगीर,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 33-अकलतरा, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 34 जांजगीर चाम्पा, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 38-पामगढ़, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 35सक्ती (आंशिक) एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 37 जैजैपुर (आशिक) के मतदान दलों तथा चिन्हित मतदान केन्द्रों लिए माइक्रो आब्जर्वर का तृतीय रेण्डमाइजेशन कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किया गया। तृतीय रेण्डमाईजेशन सामान्य प्रेक्षक सुश्री प्रीति, डॉ किरण एच कुलकर्णी, पुलिस प्रेक्षक एम अर्शी एवं कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ आर के खूंटे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अमित अग्रवाल, सहायक प्रोग्रामर प्रकाश थवाईत उपस्थित थे।

### 16 पाल्हा कथा एवं चंडी पाठ का आयोजन

**डभरा,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। ब्लॉक डभरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सपोस में 18 नवंबर से 16 पाल्हा कथा एवं चंडी पाठ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन स्वर्गीय गणेश राम पटेल एवं स्वर्गीय श्रीमती जानकीबाई पटेल की स्मृति में किया जा रहा है। कथा व्यास पंडित कृष्णा पुरोहित द्वारा कथा प्रवचन करेंगे एवं यज्ञ आचार्य दीपेश पुरोहित एवं यजमान के रूप में श्रीमती गीतांजलि पटेल, राजकुमार पटेल, श्रीमती तारा पटेल, महेंद्र कुमार पटेल होंगे। इस कथा को सफल बनाने में नेतराम पटेल, सत्यभामा पटेल, तिलेश्वर पटेल, श्रीमती गायत्री पटेल, आशुतोष पटेल, धीरज पटेल, मानस राज पटेल, दिव्यांशु पटेल, रेहंश पटेल, कुमारी नूपुर पटेल, कुमारी रागनी पटेल,कुमारी स्वीटी पटेल लगे हुए हैं।

### राम नाम महायज्ञ का आयोजन

**डभरा,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्राम पेंड्रूवा में राम नाम महायज्ञ कार्यक्रम का आयोजन 21 नवंबर से 27 नवंबर तक रखा गया है। राम नाम महायज्ञ का शुभारंभ 21 नवंबर को कलश यात्रा निकाली जाएगी, इस कलश यात्रा में ग्राम की महिलाएं बालिकाएं एवं राम भक्त शामिल होंगे। आचार्य ब्रजेश कुमार पांडेय के द्वारा कथा सुनाया जावेगा एवं प्रतिदिन कीर्तन पार्टी एवं गायक कलाकारों द्वारा श्री राम भगवान की कथा का गुणगान करेंगे, साथ ही आयोजन समिति द्वारा इनामो की घोषणा की गई है जिसमें कई आकर्षक इनाम रखा गया है।

### आकृति महिला मंडल ने बाल दिवस पर आयोजित की चित्रकला स्पर्धा

**जांजगीर,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा के आवासीय कॉलोनी में बाल दिवस पर आकृति महिला मंडल (सीनियर क्लब) द्वारा विविध कार्यक्रम कराए गए। कार्यक्रम में आकृति महिला मंडल की अध्यक्ष निवेदिता बंजारा की उपस्थिति में महिला मंडल की सदस्याओं ने पंडित जवाहर लाल नेहरू को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके कार्यों को याद किया। साथ ही महिला मंडल की पदाधिकारियों ने चाचा नेहरू के पारिवारिक सदस्यों की वेशभूषा में शामिल होकर उनकी यादों को ताजा किया। महिला मंडल द्वारा बच्चों के लिए चित्रकला स्पर्धा का आयोजन किया गया।

# बाहरी व्यक्तियों, अभ्यर्थियों, राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों का संबंधित क्षेत्र में आवागमन प्रतिबंधित

**जांजगीर,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। मतदान का सुचारू रूप से संचालन, मतदान दिवस पर कानून व्यवस्था, लोक परिशांति आपसी सद्भाव करने एवं स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने प्रतिबंधात्मक आदेश प्रसारित किया है। जिला जांजगीर चाम्पा अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 33 अकलतरा, 34 जांजगीर चाम्पा, एवं 38 पामगढ़ (अ.जा) तथा विधानसभा क्षेत्र 35 सक्ती एवं 37 जैजैपुर के आंशिक मतदान केन्द्रों में मतदान 17 नवम्बर को संपादित किया जाना है।

विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने के उद्देश्य से संपूर्ण जांजगीर चाम्पा जिले की राजस्व सीमा अंतर्गत निर्वाचन वाले क्षेत्रों में दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार बाहरी व्यक्तियों, अभ्यर्थियों, राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, चुनाव प्रचार में संलग्न कार्यकर्ता जो उस निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता नही है उन्हे निर्वाचन समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व से मतदान समाप्ति तक संबंधित क्षेत्र में आवागमन पर प्रतिबंध लगाया जाता है।

**5 से अधिक व्यक्तियों का क्षेत्र में एकत्रित होने की अनुमति नहीं**




### होटल मालिकों को ठहरने वाले व्यक्तियों की जानकारी थाना प्रभारी को

जांजगीर चाम्पा जिले के राजस्व सीमा में आने वाले सभी सराय, धर्मशालाओं, होटलों, तथा लॉज के मालिकों/प्रबंधक अपने सराय, धर्मशाला, होटल, एवं लॉज में ठहरने वाले व्यक्तियों की दैनिक जानकारी संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में तत्काल प्रस्तुत करेंगे। उक्त आदेश के उल्लंघन करने की दशा में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के अंतर्गत छः माह तक कारावास या जुर्माना या दोनों से दण्डनीय होगा।

### मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व से बन्द रहेंगी मदिरा दुकाने

जांजगीर, 15 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने विधानसभा चुनाव के तहत आगामी 17 नवंबर को होने जा रहे मतदान कार्य के मद्देनजर मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व अर्थात आज 15 नवंबर को सायं पांच बजे से 17 नवंबर (सम्पूर्ण दिवस) तक शुष्क दिवस घोषित करते हुए उक्त समयावधि में सभी प्रकार की मदिरा दुकाने आदि बंद रखने के आदेश दिए है। मतगणना तिथि 03 दिसम्बर 2023 (रविवार) को जिले के देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान जांजगीर, देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान नैला तथा प्रीमियम शॉप जांजगीर को संपूर्ण दिवस के लिये बंद रखे जाने के निर्देश दिए हैं। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 संबंधी कार्य निर्विघ्न एवं निष्पक्षतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ0ग0 के निर्देश के अनुरूप कलेक्टर एव जिला दंडाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 24 की उप-धारा (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए शुष्क दिवस घोषित किया हैं।

## लाऊड स्पीकर का उपयोग करने की अनुमति नही

किसी भी प्रत्याशी या राजनैतिक दल द्वारा सामूहिक भोज, रसोई का आयोजन नही किया जाए। अतिथि भवनों और धर्मशालों को भी सतर्कता के तहत रखा जाये ताकि यह सुनिश्चित किया जा सकें कि इन्हे राजनीतिक पार्टियों या उम्मीदवारों द्वारा मतदाताओं को किसी भी तरीके से प्रभावित करने के लिए उपयोग नही किया जाए। जिला जांजगीर चाम्पा की सीमा के अंदर किसी भी व्यक्ति, समूह या राजनीतिक, गैर राजनैतिक दलों को लाऊड स्पीकर का उपयोग करने की अनुमति नही दी जाती है। मतदान का समय समाप्त होने के 48 घंटे की अवधि के दौरान लाऊड स्पीकर का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाता है। कोई भी 5 से अधिक व्यक्तियों का क्षेत्र में एकत्रित होने की अनुमति नही दी जावेगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचरण संहिता का प्रत्येक राजनैतिक दल या अभ्यर्थी को पूर्णतः पालन करना अनिवार्य होगा। उक्त आदेश विधानसभा निर्वाचन में बाहरी सशस्त्र एवं सुरक्षा बल, निर्वाचन कार्य में लगे कर्मी व एम्बुलेंस एवं आपातकालीन सेवा पर लागू नही होगा।

## प्रेक्षक कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



जांजगीर, 15 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक सुश्री प्रीति, डॉ किरण एच कुलकर्णी, पुलिस प्रेक्षक श्री एम अर्शी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान दलों के सकुशल मतदान केन्द्रों तक पहुंचने, मतदान दलों के रूकने, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन सभी सेक्टर अधिकारी, माईक्रोआब्जर्वर, मास्टर ट्रेनर्स सहित जो निर्वाचन कार्य से जुड़े हैं वे सजग और सतर्क रहें और अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण करें। विधानसभावार ईव्हीएम वितरण स्टॉल का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रेक्षकों ने सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए पृथक-पृथक स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, निर्वाचन सामग्रियों का वितरण एवं वापसी, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा सहित अन्य गतिविधियों की तैयारियों का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मतदान दलों को 16 नवम्बर को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज से मतदान सामग्री वितरण की जाएगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री एस पी वैद्य, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, अपर कलेक्टर श्री गुड्डु लाल जगत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अनिल सोनी, सर्व रिटर्निंग अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर व एसपी के साथ सुरक्षाबलों ने किया शहर में फ्लैग मार्च

**जांजगीर,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत द्वितीय चरण के मतदान से पहले 14 नवम्बर को शाम कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी और एसपी विजय अग्रवाल ने जिला मुख्यालय में अर्धसैनिक बलों तथा स्थानीय पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च पुलिस कन्ट्रोल रूम जांजगीर से शहर जांजगीर, नैला में किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, रक्षित निरीक्षक प्रदीप जोशी सहित केंद्रीय बल एवं पुलिस के जवान भी मौजूद रहे।



जिले में अवैध शराब, अवैध राशि के खिलाफ जिला प्रशासन अभियान चला कर लगातार कार्यवाही कर रही है। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जिले सरहदी क्षेत्र में नाकेबंदी कर एफएसटी, एसएसटी दल द्वारा निरंतर सघन जांच किया जा रहा है। किसी भी स्थिति में मतदान प्रक्रिया में गड़बड़ी फैलाने वालों को कतई बक्सा नहीं जाएगा। विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए प्रशासन व पुलिस पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। कलेक्टर-एसपी ने मतदाताओं से अपील कर कहा गया कि स्वतंत्र लोकतंत्र के लिए मतदाता निष्पक्ष, निर्भीक, निडर एवं भय मुक्त होकर मतदान करें।

### अन्नकूट पर गोवंश और अन्नधन वृद्धि की गई कामना

**जांजगीर,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। दीपावली के तीसरे दिन विभिन्न मंदिरों व घरों में अन्नकूट पर्व मनाया गया। भगवान गोवर्धन की पूजा अर्चना कर अन्ना व मिष्ठानों का भोग लगाया गया। इसके बाद लोगों में प्रसाद वितरण किया गया।

कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष प्रतिपदा पर भगवान गोवर्धन की पूजा अर्चना की जाती है। पौराणिक मान्यता है कि भगवान श्री कृष्ण के कहने पर गोकुलवासियों ने इंद्रदेव की पूजा नहीं की। इससे इंद्रदेव नाराज हो गए और उन्होंने भीषण बारिश करा दी। गोकुलवासियों की रक्षा करने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को ऊंगली पर उठा लिया था। इसी दिन से गोवर्धन पूजा की जाती है। इस दिन आंगन में गोबर से गोवर्धन पर्वत व कोठी बनाकर उसमें धान, चावल, गेंहू आदि रखा जाता है, वहीं गाय, बैल आदि की भी पूजा कर गोवंश वृद्धि की कामना कर उन्हें भोजन कराया जाता है। अन्नकूट पर नैला धर्मशाला व श्री कृष्ण गौशाला में गायों को भव्य रुप से सजाया गया। उनकी पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। इसी तरह लोगों ने घरों में भी गोबर से गोवर्धन पर्वत व कोठी बनाकर उसकी पूजा अर्चना की और गाय - बैलों को भोजन कराया गया तथा गौवंश व अन्ना धन वृद्धि की कामना की। जिला मुख्यालय जांजगीर सहित कई स्थानों पर भंडारे का भी आयोजन किया गया ।

### मतदाता एपिक कार्ड के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी कर सकेंगे मतदान

**जांजगीर,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन के तहत मतदान केंद्रों में मतदाताओं को मतदान करने में सहायता हेतु दिशा-निर्देश जारी कर एपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य प्रकार के पहचान पत्रों को प्रस्तुत कर मतदान करने की सुविधा प्रदान की गयी है। मतदाता पहचान पत्र के अलावा इन 12 प्रकार के पहचान पत्रों को अपने सम्बद्ध मतदान केन्द्रों में प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं। जिसके तहत आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक अथवा डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य बीमा स्कीम के तहत जारी स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्ड, रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया द्वारा नेशनल पापुलेशन रजिस्टर के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र अथवा राज्य सरकार या पब्लिक लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों को जारी किया गया फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों को जारी किया गया शासकीय पहचान पत्र एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी युनिक नि:शक्तता पहचान पत्र (यूडीआईडी) के माध्यम से मतदान किया जा सकता है।

### प्राण घातक हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। एक राय होकर हत्या करने के नियत से धारदार चाकु से प्राण घातक हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने वाले दो आरोपी को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक लोहे का धारदार चाकू को आरोपियों के कब्जे से बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सुनील दास द्वारा अपने रुपया, आहत से मांगने पर हुए विवाद को लेकर अपने भाई एवं अन्य 2 साथी के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 307, 34 भादवि एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मामले पर पुलिस ने बताया कि 14 नवंबर को प्रार्थी संजय कुमार यादव रात्रि करीब 08.30 बजे अपने साथी के साथ गांव के डबरी ठाकुरदिया के पास बैठा था उसी समय आरोपी सुनील दास शराब के नशे में अपने भाई शनिदास एवं 02 अन्य साथी के साथ आया और बोला की तुम मेरे 200 रुपया को नही दिये हो, पैसा को दो कहकर प्रार्थी संजय कुमार यादव को एक राय होकर सभी जान से मारने की नियत से मारपीट करने लगे, और शनिदास मानिकपुरी द्वारा धारदार लोहे के चाकू से प्राणघातक हमला कर चोट पहुंचाया है। की रिपोर्ट पर आरोपीयो के विरुद्ध थाना अकलतरा में धारा 307, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

# विधानसभा निर्वाचन में बनेंगे 24 आदर्श मतदान केन्द्र

## सारंगढ़ और बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 10-10 संगवारी मतदान केन्द्र

**सारंगढ़** 15 नवंबर (देशबन्धु)। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए तैयारियां प्रशासनिक स्तर पर लगभग पूरी की जा चुकी है। जिले के सारंगढ़ और बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुल 651 मतदान केन्द्र है। इन 651 मतदान केन्द्रों में 20 संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए है। यह 20 संगवारी मतदान केन्द्र 10 सारंगढ़ विधानसभा और 10 बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में होगा। इसी प्रकार इन दोनों विधानसभा में 1-1 मतदान केन्द्र दिव्यांग और 1-1 मतदान केन्द्र युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाया जाएगा। दिव्यांग मतदान केन्द्र में सभी अधिकारी-कर्मचारी दिव्यांग होंगे इसी प्रकार युवा प्रबंधित मतदान केन्द्रों में युवा अधिकारी होंगे। इन सभी 24 मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र के रूप में तैयार किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के आदेशों के अनुपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देश पर 24 मतदान केन्द्रों का चयन कर तैयारी कर लिया गया है। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए महिलाओं, दिव्यांगों व युवाओं सहित सभी नागरिकों के लिए और अधिक समावेशी और सहभागी बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने बताया कि संगवारी मतदान केन्द्रों पर महिलाओं द्वारा ही पीठासीन अधिकारी और मतदान से संबंधित अन्य कार्यों को संपादित किया जाएगा। जिले के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में संगवारी मतदान केंद्र स्थापित किए गए है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सिद्दीकी ने बताया कि सारंगढ़ और बिलाईगढ़ विधानसभा में 10-10 संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें सभी मतदान अधिकारी महिलाएं होंगी। जिन मतदान केन्द्रों में संगवारी मतदान महिला कर्मियों द्वारा प्रबंधन के लिए चिन्हांकित किया गया है, यह मतदान केन्द्र इस प्रकार हैं। सारंगढ़ विधानसभा में मतदान केन्द्र क्रमांक-156 कन्या शा.उ.मा.शा सारंगढ़, मतदान केन्द्र क्रमांक- 243 प्रा. शा. कंचनपुर , मतदान केन्द्र क्रमांक-262 प्रा. शा. झनकपुर, मतदान केन्द्र क्रमांक- 263 कन्या प्रा. शा. बरमकेला, मतदान केन्द्र क्रमांक-265 मा. शा. खरवानी-1, मतदान केन्द्र क्रमांक- 266 मा. शा. खरवानी-2, मतदान केन्द्र क्रमांक-267 कन्या मा. शा. खरवानी-3, मतदान केन्द्र क्रमांक- 268 कन्या मा. शा. खरवानी-4, मतदान केन्द्र क्रमांक- 269 पूर्व मा. शा. लिंजिर, मतदान केन्द्र क्रमांक-272 प्रा. शा. बुदेली को संगवारी मतदान केन्द्र बनाया गया है।

इसी प्रकार बिलाईगढ़ विधानसभा में मतदान केन्द्र क्रमांक-29 शा. पूर्व मा. शा. भवन टुण्ड्री, मतदान केन्द्र क्रमांक- 43 शा. कन्या पूर्व मा. शा. पवनी, मतदान केन्द्र क्रमांक- 205 शा. पूर्व मा. शा. बिलाईगढ़, मतदान केन्द्र क्रमांक- 66 शा. उ. मा. भवन बेलटिकरी, मतदान केन्द्र क्रमांक- 173 शा. पूर्व मा. कन्या शाला भटगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक-158 शा. प्रा. शा. भवन गोपालपुर, मतदान केन्द्र क्रमांक- 148 शा. प्रा. शा. भवन भिनोदी, मतदान केन्द्र क्रमांक- 128 शा. प्रा. शाला सरसींवा, मतदान केन्द्र क्रमांक- 122 शा. प्रा. शा. भवन कोदवा, मतदान केन्द्र क्रमांक- 114 शा. पूर्व मा. शा. भवन पेण्ड्रावन को संगवारी मतदान केन्द्र बनाया गया है।




### दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केन्द्र

जिले के सारंगढ़ और बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए 1-1 दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाया गया है। इन मतदान केन्द्रों में विधानसभा सारंगढ़ के मतदान केन्द्र क्रमांक 169 स्वा. आ. अंग्रेजी स्कूल सारंगढ़ और विधानसभा क्षेत्र बिलाईगढ़ के मतदान केन्द्र क्रमांक 169 आदर्श प्रा. शाला भवन भटगाँव शामिल है।

### युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र

जिले के सारंगढ़ और बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए 1-1 युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाया गया है। इन मतदान केन्द्रों में विधानसभा क्षेत्र सारंगढ़ के मतदान केन्द्र क्रमांक-175 प्रा. शाला सहसपुर और विधानसभा बिलाईगढ़ के मतदान केन्द्र क्रमांक-199 शा. पूर्व मा. शा. भवन गोविंदवन शामिल है।

## चीन और नेपाल के बीच रिजी नाइकिओंग पोर्ट खुला

**बीजिंग।** चीन और नेपाल के बीच रिजी-नाइकिओंग पोर्ट 13 नवंबर को औपचारिक तौर पर खुल गया। यह चागंमू-कोडारी, चीलोंग-रेसोवा और फूलान-याली पोर्टों के बाद चीन और नेपाल के बीच खुलने वाल एक और भूमि पोर्ट है। रिजी-नाइकिओंग पोर्ट के खुलने से चीन और नेपाल के बीच व्यापक आदान-प्रदान और सहयोग बढ़ाया जाएगा, आर्थिक व व्यापारिक आवाजाही और लोगों के आदान-प्रदान में जीवन शक्ति का संचार होगा और विभिन्न क्षेत्रों में व्यवहारिक सहयोग की व्यापक संभावना पैदा होगी।



# इजरायली बलों ने अल-शिफा अस्पताल पर छापा मारा

## हमास आतंकवादियों की तलाश कर रही इजरायली सेना

**गजा,** 15 नवम्बर (एजेंसियां)। दर्जनों इजरायली सैन्य बलों ने बुधवार को भारी गोलीबारी के बीच गाजा शहर के अल-शिफा अस्पताल पर छापेमारी की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ को भेजे गए एक प्रेस बयान में, गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय में फार्मास्युटिकल विभाग के महानिदेशक मोनिर अल-बुर्श ने कहा, इजरायली सेना ने आधिकारिक तौर पर एक फोन कॉल कर अस्पताल को सूचित किया कि छापेमारी की जा रही है, लोगों से खिड़कियों, बालकनियों या दरवाजों के पास न जाने की मांग की गई।



समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अपनी ओर से, इजरायली सेना ने कहा कि वह खुफिया सूचना और परिचालन आवश्यकता के आधार पर अल-शिफा अस्पताल के अंदर एक विशिष्ट क्षेत्र में हमास के खिलाफ एक सटीक ऑपरेशन कर रही थी।

स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-केदरा ने कहा, ऐसा कुछ भी नहीं है जिसके लिए अस्पताल के अंदर गोली चलाने की जरूत हो क्योंकि वहां किसी भी प्रकार का प्रतिरोध नहीं है, और कब्जा करने वाले जो कर रहे हैं वह परिसर में मौजूद लोगों के लिए आतंकवाद है। अल-केदरा के अनुसार, क्षमता के आधार पर लगभग 1,500 स्टाफ सदस्य और 7,000 विस्थापित लोग वर्तमान में अस्पताल में फंसे हुए हैं। इजरायली टैंकों ने पिछले कुछ दिनों में गाजा शहर में कई अस्पतालों को घेर लिया है। उनका दावा है कि उनमें सुरंगें हैं जो हमास द्वारा इजरायली सेना के खिलाफ सैन्य अभियानों का नेतृत्व करने के अलावा अपने नेतृत्व को आश्रय देने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला आधार है। हमास और गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय दोनों ने इज़राइल के आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने इसे अस्पतालों के विनाश और मरीजों की हत्या की तैयारी में गुमराह करने तथा उकसाने का प्रयास माना है।

## इजरायल ने सीजफायर की पेशकश को खारिज किया



**तेल अवीव।** इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने पांच दिनों के युद्धविराम (सीजफायर) और बंधकों की रिहाई के हमास के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। बंधकों की रिहाई के लिए विभिन्न अरब देशों और हमास के बीच बैकचैनल बातचीत चल रही है। ऐसा कहा जा रहा है कि कतर 7 अक्टूबर को हमास द्वारा अगवा किए गए बंधकों की रिहाई के लिए प्रमुख भूमिका निभा रहा है। हमास महिलाओं और बच्चों समेत 70 बंधकों की रिहाई के लिए सहमत हुआ था और बदले में पांच दिनों का युद्धविराम चाहता है। हमास इज़रायली जेलों में बंद फ़िलिस्तीनी कैदियों को रिहा करके कैदियों की अदला-बदली भी चाहता है। हालांकि, इजरायल पक्ष ने हमास के सभी प्रस्तावों को अस्वीकार कर दिया है। इजराइल चाहता है कि सभी बंधकों को समूहों में रिहा करने के बजाय तुरंत रिहा किया जाए।

## एर्दोगन ने इजराइल को बताया 'आतंकवादी देश'



**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने इजरायल की आलोचना तेज करते हुए इसे आतंकवादी राज्य कहा और दावा किया कि वह गाजा को उसके सभी निवासियों सहित नष्ट करने का इरादा रखता है। द टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार, अपनी पार्टी के सदस्यों को दिए एक उग्र भाषण में एर्दोगन ने यह भी कहा कि उनका देश यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाएगा कि इजरायल के राजनीतिक और सैन्य नेताओं पर अंतर्राष्ट्रीय अदालतों में मुकदमा चलाया जाए। एर्दोगन कहते हैं, इजरायल एक शहर और उसके लोगों को पूरी तरह से नष्ट करने की रणनीति लागू कर रहा है। मैं खुले तौर पर कहता हूं कि इजरायल एक आतंकवादी राज्य है। तुर्की नेता हमास के आतंकवादियों को प्रतिरोध सेनानी के रूप में भी वर्णित करते हैं जो अपनी भूमि और लोगों की रक्षा करने की कोशिश कर रहे हैं।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 16 नवम्बर , 2023 कार्तिक शुक्ल पक्ष 3**

### राशिफल

मेष - आज आपको क्रोध पर संयम बरतने की सलाह दी जाती है। क्रोध के कारण आपके काम और संबंधों के बिगड़ने की आशंका है। मानसिक रूप से व्यग्रता और बेचैनी के कारण किसी काम में आपका मन नहीं लगेगा।

वृषभ - शारीरिक रूप से अस्वस्थ रहने तथा कार्य सफलता प्राप्त करने में विलंब होने से आपको निराशा हो सकती है। आज किसी नए काम का आरंभ न करें। खान-पान में उचित अनुचित का ध्यान रखें।

मिथुन - आज का दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप खुशी का अनुभव करेंगे। मित्रों और परिजनों के साथ प्रवास या पर्यटनस्थल पर घूमने-फिरने का आनंद उठा सकेंगे।

कर्क - व्यवसाय में आज का दिन लाभदायी रहेगा। कार्यालय में सहकर्मियों का सहयोग भी प्राप्त होगा। परिजनों के साथ आज आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे। मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थता का अनुभव होगा। विरोधियों पर विजय मिलेगी।

सिंह - आज रचनात्मकता और कला संबंधी प्रवृत्तियों के लिए दिन श्रेष्ठ है। विद्यार्थी अभ्यास में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पाएंगे। स्नेहीजनों और मित्रों के साथ मुलाकात होगी। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

कन्या - आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहने के संकेत हैं। शारीरिक ताजगी का आज अभाव रहेगा और मानसिक रूप से भी चिंता बनी रहेगी। पत्नी के साथ कलह का प्रसंग बन सकता है। अनबन हो सकती है।

तुला - आज का दिन आनंद में गुजरेगा। विरोधियों के समक्ष विजय का स्वाद प्राप्त कर सकेंगे। प्रत्येक काम में सफलता मिलेगी। स्वजनों के साथ भी आज भेंट होगी। मानसिक रूप से भी प्रसन्नता बनी रहेगी।

वृश्चिक - परिवार में क्लेशमुक्त वातावरण न हो, इसके लिए वाणी पर संयम रखें। आपके व्यवहार से आज किसी के मन को ठेस पहुंच सकती है। व्यवहार को भी संयमित रखें। वैचारिक नकारात्मकता से दूर रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

धनु - आज के दिन निर्धारित किए हुए कार्य पूरे होंगे। भाग्य आपका साथ देगा। शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता आपको प्रसन्न रखेगी। किसी यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। स्वजनों के मिलने से मन आनंदित रहेगा।

मकर - आज मन अस्वस्थ रहेगा। धार्मिक, सामाजिक कामों पर धन का खर्च होगा। स्वजन और मित्रों के साथ अनबन होगी। धनहानि और मानहानि का योग है। आज आध्यात्मिकता की ओर रुझान अधिक रहेगा।

कुंभ - आज हर काम में आपको लाभ मिलने के योग रहेंगे। नए काम की शुरुआत आज ना करें। व्यवसाय में विशेष लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में भी आपको लाभ मिल सकता है। संतान के साथ मेल-जोल अच्छा रहेगा। आय बढ़ेगी।

मीन - आपका आज का दिन शुभ फलदायी है। नौकरी और व्यापार में आपको सफलता मिलेगी। अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। इस बात से आपकी प्रसन्नता में भी वृद्धि होगी। व्यवसाय में उधार दिए पैसे फिर मिल सकते हैं।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## मिस्र से पहला ईंधन ट्रक गाजा भेजा गया

**काहिरा,** 15 नवम्बर (एजेंसियां)। मिस्र से लगभग 25,000 लीटर ईंधन से लदा पहला ट्रक बुधवार को गाजा पट्टी के रास्ते में रफाह क्रॉसिंग को पार कर गया। मिस्र के एक सुरक्षा सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर शिन्हुआ को बताया कि सहायता वितरण की सुविधा के लिए ईंधन को संयुक्त राष्ट्र में पहुंचाया जाएगा और इजरायली पक्ष द्वारा निरीक्षण किए बिना सीधे गाजा में प्रवेश किया जाएगा। इजिप्शियन रेड क्रिसेंट के अनुसार सात अक्टूबर को हमास और इज़राइल के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से 10 नवंबर तक मिस्र ने गाजा को 6,944 टन भोजन, चिकित्सा और मानवीय सहायता पहुंचायी है। इज़रायली आंकड़ों के अनुसार, सात अक्टूबर को हमास के नेतृत्व में अचानक किए गए हमले के जवाब में इज़रायल ने गाजा पर एक बड़ा हमला किया, जिसमें इज़रायल में लगभग 1,200 लोग मारे गए और 200 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया गया। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि दूसरे महीने से चल रहे संघर्ष ने तटीय इलाके में 11,500 से अधिक फिलिस्तीनियों को मार डाला है और लगभग 29,000 अन्य को घायल कर दिया है।

### बर्खास्त गृह सचिव सुएला ने सुनक को लिखा पत्र

## बढ़े उग्रवाद पर उचित जवाब देने में विफल रहने का आरोप लगाया



**सुनक पर विश्वासघात का आरोप भी जड़ा**

**लंदन,** 15 नवम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन की गृह सचिव पद से बर्खास्त किए जाने के एक दिन बाद सुएला ब्रेवरमैन ने प्रधानमंत्री ऋषि सुनक पर जमकर हमला बोला। उन्होंने उन पर विश्वासघात का आरोप लगाया और कहा कि वह अवैध आव्रजन को नियंत्रित करने के अपने वादों को पूरा करने या सड़कों पर बढ़े उग्रवाद पर उचित जवाब देने में विफल रहे।

उन्होंने अपने साथी भारतीय मूल के नेता को लिखे एक तीखे पत्र में कहा, आपकी योजना काम नहीं कर रही है। या तो आपकी सरकार की विशिष्ट शैली का मतलब है कि आप काम करने में असमर्थ हैं।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, विवादास्पद दक्षिणपंथी नेता ने पत्र में कहा, या, जैसा कि मुझे अब निश्चित रूप से निष्कर्ष निकालना चाहिए, आपका अपने वादे निभाने का कभी कोई इरादा नहीं था। किसी को ईमानदार होने की ज़रूरत है। आपकी योजना काम नहीं कर रही है, हमने रिकॉर्ड चुनाव हार का सामना किया है, आपका रीसेट विफल हो गया है और हमारे पास समय समाप्त हो रहा है। आपको तत्काल पाठ्यक्रम बदलने की ज़रूरत है। सोमवार को उनकी बर्खास्तगी के बाद विदेश सचिव जेम्स क्लेवरली को गृह कार्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया, जबकि पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरन ने राजनीतिक वापसी करते हुए अपनी भूमिका में कदम रखा।

## घाना के राष्ट्रपति ने दास व्यापार पर अफ्रीका के लिए क्षतिपूर्ति का आह्वान किया



**अकरा क्षतिपूर्ति सम्मेलन के उद्घाटन पर की अपील**

**अकरा,** 15 नवम्बर (एजेंसियां)। घाना के राष्ट्रपति नाना एडो डंकवा अकुफो-एडो ने मंगलवार को महाद्वीप पर ट्रांस-अटलांटिक दास व्यापार के प्रभावों पर अफ्रीका के लिए क्षतिपूर्ति का आह्वान किया।

श्री एडो ने राजधानी अकरा में अकरा क्षतिपूर्ति सम्मेलन के उद्घाटन पर यह अपील की और इन क्षतिपूर्तियों को लंबे समय से लंबित बताया। उन्होंने कहा, 'दास व्यापार के प्रभाव महाद्वीप और अफ्रीकी प्रवासियों के लिए विनाशकारी रहे हैं। गुलामी की पूरी अवधि का मतलब था कि आर्थिक, सांस्कृतिक और मनोवैज्ञानिक रूप से हमारी प्रगति अवरुद्ध हो गई थी।' श्री एडो ने सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र में अपने संबोधन में क्षतिपूर्ति का मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा, यह अफ्रीका के उन दो करोड़ बेटों और बेटियों के लिए समय है जिनकी आज़ादी छीन ली गई और उन्हें गुलामी के लिए बेच दिया गया, साथ ही मुआवज़ा पाने का भी समय आ गया है। इस चार दिवसीय कार्यक्रम में न्याय के मुद्दे को आगे बढ़ाने और अफ्रीकियों को मुआवजे के भुगतान के लिए एक संयुक्त मोर्चा बनाने के विषय पर, विद्वानों, कानूनी विशेषज्ञों और नागरिक समाज संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ कई अफ्रीकी राष्ट्राध्यक्षों और सरकार को एक साथ लाया गया।

## मूसलाधार बारिश ने मध्य वियतनाम में तबाही मचाई

**हनोई,** 15 नवम्बर (एजेंसियां)। वियतनाम के मध्य क्षेत्र में इस सप्ताह की शुरुआत से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण तीन लोग लापता हो गए हैं। प्राकृतिक आपदा निवारण और नियंत्रण पर देश की राष्ट्रीय संचालन समिति की बुधवार को नवीनतम रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। वियतनाम समाचार की रिपोर्ट के अनुसार, सैन्य बलों, पुलिस और स्थानीय बाढ़ और तूफान रोकथाम टीमों सहित लगभग 40 लोगों को एक लापता जोड़े की तलाश के लिए लगाया गया है। इनके बारे अनुमान है कि वे क्वांग त्रि प्रांत के हुआंग होआ जिले में बाढ़ के पानी में बह गए हैं। वे बकरियों की तलाश में गए थे लेकिन न्गुओन राव तेज बारिश के कारण घर नहीं लौट पाये। विन्ह लिन्ह जिले का एक अन्य व्यक्ति ला नगा सिंचाई झील में मछली पकड़ने के दौरान लापता हो गया। क्षेत्र में उनके निजी सामान की खोज की गई। क्वांग ट्राई प्रांत और दा नांग शहर में 1,300 से अधिक घरों में बाढ़ आ गई। बारिश के कारण पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन, निचले इलाकों में बाढ़ और कई सड़कों के अलग-थलग होने का खतरा भी पैदा हो गया है। सामान्य सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार इस वर्ष के पहले 10 महीनों में वियतनाम में प्राकृतिक आपदाओं में 136 लोग मारे गए या लापता हो गए, और 130 अन्य घायल हो गए।

## आज का इतिहास

1821–मैक्सिको की स्वतंत्रता को मान्यता मिली।
1908–जनरल मोटर्स निगम की स्थापना की गई।
1915–प्रसिद्ध भारतीय क्रांतिकारी करतार सिंह सराभा का निधन।
1931–भारतीय क्रिकेट अंपायर आर रामचंद्र राव का जन्म।
1947–टोक्यो के सईतामा में चक्रवाती तूफान कैथलीन से 1,930 लोगों की मौत हो गई।
1973–भारत के प्रसिद्ध शटलर खिलाड़ी पुलेला गोपीचंद का जन्म।
1975–पापुआ न्यू गिनी ने आस्ट्रेलिया से स्वतंत्रता हासिल की।
1995–भारतीय मूल के वासुदेव पाण्डे त्रिनिदाद एवं टौबेगो के प्रधानमंत्री बने।
1997–चीन के लोकतंत्र समर्थक नेता जिंग शेंग 18 वर्ष बाद रिहा किये गए।
1998–कनाडा ने अपना यहाँ नागरिकता क़ानून को सख्त बनाया।
2000–रूस द्वारा अंतरिक्ष केन्द्र मीर को डुबाने का फैसला।
2001–अफ़ग़ानिस्तान हेतु संयुक्त राष्ट्र के 21 सदस्यीय दल में भारत शामिल।
2002–मुशर्रफ़ ने पांच साल के दूसरे कार्यकाल के लिए राष्टपति पद की शपथ ली।
2006–पाकिस्तान ने मध्यम दूरी के गौरी-पांच मिसाइल का सफल परीक्षण किया।
2007–बंगाल की खाड़ी से उठे भीषण चक्रवाती तूफ़ान %सीडर% ने बंगलादेश में भीषण तबाही मचाई।
2008–स्टेट बैंक की हेवरा के 58 लाख रुपये की कर्ज़ माफ़ की।
2013–मुंबई में सचिन तेंदुलकर के क्रिकेट से संन्यास लेने के संकल्प के बाद ही भारत सरकार ने भी देश के सबसे बड़े नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की आधिकारिक घोषणा कर दी। 40 वर्ष की आयु में इस सम्मान को प्राप्त करने वाले वह सबसे कम उम्र के व्यक्ति और सर्वप्रथम खिलाड़ी हैं।

### कूटनीति

### अमेरिका चीन से 'अलग होने' की कोशिश नहीं कर रहा : बाइडेन

## चीन के साथ संबंधों में सुधार चाहता है अमेरिका

**वाशिंगटन, 15 नवंबर (एजेंसियां)। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ शिखर सम्मेलन से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन से 'अलग होने' की कोशिश नहीं कर रही है, बल्कि अपने मुखर प्रतिद्वंद्वी के साथ बेहतर संबंध बना रही है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को की गई बाइडेन की यह टिप्पणी स्पष्ट रूप से एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग मंच के इतर बुधवार को सैन फ्रांसिस्को में चीनी राष्ट्रपति के साथ होने वाले शिखर सम्मेलन से पहले एक सौहार्दपूर्ण माहौल तैयार करने की कोशिश है।**

जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयासों पर एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान बाइडेन ने कहा, जैसा कि मैंने आपको बताया, हम चीन से अलग होने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। हम रिश्ते को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि वह शी के साथ आगामी शिखर सम्मेलन में सफलता को कैसे परिभाषित करेंगे, बाइडेन ने कहा कि इसका मतलब द्विपक्षीय संचार सामान्य बनाना होगा। उन्होंने कहा, स्थिति सामान्य बनाना, ताकि संकट के समय हम एक-दूसरे के फोन उठायें और बात करें, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारी सेनाएं अभी भी एक-दूसरे के साथ संपर्क में हैं। संवाददाता सम्मेलन में बाइडेन ने चीन की व्यापार नीतियों के खिलाफ अपना पक्ष भी रखा। उन्होंने कहा, मैं उन स्थितियों का समर्थन नहीं करूँगा जिसमें अगर हम चीन में निवेश करना चाहते हैं, तो हमें अपने सभी व्यापार रहस्यों को जाहिर करना होगा। हाल के महीनों में, जलवायु परिवर्तन, सार्वजनिक स्वास्थ्य, वैश्विक सुरक्षा खतरों और अन्य चुनौतियों पर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्राप्त करने के प्रयासों के बीच वाशिंगटन ने चीन के साथ संबंधों को जोखिम मुक्त करने के मंत्र पर ज़ोर दिया है।



## चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग सैन फ्रांसिस्को पहुंचे

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग 14 नवंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ चीन-अमेरिका शिखर सम्मेलन के लिए अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को पहुंचे। सैन फ्रांसिस्को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनके आगमन पर कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसोम और अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन सहित अमेरिकी प्रतिनिधियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अपनी यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति शी एपेक सदस्यों के 30वें अनौपचारिक शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे।

## सुडोकू 6377


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 8 | | | |
| | | 8 | 3 | | | | | |
| | 5 | 9 | | | | | 3 | |
| | | 7 | 8 | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | 1 | | 5 | | | 3 |
| | 1 | | 6 | | 7 | 4 | | |
| | 2 | | | | | 9 | 8 | |
| | | | | | 6 | 1 | | |
| | | | 7 | | | 3 | | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6377




**बायें से दायें:-**

१. विष्णु की माला, झंडा, चिह्न, विजय माल
३. पारा
५. रचना बनाना, उत्पादन
६. सूर्य पुत्री, यमुना
७. मूर्ख, नादान, अविवेकी (उर्दू)
९. सहायता (उर्दू)
१०. झुका हुआ, मिटा हुआ, पिछड़ा हुआ, विनीत
१२. पाचन शक्ति (उर्दू)
१३. कोमल, नरम
१४. बूढ़ा आदमी
१६. एकटक देखना
१८. शीतल और मंद वायु
२०. राजा समर के साठ हजार पुत्रों का शाप देकर भस्म कर देने वाले एक मुनि, भूरा, बादामी
२१. बुद्धिमानी
२३. अंधकार को दूर करने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. पृथ्वी और यमलोक के बीच एक पौराणिक नदी
२. मंत्रयोग से बंधा हुआ, ताला लगाया हुआ, जकड़ा या बंद किया हुआ
३. युद्ध भूमि में होनेवाली आवाज़
४. चार दिशाओं में से एक
५. धन, सुख स्वादिष्ट भोजन, ईश्वर की देन (उर्दू)
८. बेकार काम करना, वक्त बर्बाद करना (मुहावरा)
१०. अपवित्र, नापाक
११. कमल
१२. स्थिति, दशा (उर्दू)
१३. शिकार, आखेट
१४. वर्षा करने वाला मेघ
१५. अज्ञानता (उर्दू)
१७. भैस का नर बच्चा
१८. वृद्धि करना
१९. रचनाकार
२२. गन्ना

### वर्ग पहेली-6376



युसूफ कुरेशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6377 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 2 | 9 | 7 | 8 | 5 | 6 | 4 |
| 6 | 7 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 | 9 |
| 4 | 5 | 9 | 2 | 6 | 1 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 9 | 7 | 8 | 4 | 2 | 6 | 5 | 1 |
| 8 | 6 | 4 | 1 | 9 | 5 | 7 | 2 | 3 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 1 | 3 | 9 | 8 | 5 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 1 | 7 | 2 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 9 | 3 | 4 | 6 |

### दुनिया को जानें

## न्यूयॉर्क के पब्लिक स्कूलों में अब से दिवाली पर रहेगी छुट्टी

**न्यूयॉर्क,** 15 नवम्बर (एजेंसियां)। पब्लिक स्कूलों में दिवाली की छुट्टी को लेकर न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने बुधवार को छुट्टी वाले ऐतिहासिक कानून पर हस्ताक्षर किए। कानून के अनुसार शहर के सभी पब्लिक स्कूल प्रत्येक वर्ष भारतीय कैलेंडर के आठवें महीने के 15वें दिन, जिसे दिवाली के रूप में जाना जाता है, उस दिन बंद रहेंगे। गवर्नर होचुल ने एक प्रेस बयान में कहा, न्यूयॉर्क शहर विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों से समृद्ध है और हम स्कूल कैलेंडर में इस विविधता को पहचानने और मनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा, दिवाली को न्यूयॉर्क शहर के स्कूल में छुट्टी घोषित करने का यह कानून हमारे बच्चों के लिए दुनिया भर की परंपराओं के बारे में जानने और उन्हें मनाने का एक अवसर है। दिवाली समारोह के दौरान फ्लशिंग में उत्तरी अमेरिका की हिंदू टेम्पल सोसाइटी में एक विशेष स्वागत समारोह के दौरान इस कानून पर हस्ताक्षर किए गए। होचुल ने एक्स पर लिखा, मेरा मानना है कि रोशनी का उत्सव अंधेरे में नहीं मनाया जाना चाहिए।

# भू-माफिया सेठ जी नहीं, भूमि पुत्र लखन को जिताकर विधानसभा में भेजें

## केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा- छत्तीसगढ़ में कमल फूल की बन रही है सरकार



**कोरबा,** 15 नवंबर (देशबन्धु)। गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को कोरबा विधानसभा क्षेत्र के घंटाघर ओपन थिएटर मैदान में भाजपा की चुनावी सभा को संबोधित किया। कोरबा विधानसभा से प्रत्याशी लखनलाल देवांगन के पक्ष में अमित शाह ने मतदान करने की अपील करते हुए उन्हें कोरबा का विधायक और छत्तीसगढ़ में कमल फूल की सरकार बनाने का आह्वान किया।

अमित शाह ने उपस्थित जनसमूह से कहा कि लखन देवांगन को यहां का विधायक बनाकर विधानसभा में भेजिए इनका भविष्य बहुत उज्जवल है। कांग्रेस प्रत्याशी का नाम लिए बगैर भू-माफिया व सेठजी संबोधित कर व लखनलाल देवांगन को भूमि पुत्र बताते हुए अमित शाह ने कहा कि सेठजी और भू-माफिया के बीच में से आपको चुनाव करना है। लखन लाल ने पूरा जीवन कोरबा के विकास और गरीबों के कल्याण के लिए लगा दिया। जब हम सेठ जी के खिलाफ लखनलाल को टिकट दे रहे थे तब कुछ पत्रकारों ने कहा था कि सेठ जी का मुकाबला लखनलाल कैसे कर पाएंगे लेकिन कोरबा वाले अपने सामान्य भाई का साथ दे रहे हैं, भू-माफिया सेठ जी का नहीं।

अमित शाह ने कहा कि भू-माफिया सेठजी ने विधायक और ठेकेदार बनकर ढेर सारे घोटाले किए हैं। राजस्व मंत्री बनने के बाद इनके घोटाले का दायरा कोरबा से पूरे छत्तीसगढ़ में बढ़ गया। अमित शाह ने कहा कि कोरबा में मेडिकल कॉलेज को ये रोकने का प्रयास किए लेकिन भला हो मोदी जी का, जिन्होंने कोरबा में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ कराया और कोरबावासियों को मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली है।

गृहमंत्री अमित शाह ने लखनलाल देवांगन को विजयी बनाने के लिए आह्वान कर कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार प्रचंड मतों से बनने जा रही है।

इससे पहले आम सभा में पहुंचे गृहमंत्री का महामाला से स्वागत किया गया। इस दौरान कोरबा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन, रामपुर प्रत्याशी व पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जोगेश लाम्बा, कोरबा लोकसभा सह प्रभारी गोपाल साहू, लखन के चुनाव संचालक अशोक चावलानी, आम सभा प्रभारी विकास महतो, जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, कोषाध्यक्ष गोपाल मोदी, वरिष्ठ नेता देवेन्द्र पाण्डेय, पूर्व महामंत्री नवीन पटेल, उमा भारती सराफ, संतोष देवांगन आदि उपस्थित थे।

### रानी धनराज कुंवर को याद किया

अमित शाह ने अपने उद्‌बोधन की शुरुआत मेरे जिगर के टुकड़े युवाओं को नमस्कार के संबोधन से किया। ब्रिटिश गवर्नर जनरल से कोरबा को बचाने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ने वाली रानी धनराज कुंवर देवी और ऊर्जाधानी की धरती को प्रणाम करते हुए श्री शाह ने अपने बात की शुरुआत की। कोरबा को मिले इस सम्मान से उपस्थित जनसमूह गद्‌गद्‌ नजर आया।

### सरकार बनाएं, नक्सलवाद का सफाया करेंगे

अमित शाह ने कहा कि 5 साल के लिए कमल फूल की सरकार बनाएं, छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का सफाया कर देंगे। हमारी नीति और नीयत साफ है। वे लोग आदिवासी की बात करते हैं लेकिन 7 साल में कभी किसी आदिवासी को राष्ट्रपति नहीं बनाया, लेकिन बीजेपी ने एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाया। हमने आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन की रक्षा के साथ सुरक्षा, सम्मान और समावेशी विकास किया है। जबकि भूपेश बघेल न आदिवासी, न पिछड़ा वर्ग और न गरीब की सोचते हैं बल्कि इनके नाम पर हजारों करोड़ रुपए का घोटाला किया है।

### तीन दीपावली मनाएगी जनता

गृहमंत्री ने कहा कि इस साल जनता तीन दीपावली मना रही है। पहला कुछ दिन पहले मनाया और दूसरा 3 दिसंबर को जब कमल फूल की सरकार बनेगी तब दीपावली मनाएंगे और तीसरी दीपावली 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन मनायी जाएगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी की गारंटी मोदी की गारंटी है। 3 दिसंबर को बीजेपी की सरकार बनाएं, हम बारी-बारी से अयोध्या में रामलला के दर्शन सबको कराएंगे।

# 915 लीटर अवैध महुआ शराब व निर्माण करने वाले यंत्र,बर्तन जब्त

## जंगल का फायदा उठाकर आरोपीगण मौके से फरार

**बिलासपुर,** 15 नवंबर ( देशबन्धु )। पुलिस अधीक्षक महोदय बिलासपुर संतोष सिंह के द्वारा बिलासपुर जिले में निजात अभियान चलाया जा रहा है। निजात अभियान के अंतर्गत नशामुक्ति हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमति अर्चना झा एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में थाना कोटा में अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है इसी परिप्रेक्ष्य में 15.11.2023 को दोपहर थाना प्रभारी कोटा टी. एस.नवरंग को सूचना मिला की ग्राम धनुहारपारा बिल्लीबंद जंगल में भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बनाया जा रहा है। सूचना पर कोटा थाना प्रभारी द्वारा पुलिस टीम के साथ ग्राम धनुहारपारा बिल्लीबंद जंगल में रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपीगण जंगल का फायदा उठाकर मौके से भाग गए। जंगल में भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब मिलने पर गवाहों के समक्ष कुल 915 लीटर महुआ शराब कीमती करीबन 91500 को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया तथा इसके साथ ही साथ 08 नग शराब बनाने वाले यंत्र एवं बर्तन मिले जिसे जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है। मामले में फरार आरोपीगणों का पता तलाश विवेचना जारी है।



उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी टी.एस.नवरंग,स.उ.नि. ओमकार बंजारे, आरक्षक भोप साहू, संजय श्याम, खेंमंत पाल, चंदन मानिकपुरी, रवि श्रीवास म.आर. योगिता का सराहनीय योगदान है।

# प्लास्टिक की बोरियों में भरा 2173 नग शराब जब्त

## आबकारी विभाग की छापामार कार्रवाई

**बिलासपुर,** 15 नवंबर ( देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा अवैध शराब पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश प्रसारित किए गए है। इसी क्रम में बिलासपुर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर जिले में मदिरा के अवैध आसवन, धारण, विक्रय तथा परिवहन के विरूद्ध विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी तारतम्य मेंजिले के ग्राम बिल्हा क्षेत्र के गैस गोदाम में बिल्हा तहसीलदार, एफएसटी बिल्हा थाना बिल्हा एवं आबकारी टीम द्वारा जांच किया। जिले के सकरी बाईपास रोड में तखतपुर नायब तहसीलदार, एफ.एस.टी. टीम 2 तखतपुर से प्राप्त सूचना पर थाना तखतपुर, थाना सकरी तथा आबकारी टीम द्वारा दिनांक 15.11.2023 को बिलासपुर सकरी बाईपास रोड पर अवैध मदिरा के संग्रहण संबंधी शिकायत प्राप्त होने पर छापामार कार्यवाही की गयी। अजमानतीय प्रकरण-01 उक्त कार्यवाही में अज्ञात घटना स्थल सकरी बाईपास रोड के करीब थाना सकरी से प्लास्टिक की बोरियों में भरा 2173 नग प्रत्येक में 180 एम.एल. कुल 391.14 लीटर देशी मदिरा प्लेन जप्त किया जाकर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) 34(2) 59(क) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



इस प्रकार जिला बिलासपुर में आबकारी विभाग द्वारा दिनांक 15.11.2023 को धारा 34(1)(क) 34(2) 59(क) के तहत कुल 01 प्रकरणों में 391.14 लीटर देशी मदिरा प्लेन, बाजार मूल्य 164278.8/-जप्त कर कार्यवाही किया गया। अवैध शराब के विरूद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का सांची स्टेशन में अस्थायी ठहराव

**बिलासपुर,** 15 नवंबर ( देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा सांची स्तूप में आयोजित होने वाली 71वां चेतियागिरि विहार महोत्सव में आने जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 18237/18238 कोरबा-अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का 02 मिनट का अस्थायी ठहराव पश्चिम मध्य रेलवे के सांची स्टेशन में 02 दिनों के लिए दिया जा रहा है । 24 व 25 नवम्बर 2023 को कोरबा एवं अमृतसर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18237/18238 कोरबा-अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस सांची स्टेशन में रुकेगी। गाड़ी संख्या 18237 कोरबा-अमृतसर एक्सप्रेस, सांची स्टेशन 06.42 बजे पहुंचेगी तथा 06.44 बजे रवाना होगी 7 इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18238 अमृतसर-बिलासपुर एक्सप्रेस, सांची स्टेशन 17.10 बजे पहुंचेगी तथा 17.12 बजे रवाना होगी।

# 15 लाख 73 हजार 905 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

**बिलासपुर,** 15 नवंबर ( देशबन्धु)। 17 नवंबर को छत्तीसगढ़ के 70 विधानसभा सहित बिलासपुर जिले के छह विधानसभा सीटों के लिए मतदान होगा है। जिले के 15 लाख 73 हजार 905 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिले के छह विधानसभा में से तीन क्षेत्र बिल्हा,बिलासपुर और बेलतरा में उम्मीदवारों की संख्या 16 से अधिक होने के कारण दो-दो वीवीपैट मशीन लगेगी। चुनाव आयोग ने खर्च की दृष्टि से बिल्हा और बिलासपुर विधानसभा सीट को संवेदनशील माना है। लिहाजा इन दोनों सीट पर पर्यवेक्षकों की नजरें भी लगी रहेंगी।

जिले की छह विधानसभा क्षेत्रों में से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10-10 संगवारी मतदान केन्द्र एक-एक दिव्यांग मतदान केन्द्र एवं एक-एक युवा मतदान केन्द्र बनाए गए है। प्रत्येक विधानसभा के उपरोक्त 12 मतदान केन्द्रों में से पांच मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्रों के रूप में चिन्हांकित किया गया है। जिले में दिनांक 14.नवंबर.2023 की स्थिति में कुल 545 मतदाताओं (80 आयुवर्ग एवं दिव्यांग) को घर-घर जाकर डाकमतपत्र



के माध्यम से मतदान कराया जा चुका है । इसके अतिरिक्त निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारियों कर्मचारियों के सुविधा केन्द्रों में कुल 5355 डाकमतपत्र प्राप्त हो चुके हैं साथ ही सेवा मतदाताओं की 32 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं। डाकमतपत्रों की संख्या आजतलक 5932 है। जिले में निर्वाचन संपन्न कराने हेतु कुल 6036 मतदान कार्मिक एवं रिजर्व 1509 इस प्रकार कुल 7545 कर्मी नियुक्त हैं।

जो शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन कराने हेतु दिनांक 16.11.2023 को मतदान केन्द्रों हेतु रवाना होंगे । सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में निर्धारित मतदान केन्द्रों में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन हेतु सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं । 17 नवम्बर 2023 को मतदान केन्द्रों मे निर्वाचन के लिए मतदान दलों के अलावा 138 सेक्टर अफसर बनाए गये हैं जो प्रत्येक दो घंटे में मतदान प्रतिशत की जानकारी अपने रिटर्निंग अफसर को उपलब्ध कराएंगे।

प्रत्येक मतदान केन्द्र में वोटर असिस्टेंट बूथ में बीएलओ अल्फाबेटिकल मतदाता सूची के साथ उपस्थित रहेंगे तथा मतदाताओं को उनका नाम एवं सरल क्रमांक खोजे जाने हेतु उनकी मदद करेंगे ।

# आचार सेंहिता में करोड़ो के जेवर समेत तीन करोड़ के ाामान जब्त

**बिलासपुर,** 15 नवंबर ( देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस और जिला निर्वाचन की टीम अलग-अलग जगहों पर पाइंट लगाकर संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही है। टीम ने अब तक करीब एक किलो सोना, 25 किलो चांदी समेत तीन करोड़ 37 लाख के सामान और नकद जब्त किया है। पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले यह तीन सौ गुना से अधिक है।

एसपी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाता निडर और निष्पक्ष चुनाव डाल सके इसके लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही अलग-अलग जगहों पर पाइंट लगाकर जांच की जा रही है। पुलिस की टीम ने अब तक 228 मामले दर्ज किए हैं। इसमें 25 मामलों में एक करोड़ 19 लाख 21 हजार रुपये नकद जब्त किए गए हैं।

आबकारी एक्ट के 172 मामले दर्ज किए गए हैं। इसमें 14 हजार लीटर से अधिक शराब जब्त की गई है। पुलिस ने 76 किलो गांजा जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के 13 मामले दर्ज किया है। पुलिस की उड़नदस्ता टीम और पाइंट पर तैनात जवानों ने अलग-अलग जगहों पर घेराबंदी कर अब तक नौ सौ ग्राम से अधिक सोना और 25 किलो से अधिक चांदी की जब्ती की है।

# भूपेश सरकार समाज के सभी वर्गे के लिए योजनाएं लाए है-फूलो देवी

## महिलाओं पर विशेष फोकस किया गया

**बिलासपुर,** 15 नवंबर ( देशबन्धु)। राज्य सभा सांसद और छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती फूलो देवी नेताम ने आज 15 नवम्बर को कांग्रेस भवन में प्रेस को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार समाज के सभी वर्गो के लिए योजनाएं लाई ।

साथ ही समाज की आधी आबादी का विशेष ध्यान रखते हुए महिलाओ के उत्थान के लिए अनेक योजनाओ को मूर्त रूप दिया , आगामी विधानसभा चुनाव के घोषणापत्र में महिलाओं के लिए विशेष फोकस किया गया है ,क्योकि आर्थिक समस्याओं से ,महंगाई से सबसे ज्यादा परेशान महिलाएं ही होती है ,इस घोषणापत्र में कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ गृह लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओ को प्रति वर्ष 15000 रुपये देगी ,महिलाओ को सशक्त और स्वालम्बी बनाने के उद्देश्य से महतारी न्याय योजना के तहत सस्ती




गैस जिसमे 500 रुपये की सब्सिडी प्रति सिलेंडर,10 लाख रुपये तक फ्री स्वस्थ सुविधा,शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कदम उठाते हुए कांग्रेस ने केजी से लेकर पीजी तक फ्री शिक्षा जिसमे मेडिकल और इंजीनियरिंग के साथ साथ सभी तकनीकी शिक्षा भी शामिल है मतलब पूरे छत्तीसगढ़ में फ्री शिक्षा दी जाएगी,स्व सहायता समूहों की ऋष्ण माफी,200 यूनिट तक बिजली फ्री ,यह घोषणापत्र महिलाओ को महंगाई आदि से निजात दिलाने में कारगर साबित होगा।

फूलो देवी नेताम ने कहा कि भूपेश सरकार ने 2018 की घोषणापत्र के अनुरूप महिलाओ को विशेष लाभ पहुंचाया है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,सहायिकाओं के मानदेय को 10000 रुपयेकी वृद्धि कर उन्हें फौरी राहत देने की कोशिश की है ,दाई-दीदी क्लिनिक के माध्यम से मोबाइल स्वास्थ्यसेवा चल रहा है,

गरीब महिलाओ को खून की कमी से जूझना पड़ता है जिसके लिए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान में एक वर्ष में 1.5 लाख महिलाएं एनीमिया मुक्त हुई है ।

उद्यमी ,महिलाओ को उद्योग के लिए 10-50 लाख तक कि आर्थिक सहायता दी गई ,स्व सहायता समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुओ की बिक्री के लिए सीजी मार्ट खोले गए ताकि उन्हें उनका मूल्य मिल सके,रीपा के माध्यम से 1.5 लाख से अधिक महिलाओ को रोजगार उपलब्ध कराया गया है।बीसी सखी योजना के अंतर्गत 3500 महिलाओ को रोजगार दिया गया है,डीएमएफ नीति निर्माण के लिए ग्रामीण क्षेत्रो में महिलाओं को 50त्न आरक्षण दिया गया है,राज्य महिला आयोग के बजट में 5 गुना की वृद्धि की गई है। साथ ही पूर्व में संचालित योजनाएं सतत जारी रहेगी। प्रेसवार्ता में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, प्रवक्ता ऋषि पांडेय,महिला अध्यक्ष पिंकी बतरा सहित अन्य उपस्थित थे।

# यात्रियों को बेहतर व आरामदायक यात्रा देने के लिए प्रतिबद्ध दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

## त्योहारों के मौसम के यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुये दो छठ स्पेशल ट्रेन चलाने का लिया गया निर्णय

## भीड़ भाड़ के प्रबंधन के लिए आरपीएफ़ एवं वाणिज्य विभाग सहित अन्य रेलकर्मी तैनात

## सीसीटीवी से की जा रही है रियल टाइम मॉनिटरिंग

**बिलासपुर,** 15 नवंबर ( देशबन्धु)। देश की जीवन रेखा भारतीय रेल न केवल लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचाती है बल्कि देश की एकता और अखंडता की भावना को भी मजबूत करती है । छुट्टियों का समय हो या त्योहारों का मौसम, मूसलाधार बरसात हो या चिलचिलाती धूप भारतीय रेल सदैव गतिशील रहती है । मैदानों से लेकर रेगिस्तानों तक, कश्मीर की वादियों से कन्याकुमारी के समुन्द्र तटों तक इसका विस्तृत नेटवर्क प्रतिदिन करोड़ों लोगों को उनके गंतव्यों का पहुंचाती है ।

इस त्योहार के मौसम में पूरे देश में लगभग 1700 पूजा स्पेशल ट्रेनों के माध्यम से 26 लाख बर्थ उपलब्ध कराई गई हैं जो एक रिकॉर्ड संख्या है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से छठ पूजा के के दौरान यात्रियों की अधिक संख्या को देखते हुये पटना के लिए 2 स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है । इससे लगभग 3000 से अधिक यात्रियों को त्योहार के अवसर पर अपने गंतव्य पर जाने की सुविधा प्राप्त होगी । यात्रियों की सुविधा को ध्यान में



रखते हुए वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं इस वर्ष के अप्रैल से अब तक विभिन्न ट्रेनों में 78 कोच स्थायी रूप से व 2550 कोच अस्थायी रूप से लगाए गए, जिससे 1 लाख 80 हजार से अधिक यात्रियों को कनफर्म बर्थ की सुविधा मिली ।

भीड़ भाड़ के प्रबंधन के लिए सभी प्रमुख और महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण की विस्तृत व्यवस्था की गई है । भीड़ को व्यवस्थित तरीके से प्रबंधन करने के लिए अधिकारी इसका निगरानी कर रहे हैं । रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के कर्मचारियों को फुट-ओवर ब्रिज पर तैनात किया गया है। भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर कड़ी नजर रखने और यात्रियों को वास्तविक समय पर सहायता प्रदान करने के लिए सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष में कुशल आरपीएफ कर्मचारियों को तैनात किया गया है। ट्रेनों के प्रारम्भ वाले स्टेशनों पर सामान्य डिब्बों में प्रवेश के लिए कतार प्रणाली अपनाने की व्यवस्था की गई है ।

ट्रेनों/कोचों के संबंध में उचित घोषणा समय पर सुनिश्चित की जाती है ताकि यात्रियों को जनरल कोचों के स्थान और उस प्लेटफॉर्म के बारे में पता चल सके जहां से ट्रेनें प्रस्थान करेंगी । विशेष रूप से लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रा करने वाली महिला यात्रियों को वास्तविक समय सहायता प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण ट्रेनों में मिश्रित एस्कॉर्ट तैनात किए जाते हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त बुकिंग विंडो खोली गई हैं तथा यात्रियों को ऑनलाइन या मोबाइल के माध्यम से यूटीएस एप से बिना कतार में खड़े हुये टिकिट लेने के लिए दिशा निर्देश और सहायता की जा रही है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्रियों को बेहतर एवं आरामदायक यात्रा अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध है ।

NECC

| 16.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 540 | 80 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 95 | 195 |

डिलीवरी 555 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188